हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं रांची से प्रकाशित



Page 11 खेल



पांच महीने में हुई 5 बड़ी फजीहत : गौतम गंभीर की कोचिंग में नहीं दिख रहा स्वैग...

Page 10 देश



राज्य के चारधामों की शीतकालीन यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं को जीएमवीएन...



शुक्ल पक्ष, अश्विनी, विक्रम संवत् 2081

• औरंगाबाद • बुधवार • 11 दिसम्बर 2024 • वर्ष 27 • अंक 04 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00


## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
|  |  |
| ₹78,600 | ₹96,500 |

## आज का इतिहास

- **1967 :** पश्चिम भारत में 6.5 की तीव्रता वाले भूकंप से 170 लोगों की मौत हुई।
- **2011 :** भारत रत्न और पद्मविभूषण से नवाजे गये मशहूर सितार वादक पंडित रविशंकर का निधन हुआ।

## न्यूज बाइट्स

### धनखड़ के खिलाफ इंडिया समूह का अविश्वास प्रस्ताव

**नई दिल्ली (ए.)।** इंडिया समूह ने राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाकर इसे राज्यसभा महासचिव को सौंप दिया है। इंडिया समूह की तरफ से कहा गया है कि यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण फैसला है, जो मजबूरी में लिया गया है। राज्यसभा के सभापति का व्यवहार बहुत ही पक्षपातपूर्ण रहा है। कांग्रेस सूत्रों ने बताया कि सदस्यों ने सदन में भी सभापति को कहा कि पक्षपातपूर्ण व्यवहार किया जा रहा है। उनका कहना था कि गठबंधन के विभिन्न दलों के नेताओं का इस संबंध में एक ही रुख था, इसलिए प्रस्ताव लाया गया है। यह पूछने पर कि कितने सदस्यों ने प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किए हैं, उन्होंने कुछ नहीं बताया लेकिन कहा कि यह निर्णय मजबूरी में लेना पड़ा है।

### 15 दिसंबर से तेजस्वी की यात्रा का चौथा चरण

**पटना (नि.सं.)।** आरजेडी नेता और पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव 15 दिसंबर से कार्यकर्ता दर्शन यात्रा के चौथे चरण का आगाज करेंगे, जो 22 दिसंबर तक चलेगी। इसके पहले तीसरे चरण की यात्रा के दौरान जमुई में रहने के दौरान झारखंड विधानसभा चुनाव और बिहार में चार विधानसभा सीटों के उपचुनाव की घोषणा होने के कारण यात्रा स्थगित कर दी गयी थी। वहां यात्रा को रोक कर वे रांची के लिए रवाना हो गए थे।

### दिल्ली में डिनर पर जुटेंगे बिहार एनडीए के नेता

**नई दिल्ली (ए.)।** जेडीयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा के आवास पर बिहार एनडीए के नेता डिनर के लिए आज जुटेंगे। डिनर में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी शामिल होंगे। इस दौरान जेडीयू, बीजेपी, लोजपा(रा.) के सभी सांसद, केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी और राज्यसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा भी मौजूद रहेंगे।

### पार्कों और चिड़ियाघर में क्रिसमस को लेकर तैयारियां शुरू

**पटना (ए.)।** क्रिसमस को आने में अभी कुछ ही दिन बचे हैं। इसे लेकर पार्कों और चिड़ियाघर ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। कई जगह नए पौधे लगाए जा रहे हैं तो कहीं रंग बिरंगे फूल शोभा बढ़ा रहे हैं। राजधानी वाटिका के रेंज ऑफिसर मनोज कुमार ने बताया कि क्रिसमस को लेकर हम पार्कों की रंगाई पोताई करा रहे हैं जिससें पार्क नए रूप में दिखेगा।

राष्ट्रपति ने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग द्वारा आयोजित मानवाधिकार दिवस समारोह में कहा

# साइबर अपराध मानवाधिकारों के लिए खतरा

एजेंसी | नयी दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने साइबर अपराध और जलवायु परिवर्तन को मानवाधिकारों के लिए नए खतरे करार देते हुए ऐसे सुरक्षित, संरक्षित और न्यायसंगत डिजिटल माहौल के महत्व पर बल दिया है जिसमें प्रत्येक व्यक्ति के अधिकारों और सम्मान की रक्षा हो। श्रीमती मुर्मु ने मंगलवार को यहां राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग द्वारा आयोजित मानवाधिकार दिवस समारोह में कहा कि मानवाधिकार दिवस पर, हमें न्याय, समानता और सम्मान के मूल्यों के प्रति नये सिरे से अपनी सामूहिक प्रतिबद्धता करनी चाहिए जो हमारे राष्ट्र को परिभाषित करते हैं। हमें प्रत्येक व्यक्ति के मौलिक अधिकारों को बनाए रखना चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि कोई भी पीछे न छूटे। एक साथ, निरंतर प्रयास और एकजुटता के माध्यम से, हम एक ऐसा भविष्य बना सकते हैं जिसमें हर व्यक्ति, चाहे उसकी उम्र, पृष्ठभूमि या परिस्थिति कुछ भी हो, सम्मान, अवसर और पूर्णता का जीवन जीने के लिए सशक्त हो।

राष्ट्रपति ने कहा कि भारत सभी नागरिकों को नागरिक और राजनीतिक अधिकारों की गारंटी देने की अपनी प्रतिबद्धता में दृढ़ है। सरकार सभी के लिए आवास, स्वच्छ पेयजल, बेहतर स्वच्छता, बिजली, रसोई गैस और वित्तीय सेवाओं से लेकर स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा तक कई सामाजिक-आर्थिक और सांस्कृतिक अधिकारों की गारंटी भी देती है। बुनियादी आवश्यकताओं के प्रावधान को अधिकारों के मामले के रूप में देखा जाता है। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे हम भविष्य की ओर बढ़ रहे हैं, हम उभरती चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। साइबर अपराध और जलवायु परिवर्तन मानवाधिकारों के लिए नए खतरे हैं। डिजिटल युग, परिवर्तनकारी होने के साथ-साथ अपने साथ साइबरबुलिंग, डीपफेक, गोपनीयता संबंधी चिंता और गलत सूचना के प्रसार जैसे जटिल मुद्दे लेकर आया है। ये चुनौतियां एक सुरक्षित, संरक्षित और न्यायसंगत डिजिटल वातावरण को बढ़ावा देने के महत्व को रेखांकित करती हैं जो प्रत्येक व्यक्ति के अधिकारों और सम्मान की रक्षा करता है। राष्ट्रपति ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अब दैनिक जीवन में प्रवेश कर चुका है, कई समस्याओं का समाधान कर रहा है और कई नई समस्याएं भी पैदा कर रहा है। अब तक मानवाधिकारों का विमर्श मानव एजेंसी पर केंद्रित रहा है, यानी उल्लंघनकर्ता को एक इंसान माना जाता है, जिसमें करुणा और अपराधबोध जैसी मानवीय भावनाएँ होती हैं। हालाँकि, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के मामले में अपराधी कोई गैर-मानव लेकिन बुद्धिमान एजेंट हो सकता है।

श्रीमती मुर्मु ने कहा कि जलवायु परिवर्तन हमें वैश्विक स्तर पर मानवाधिकारों की सोच की समीक्षा करने के लिए मजबूर करता है। एक अलग जगह और एक अलग युग के प्रदूषक दूसरे स्थान और दूसरे काल के लोगों के जीवन को प्रभावित कर रहे हैं। ग्लोबल साउथ की आवाज़ के रूप में भारत ने जलवायु कार्रवाई में सही ढंग से नेतृत्व संभाला है। सरकार की पहल, जैसे कि 2022 ऊर्जा संरक्षण (संशोधन) विधेयक, ग्रीन क्रेडिट पहल और पर्यावरण के लिए जीवनशैली, या 'लाइफ' आंदोलन, भविष्य की पीढ़ियों के लिए एक स्वच्छ और हरित ग्रह के निर्माण के लिए भारत की प्रतिबद्धता का स्पष्ट प्रदर्शन हैं।



### सामूहिक प्रतिबद्धता की आवश्यकता

राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि न्याय, समानता और सम्मान के मूल्यों के प्रति नए सिरे से प्रतिबद्धता जताने की जरूरत है। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि वे अपने मौलिक अधिकारों के साथ दूसरों के अधिकारों की रक्षा के लिए भी सक्रिय भूमिका निभाएं।

### मानसिक स्वास्थ्य की बढ़ती चिंता

राष्ट्रपति ने मानसिक स्वास्थ्य को आज के समय का एक महत्वपूर्ण मुद्दा बताया। उन्होंने विशेष रूप से बच्चों और युवाओं के तनाव को कम करने के लिए पर्याप्त उपायों की अपील की। गिग इकॉनमी के श्रमिकों पर मानसिक स्वास्थ्य के नकारात्मक प्रभाव को रोकने के लिए उन्होंने व्यवसाय जगत से भी सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

# एसीएस एस सिद्धार्थ का अल्टीमेटम : छात्रों की फर्जी अटेंडेंस दिखा रहे शिक्षकों पर कसी जायेगी नकेल

निज संवाददाता | पटना

बिहार शिक्षा विभाग ने सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की लापरवाही और फर्जीवाड़े पर सख्त रुख अपनाते हुए सख्त चेतावनी जारी की है। अपर मुख्य सचिव (एसीएस) एस सिद्धार्थ ने सभी जिलों के शिक्षा अधिकारियों को पत्र लिखकर कहा है कि कई शिक्षक बच्चों की उपस्थिति को लेकर फर्जी आंकड़े पेश कर रहे हैं। यह खुलासा निरीक्षण रिपोर्ट में हुआ है, जो जिला शिक्षा अधिकारियों ने तैयार की है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि स्कूल के आसपास रहने वाले कई शिक्षक शिक्षण कार्य में रुचि नहीं दिखा रहे हैं। इस पर नाराजगी जताते हुए एसीएस ने कहा कि यदि इन खामियों को दूर नहीं किया गया तो दोषी शिक्षकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। शिक्षा विभाग ने बिहार में प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए कई योजनाएं तैयार की हैं। "शिक्षा की बात" कार्यक्रम में एसीएस ने कहा कि राज्य के हर प्रखंड में मोबाइल कंप्यूटर लैब स्थापित की जाएगी। यह लैब प्राथमिक स्कूल के बच्चों को डिजिटल शिक्षा से जोड़ेगी। अब तक



कंप्यूटर शिक्षा केवल आठवीं कक्षा तक के बच्चों को दी जाती थी, लेकिन नई योजना के तहत प्राइमरी स्तर से ही छात्रों को कंप्यूटर का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

इसके साथ ही सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि स्कूल के पहले दिन ही छात्रों को किताबें, बैग और यूनिफॉर्म उपलब्ध कराई जाए। यह योजना 1 अप्रैल 2025 से लागू होगी।

### खेल के मैदान और ड्रेस कोड पर विशेष ध्यान

सरकारी स्कूलों में खेल के मैदानों की कमी को देखते हुए सरकार ने नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। स्कूलों के आसपास के खाली पड़े मैदानों को विद्यालयों के लिए अधिग्रहित करने की योजना बनाई जा रही है। इस संबंध में जिलाधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं।

इसके अलावा शिक्षकों के लिए ड्रेस कोड लागू करने का फैसला लिया गया है। इससे शिक्षकों में अनुशासन की भावना विकसित होगी और उनका व्यक्तित्व बच्चों के लिए प्रेरणादायक बनेगा। एसीएस सिद्धार्थ सरकारी स्कूलों में शिक्षा के स्तर को लेकर हमेशा गंभीर रहे हैं। कई बार उन्होंने खुद स्कूलों का दौरा किया और शिक्षकों व छात्रों की समस्याएं सुनीं। शिक्षकों की लापरवाही और फर्जी उपस्थिति जैसे मामलों को देखते हुए शिक्षा विभाग ने कड़ी कार्रवाई की तैयारी कर ली है।

### बच्चों की सुविधाओं में सुधार और लापरवाहियों पर लगाम

एसीएस ने यह भी चेतावनी दी है कि यदि बच्चों को समय पर पोशाक और अन्य सुविधाएं नहीं मिलती हैं तो संबंधित अधिकारियों और शिक्षकों पर कार्रवाई होगी। बच्चों को पोशाक की राशि समय पर देने के लिए शिक्षा विभाग ने सभी जिलों को निर्देश दिए हैं और कहा है कि एक सप्ताह के भीतर यह काम पूरा कर लिया जाए।

# बीपीएससी टीयर 3.0 : रिजल्ट का काउंटडाउन शुरू

निज संवाददाता | पटना

बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) ने शिक्षक भर्ती के तीसरे चरण को लेकर बड़ा अपडेट जारी किया है। आयोग ने टीजीटी (9वीं-10वीं) और पीजीटी (11वीं-12वीं) श्रेणियों के लिए संशोधित वैकेंसी रोस्टर साझा किया है। इसके बाद अब किसी भी समय परीक्षा परिणाम घोषित होने की संभावना है। माध्यमिक विद्यालयों में कक्षा 9वीं और 10वीं के लिए 19,415 शिक्षकों की नियुक्ति होगी। इससे पहले 16,970 पदों की घोषणा की गई थी। विशेष विद्यालयों में इन कक्षाओं के लिए पदों की संख्या 65 से बढ़ाकर 182 कर दी गई है। इसके अलावा, एससी/एसटी कल्याण विभाग के तहत संचालित उच्च माध्यमिक विद्यालयों (कक्षा 11-12) में 359 शिक्षकों की भर्ती की जाएगी। पूरे प्रदेश में कक्षा 1 से 12 तक के लिए कुल पदों की संख्या अब 67,774 से बढ़कर 70,518 हो गई है।

# नए कलेक्ट्रेट भवन का मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने किया उद्घाटन

निज संवाददाता | पटना

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना कलेक्ट्रेट के नए भवन का उद्घाटन किया। अब 39 विभागों का संचालन एक ही भवन से होगा। लोगों को कामकाज के लिए इधर-उधर नहीं भटकना पड़ेगा। पिछले काफी समय से डीएम कार्यालय हिंदी भवन में चल रहा था। पांच मंजिला नए कलेक्ट्रेट भवन पर 153.53 करोड़ से अधिक की राशि खर्च हुई है। निर्माण कार्य 14 मई 2022 को शुरू हुआ था। लगभग ढाई साल में बनकर तैयार हुआ है। कार्यक्रम में डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा और भवन निर्माण मंत्री जयंत राज भी शामिल हुए। पुराने कलेक्ट्रेट भवन के डच कालीन आठ पिलर को संरक्षित रखा गया है, ताकि नई पीढ़ी को इसके बारे में जानकारी मिल सके। नए भवन में कैंटीन और बैंक की सुविधा भी है। पूरे ग्राउंड का क्षेत्रफल 43454 वर्गमीटर है। बिल्ट अप एरिया 28388 वर्गमीटर है। जिसमें तीन कॉन्फ्रेंस रूम बने हैं। जिसमें 200, 80 और 40 लोग बैठ सकते हैं। यह भवन भूकंप रोधी है। बड़े हिस्से में पेड़-पौधे लगाए गए है। गंगा किनारे होने के कारण कलेक्ट्रेट भवन का लुक आकर्षक है।

# मैजिक को टक्कर मार पलटा डंपर कई बच्चों समेत सात की मौत

निज संवाददाता | हाथरस(यूपी)

यूपी में एक और बड़ा हादसा हुआ है। हाथरस में डंपर ने टाटा मैजिक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। एक ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। इनमें कई बच्चे और महिलाएं भी शामिल हैं। सात लोग घायल हैं। मैजिक को टक्कर मारने के बाद ट्रक भी पलट गया। घायलों में कई की हालत गंभीर है। आला अधिकारी भी मौके पर पहुंचे हैं। सीएम योगी ने खुद घटना का संज्ञान लिया है। मृतकों के प्रति संवेदना जताने के साथ ही अधिकारियों को राहत कार्य में लगने का निर्देश दिया है। घायलों को समुचित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करने का भी आदेश दिया है। ताकि मृतकों की संख्या न बढ़े। घटना कोतवाली हाथरस जंक्शन क्षेत्र के सलेमपुर के निकट हुआ है। दोनों वाहनों की टक्कर इतनी जोरदार थी कि मैजिक के परखचे उड़ गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एम्बुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचाया। वहां एक व्यक्ति की मौत हो गई। घटना की सूचना पर जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक भी मौके पर पहुंचे। जिलाधिकारी ने घायलों के बेहतर उपचार के लिए सीएमओ को निर्देशित किया है। सीएमओ ने सूचना मिलते ही डॉक्टरों की टीम लगा दी थी। वहीं, हादसे पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संज्ञान लिया। मुख्यमंत्री ने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

### बीपीएससी मामले में गिरफ्तार दिलीप को मिली जमानत

पटना (नि. सं.)। बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की अगामी परीक्षा में नॉर्मलाइजेशन को लेकर हुए आंदोलन के दौरान गिरफ्तार छात्र नेता दिलीप कुमार को पटना की एक अदालत ने मंगलवार को जमानत दे दी। अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी (द्वितीय) आफताब आलम ने इस मामले में गिरफ्तार कर जेल भेजे गए।

# एक छात्र का मुकदमा पुस्तक का हुआ लोकार्पण

निज संवाददाता | पटना



पटना पुस्तक मेला में प्रभात प्रकाशन से प्रकाशित लेखिका सीमा प्रधान राज की पुस्तक "एक छात्र का मुकदमा" का लोकार्पण मंगलवार को भारतीय सूचना सेवा के अधिकारी-लेखक संजय कुमार, चर्चित लेखक डॉ ध्रुव कुमार, कवित्री भावना शेखर,वरिष्ठ पत्रकार नीतीश चंद्रा ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर "एक छात्र का मुकदमा" पुस्तक की लेखिका सीमा प्रधान ने कहा कि यह पुस्तक छात्रों के मानवाधिकार की आवाज है। उन्होंने कहा कि शिक्षा व्यवस्था और निजी कोचिंग संस्थाओं के मकड़जाल पर हमला है। वहीं संजय कुमार ने कहा कि पुस्तक शिक्षा जगत में व्याप्त आराजकता को प्रदाफ़र्श करता है। उन्होंने कहा कि लोगों को अपनी सोच बदलनी होगी।डॉ ध्रुव कुमार ने कहा कि पुस्तक आज की शिक्षा व्यवस्था में घूँटते छात्रों की कहानी है। छात्र निजी शिक्षण संस्थाओं और कोचिन संस्थानों के मकड़जाल में फँसे हैं जहाँ उनका शोषण हो रहा है। वही भावना शेखर ने कहा कि लेखिका ने जिस विषय को उठाया है वह बहुत ही अहम है। ऐसे विषयों को लगातार उठाने की जरूरत है। नीतीशचंद्रा ने कहा कि शिक्षा व्यवस्था में फर्जीवाड़ा का खेल भयावह रूप ले चुका है। कार्यक्रम का संचालन डॉ आशा कुमारी ने किया।

गंगा से सटे 6 जिलों के पानी में लेड-आर्सेनिक, एक्सपर्ट बोले-मेंटल ग्रोथ पर पड़ता है असर

# रिसर्च में खुलासा : नवजात के लिए मां का दूध खतरनाक

निज संवाददाता | पटना

बिहार के 6 जिलों में नवजात शिशु के लिए मां का दूध जहरीला हो गया है। गंगा के तटीय इलाकों वाले 6 जिले समस्तीपुर, दरभंगा, बेगूसराय, खगड़िया, मुंगेर, नालंदा में ब्रेस्ट मिल्क में लेड (शीशा) पाया गया है। महावीर कैंसर संस्थान के रिचर्स डिपार्टमेंट ने इसका खुलासा किया है। एक्सपर्ट का मानना है कि ये नवजात के मेंटल ग्रोथ के लिए खतरनाक है। डिपार्टमेंट के प्रभारी प्रोफेसर अशोक कुमार घोष का कहना है, गंगा किनारे के जिलों में पानी पर रिसर्च किया गयाा था। जिसमें यह पाया गया था कि पानी में आर्सेनिक की मात्रा अधिक है। इसके बाद टीम ने मदर मिल्क पर रिसर्च किया। जिसमें मां के दूध में आर्सेनिक के साथ-साथ लेड की मात्रा भी पाई गई, जो बच्चों के लिए काफी घातक है। डॉ. अभिनव श्रीवास्तव के मुताबिक, 'हल्दी पाउडर में पीले रंग की मिलावट, कॉस्मेटिक में मिलावट, इसके अलावा कृषि क्षेत्र में कीटनाशकों का अंधाधुंध उपयोग लेड का जोखिम बढ़ा सकता है। इसके लिए मदर मिल्क की जांच बहुत जरूरी है। ताकि बच्चे स्वस्थ और सुरक्षित रह सकें। इसके अलावा पीने के पानी और खानपान पर भी ध्यान देने की जरूरत है।

### सब्जियों के जरिए शरीर में पहुंच रहा लेड : रिसर्च टीम



वहीं, रिसर्च विभाग के डॉक्टर अरुण कुमार का मानना है कि मिट्टी में लेड की मात्रा होने से भोजन के साथ यह शरीर में प्रवेश करता है। ऐसा भोजन करने पर मदर मिल्क में भी लेड की मात्रा आ जाती है। बाजार में हल्दी में रंग मिलाकर बेचा जा रहा है, उसमें भी लेड मिला है। अरुण कुमार ने बताया, मां के दूध जरिए लेड बच्चों के शरीर में आता है, जो उनके मेंटल और फिजिकल ग्रोथ पर भी असर डालता है। उनका यह भी मानना है कि हल्दी में रंग मिलाकर जो बाजार में बेचा जा रहा है, उसमें भी लेड होता है। यहां तक कि मिट्टी में भी लेड की मात्रा अधिक होती है। मिट्टी के अंदर होने वाली सब्जियों और मोटे अनाज में भी लेड पाया गया है। इनके जरिए भी शरीर में लेड की मात्रा काफी बढ़ जाती है।


भारतीय रिज़र्व बैंक जनता को **सोशल मीडिया** पर प्रसारित **शीर्ष प्रबंधन** द्वारा वित्तीय सलाह देने वाले फर्जी **(डीपफेक) वीडियो** के प्रति सतर्क करता है।

भारतीय रिज़र्व बैंक के संज्ञान में यह आया है कि सोशल मीडिया पर गवर्नर के फर्जी वीडियो प्रसारित किए जा रहे हैं, जिनमें रिज़र्व बैंक द्वारा कतिपय निवेश योजनाओं को शुरू करने या उनको समर्थन प्रदान करने का दावा किया गया है। इन वीडियो में लोगों को तकनीकी उपकरणों के माध्यम से ऐसी योजनाओं में अपना पैसा निवेश करने की सलाह देने का प्रयास किया गया है।

भारतीय रिज़र्व बैंक यह स्पष्ट करता है कि उसके अधिकारी ऐसी किसी गतिविधि में शामिल नहीं हैं और न ही उनका समर्थन करते हैं तथा ये वीडियो फर्जी हैं। रिज़र्व बैंक वित्तीय निवेश संबंधी ऐसी कोई सलाह नहीं देता है।

अतएव, जन सामान्य को सोशल मीडिया पर प्रसारित ऐसे फर्जी (डीपफेक) वीडियो और उनका शिकार होने से बचने के लिए सतर्क किया जाता है।

आरबीआई वेबसाइट पर जाने के लिए यहां स्कैन करें।

जनहित में जारी
भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in

## संक्षिप्त समाचार

### जय प्रकाश उद्यान तक दुकानदार व ई-रिक्शा चालाकों को व्यवस्थित रखने का दिया निर्देश

**बोधगया।** बीटीएमसी में हुई प्रशासनिक बैठक के बाद सोमवार कि देर शाम एमडीएम किसलय श्रीवास्तव पर्यटन सीजन को लेकर बीटीएमसी गोलम्बर से लेकर जय प्रकाश उद्यान तक लगी दुकानों व यातायात व्यवस्था का जायजा लेने पहुंचे। इस दौरान फुटपाथ में मुख्य सड़क के दोनों ओर लगी दुकानों के संचालकों को व्यवस्थित तरीके से दुकान लगाने का निर्देश दिया। उन्होंने लोगों को समझाया कि दुकान को सड़क तक लगाने के कारण पर्यटकों को चलने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। कहा कि जो लोग ई रिक्शा बीच सड़क पर लगाकर पैसेंजर खोजते है। उस कारण से मुख्य सड़क में जाम की स्थिति बनती है। मौके पर डीटीओ राजेश कुमार, यातायात डीएसपी निशू मल्लिक, बोधगया एसडीपीओ सौरभ जायसवाल, बोधगया थानाध्यक्ष मनोज कुमार, यातायात थानाध्यक्ष राजेश कुमार साथ थे।

### मानवाधिकार के क्षेत्र में भारत के अंतरराष्ट्रीय शख्सियत हैं गया जिले के विशाल दफ्तुआर

**बोधगया।** बोधगया मानवाधिकार वे नैतिक सिद्धांत हैं, जो मानव व्यवहार से संबंधित कुछ निश्चित मानक स्थापित करते हैं। ये सार्वभौमिक अधिकार है, जो सभी के साथ रन्म के साथ निहित है। इन्हीं अधिकारों से जुड़े किसी भी जरूरतमंद की एक गुहार पर दुनिया के किसी भी कोने में त्वरित, सफल और सार्थक पहल करते हैं मशहूर अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार कार्यकर्ता विशाल रंजन दफ्तुआर। वे वैश्विक स्तर की संस्था ह्युमन राइट्स अम्ब्रेला फाउंडेशन- एचआरयूएफ के फाउंडर चेयरमैन भी हैं, जिसकी स्थापना तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की प्रेरणा से की गई थी। यह दुनिया के पावरफुल ह्यूमन राइट्स ऑर्गेनाइजेशन में से एक है। इसी वर्ष जुलाई माह में इथोपिया में फंसे 21 भारतीयों की एचआरयूएफ चेयरमैन विशाल दफ्तुआर की पहल से वतन वापसी हुई। इसमें उत्तर प्रदेश के 10, बिहार के 9 और हिमाचल प्रदेश के 2 लोग हैं शामिल थे। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने की है प्रशंसा जनहित और मानवाधिकार संरक्षण में इनकी पहल को भारत के राष्ट्रपति, चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया, प्रधानमंत्री, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, कई केंद्रीय मंत्री और कई राज्यों के मुख्यमंत्री का भी सहयोग मिला है। इतना ही नहीं भारत के बाहर बांग्लादेश की तत्कालीन प्रधानमंत्री का भी विशेष सहयोग मिला है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के सेक्रेटरी जनरल तक ने इनके कार्यों की विशेष तारीफ की है। सात अंतरराष्ट्रीय मिशनों को किया पूरा 1. वर्ष 2019 के सितंबर माह में बांग्लादेश की जेल में 11 साल से कैद दरभंगा के सतीश चौधरी की 1 महीने में वतन वापसी। 2. वर्ष 2019 के दिसंबर माह में बांग्लादेश की जेल से उत्तर प्रदेश के बलिया के अनिल कुमार सिंह की रिहाई। 3. वर्ष 2020 में कोरोना के वक्त बांग्लादेश महिला की वतन वापसी। 4. वर्ष 2021 में कोरोना के डेल्टा वेरिएंट के वक्त भागलपुर के उस्तु गांव के अनुसूचित जाति के भूमिहीन राजेन्द्र रविदास की बांग्लादेश की जेल से त्वरित रिहाई। 5. वर्ष 2023 म्यांमार और बांग्लादेश के तीन नागरिकों की वतन वापसी । 6. वर्ष 2024 में इथोपिया से उत्तर प्रदेश, बिहार और हिमाचल प्रदेश के 21 लोगों की वतन वापसी।

### नाबालिग को किडनैप कर मांगने वाले थे फिरौती, 4 गिरफ्तार

**गया।** गया में पुलिस ने इमामगंज से अपहृत 12 वर्षीय नाबालिग को झारखंड के पलामू से सकुशल बरामद कर लिया है। साथ ही घटना में शामिल चार अपराधियों को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस ने घटना में इस्तेमाल की गई अपाचे बाइक और छह मोबाइल फोन भी जब्त किए हैं। अब पुलिस पकड़े गए अपराधियों का रिकॉर्ड खंगाल रही है। एसपी सिटी प्रेरणा कुमार ने बताया कि पकड़े गए बदमाशों ने कबूल किया है कि नाबालिग का अपहरण फिरौती के उद्देश्य से किया गया था। घटना 8 दिसंबर की है। 8 तारीख की शाम इमामगंज थाना क्षेत्र के बरडीह गांव के एक आहार से गांव के लोग मछली पकड़ रहे थे। 12 वर्षीय किशोर आहार के पास मछली देखने चला गया, लेकिन वह देर शाम तक नहीं लौटा। परिजनों ने छानबीन की तो उन्हें जानकारी मिली कि दो लोग उसे मोटरसाइकिल पर बैठा कर ले गए हैं। इस बात की शिकायत के परिवार ने थाने में दर्ज कराई। शिकायत मिलते ही एसपी सिटी ने एक विशेष टीम बनाई। तकनीकी और मानवीय सूचना के आधार पर जांच शुरू हुई। सबसे पहले नारायणपुर से अनुज कुमार को पकड़ा गया। पूछताछ में उसने बताया कि बच्चे को झारखंड के पलामू जिले में छिपाकर रखा गया है। इसके बाद पुलिस ने पलामू के बिचकिला गांव में छापा मारा। वहां से तीन और आरोपी सौरभ कुमार,अवध कुमार और पिंटू कुमार को गिरफ्तार किया। नाबालिग को भी सकुशल बरामद कर लिया। उसे अपराधियों ने एक निर्माणाधीन मकान में छिपा कर रखा था। एसपी सिटी ने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों ने स्वीकार किया कि उन्होंने बच्चे का अपहरण फिरौती के लिए किया था। अपराधियों से बरामद सामान में घटना में इस्तेमाल बाइक, छह मोबाइल फोन शामिल हैं। पुलिस अब गिरफ्तार अपराधियों के आपराधिक इतिहास की जांच कर रही है। इस कार्रवाई में शामिल पुलिसकर्मियों को सम्मानित करने की घोषणा की गई है। गिरफ्तार आरोपी अनुज कुमार नारायणपुर, सौरभ कुमार और अवध कुमार चतरा और पिंटू कुमार दुधमटिया का रहने वाला है। पुलिस ने सबसे पहले जिस अनुज को हिरासत में लिया था, वही नाबालिग के अपहरण की वारदात का लाइनर था। यही नहीं जिस स्थान से नाबालिग का अपहरण किया गया था, उस स्थान पर वह भी मौजूद था। पुलिस की हर एक एक्टिविटी पर नजर बनाई थी। एसपी सिटी ने बताया कि इस बात की पुष्टि तकनीकी जांच और पारंपरिक तरीके से सूचना लिए जाने के तौर तरीके से हुई। इसके बाद जब उसे उठाया गया तो उसने सारे राज उगल दिए।

### मंत्री ने सहकारिता विभाग की योजनाओं की दी जानकारी

**गया।** सहकारिता विभाग सह पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, बिहार के मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने बिहार राज्य सब्जी प्रसंस्करण व विपणन योजना के अंतर्गत पीवीसीएम में बैंक मित्र योजना का ऑनलाइन शुभारंभ किया। परिसदन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से तेतरिया पीभीसीएस, मोतीहारी में बैंक मित्र योजना का उद्घाटन किया गया। तेतरिया पीवीसीएम में रब्बी मौसम के लिए किसानों को 50000 टमाटर के पौधे, 30 किसानों को 40000 हजार प्रति किसान जेएलजी के माध्यम से ऋण का वितरण किया गया। साथ ही को-ऑपरेटिव बैंक में 100 किसानों के खाते खोले गए। मंत्री ने सहकारिता विभाग से संचालित योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया गया कि राज्य व केन्द्र सरकार किसानों की आय दो गुणा करने के लिए सभी स्तरों पर व्यापक योजनाएं संचालित कर रही है।

# 13 व्यापार मंडल से धान की होगी अधिप्राप्ति

## 24 घंटे में करना होगा किसानों को भुगतान, अबतक 176 किसान को मिल चुकी है राशि

निज संवाददाता। नालंदा



नालंदा में धान अधिप्राप्ति कार्य में तेजी लाने और किसानों को समय पर भुगतान सुनिश्चित करने के लिए जिलाधिकारी शशांक शुभंकर की अध्यक्षता में एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के सभी प्रखंड सहकारिता पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे सभी योग्य समितियों को क्रियाशील रखें और ज्यादा से ज्यादा किसानों से धान खरीदें।

**धान अधिप्राप्ति की स्थितिः** DM ने बताया कि जिले में 200 पैक्स और 13 व्यापार मंडल को धान अधिप्राप्ति के लिए चयनित किया गया है। इनमें से 137 पैक्स और 9 व्यापार मंडल सक्रिय हैं। अब तक 366 किसानों से 3332.85 मीट्रिक टन धान की खरीद की गई है। 176 किसानों का भुगतान पीएफएमएस के माध्यम से किया जा चुका है और 175 किसानों को बैंक द्वारा भुगतान किया जा चुका है।

**किसानों को 24 घंटे के अंदर भुगतानः** सभी प्रखंड सहकारिता पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे 24 घंटे के अंदर किसानों को भुगतान सुनिश्चित करें। इसके लिए एडवाइस जनरेट करने की प्रक्रिया को तेजी से पूरा किया जाए।

**निष्क्रिय समितियों का क्या होगाः** जो समितियां तकनीकी या वैधानिक कारणों से धान अधिप्राप्ति का कार्य नहीं कर पा रही हैं, उनके किसानों को बगल के पैक्स से संबद्ध करने के लिए प्रस्ताव तैयार किया जाएगा। इसके अलावा, क्रियाशील पैक्सों में शेष बची समितियों से मिलों से संबद्धता हेतु प्रस्ताव प्राप्त किए जाएंगे।

**बैठक में उपस्थित लोगः** बैठक में अस्थावां विधायक डॉ. जितेंद्र कुमार, उप विकास आयुक्त, डीएम एसएफसी, पंकज कुमार, उपाध्यक्ष को ऑपरेटिव बैंक, जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, सभी प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

# सरकारी स्कूलों में मशाल प्रतियोगिता का आयोजन

निज संवाददाता। नालंदा



बिहार सरकार ने जिले के सरकारी स्कूलों में खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के लिए 'मशाल प्रतियोगिता' का आयोजन किया जाएगा। जिसका उद्देश्य स्कूली छात्र-छात्राओं में खेल प्रतिभाओं की खोज करना है। इस प्रतियोगिता में अंडर-14 और अंडर-16 आयु वर्ग के छात्र-छात्राएं हिस्सा लेंगे। प्रतियोगिता में लंबी कूद, क्रिकेट बॉल थ्रो, साइकिलिंग, कबड्डी, फुटबॉल और वॉलीबॉल का आयोजन किया जाएगा। जिसमें भाग लेने वाले छात्रों को 10 दिसंबर से सात जनवरी तक प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस दौरान उनकी खेल क्षमता का मूल्यांकन कर चुने गए छात्रों को बिहार राज्य से पंजीकृत होने वाली प्रतियोगिताओं में भाग दिलाया जाएगा। 2025 तक राज्य परिषद के रजिस्ट्रेशन पोर्टल पर नियमित प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

**प्रतियोगिता का शेड्यूलः** स्कूल स्तरीय प्रतियोगिता 7 से 9 जनवरी 2025 तक आयोजित होगी। संकुल स्तरीय प्रतियोगिता 15 से 17 जनवरी 2025 तक आयोजित होगी। प्रखंड स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 20 से 23 जनवरी 2025 तक होगा। वहीं, जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 4 से 7 फरवरी 2025 तक किया जाएगा। प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों को खेल विभाग की 'प्रेरणा' योजना के तहत उच्च कोटि का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इससे राज्य में खेल प्रतिभाओं को निखारने में मदद मिलेगी। इस पहल का उद्देश्य स्कूली शिक्षा में खेल को प्रमुखता देना और युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली के लिए प्रेरित करना है। साथ ही राज्य में खेल प्रतिभाओं की खोज और उनका पोषण करना भी इसका लक्ष्य है। इस योजना के तहत स्कूलों में खेल शिक्षकों को भी प्रशिक्षित किया जाएगा। राज्य परियोजना निदेशक योगेन्द्र सिंह ने बताया कि जिन स्कूलों में खेल शिक्षक नहीं हैं। वहां अन्य खेल प्रेमियों को नोडल शिक्षक बनाया जाएगा। इन शिक्षकों को प्रशिक्षित कर उन्हें खेल प्रशिक्षण देने का दायित्व सौंपा जाएगा।

## कोर्ट मुंशी का पकड़ौआ विवाह, जबरन उठा ले गए, लड़की वालों ने कहा-पहले से अफेयर था

निज संवाददाता। नालंदा



बिहार शरीफ कोर्ट में मुंशी के पद पर कार्यरत युवक लवकुश कुमार (26) का पकड़ौआ विवाह कराने का मामला सामने आया है। लड़के के पिता सुरेंद्र यादव ने रहुई थाने में लड़की के परिवारवालों के खिलाफ FIR दर्ज कराई है। हालांकि, लड़की के परिजनों ने बताया कि पहले से अफेयर था। सोमवार की शाम लवकुश कुमार कोर्ट से ड्यूटी खत्म कर घर लौट रहा था। इसी दौरान भंडारी मोड़ के पास कुछ लोगों ने उसे जबरन अपनी गाड़ी में बैठा लिया और जगतनंदनपुर गांव ले गए। वहां उसे बंधक बनाकर जमकर मारपीट की गई। इसके बाद उसकी शादी करा दी। इस घटना का आठ सेकेंड का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें कुछ लोगों ने जबरदस्ती मुंशी का मुंह पकड़ा है और जबरदस्ती शादी करवा रहे हैं। इस दौरान आपस में कुछ लोग हंसते हुए बातें भी कर रहे हैं।

**पीड़ित के पिता ने दर्ज कराई शिकायतः** घटना की सूचना मिलने के बाद हवनपुरा गांव के रहने युवक के पिता सुरेंद्र यादव ने थाने में शिकायत दर्ज करवाई है। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और युवक हिरासत में लिया। इसके बाद इलाज के लिए रहुई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। यहां से बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है।

**कोर्ट से लौटते वक्त उठा लियाः** लड़के की चाची चिंता देवी ने बताया कि 'कोर्ट से ड्यूटी कर लौट रहा था। इसी दौरान लड़के के घरवालों ने जबरदस्ती पकड़ लिया और उसकी शादी करा दी। दोनों के बीच कोई प्रेम प्रसंग नहीं था।' वहीं, लड़की के भाई सतीश कुमार ने बताया कि 'युवक मेरे गांव में बहन से मिलने आता था। दोनों पर ग्रामीणों की नजर पड़ गई। सोमवार को भी युवक मिलने आया था, जिसके बाद ग्रामीणों ने पकड़कर शादी करा दी। मारपीट का आरोप बेबुनियाद है।' रहुई थाना के SI ललन कुमार ने बताया कि 'मामला प्रेम प्रसंग का लग रहा है।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं.: 222–एस/1/डब्ल्यू–II, दिनांक** 05.12.2024, वरिष्ठ मंडल अभियंता/III, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, कंट्रोल बिल्डिंग, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, कोलकाता–700014 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए निम्नलिखित ई–निविदाएँ ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैः **निविदा सं.: टीएन–196–24–25, कार्य का नाम:** सियालदह मंडल के तहत बैरकपुर, बनगांव, बेलडांगा और कृष्णनगर में नए आरसीसी ओ.एच. टैंक का निर्माण एवं सभी सहायक कार्य। **निविदा मूल्य:** रु.4,96,96,694.42, **बयाना राशि:** रु. 3,98,500/–, **कार्य की समापन अवधि:** 12 माह। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 31.12.2024 को 15.00 बजे। **निविदा के खुलने की तिथि और समय:** दिनांक 31.12.2024 को 15.30 बजे। निविदा कागजात एवं अन्य विवरण वेबसाइटः **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। बोली उपर्युक्त वेबसाइट पर ई–निविदा प्रणाली के माध्यम से जमा की जाएगी। मैनुअल प्रस्तावों को तत्काल रद्द कर दिया जाएगा। SDAH-267/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइटः www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

### नालंदा में हथियार के साथ एक अपराधी गिरफ्तार



निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा के खुदागंज थाना पुलिस ने स्थानीय क्षेत्र में आतंक फैला रहे एक संदिग्ध अपराधी को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से एक 315 बोर का लोडेड देसी कट्टा और दो जिंदा कारतूस समेत एक क्षतिग्रस्त मोबाइल बरामद किया है। पकड़े गए अपराधी की पहचान अजीत कुमार के रूप में हुई है। डीएसपी हिलसा-2 गोपाल कृष्ण ने बताया कि शाम में खुदागंज थाने को सूचना मिली कि एक संदिग्ध व्यक्ति इस्लामपुर रोड पर घूम रहा है। सफेद कमीज पहने और काली अपाची मोटरसाइकिल पर सवार यह व्यक्ति स्थानीय लोगों में डर का माहौल बना रहा था। पुलिस ने तत्काल एक समन्वित कार्रवाई योजना बनाई।

गश्ती दल और डायल-112 के साथ समन्वय स्थापित करते हुए पुलिस ने संदिग्ध व्यक्ति का पीछा किया। जल्द ही पता चला कि यह व्यक्ति कृष्णबल्लभ कुमार के घर के पास पहुंच कर जान से मारने की धमकी दे रहा था। गिरफ्तारी के बाद ब्रेथ एनालाइजर टेस्ट में इस बात की पुष्टि हुई की अभियुक्त शराब के नशे में था। खुदागंज थाना प्रभारी जयप्रकाश नारायण ने बताया कि अजीत कुमार का पहले से ही अपराधिक इतिहास रहा है। वह पहले भी थाना कांड संख्या-103/19 में आरोपित चल रहा था। खुदागंज थाना ने इस मामले में कांड दर्ज किया है।आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट और बिहार उत्पाद एवं मद्य निषेध अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है।

**पूर्व रेलवे**

**शुद्धिपत्र**

**निविदा सं. ईएलईजी–ओटी–1160–2024–25,** जो कि वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/जी, पूर्व रेलवे, सियालदह द्वारा स्वीकार्य नियम और शर्तों के अनुसार आईआरईपीएस पोर्टल www.ireps.gov.in में दिनांक 26.11.2024 को पूर्व में प्रकाशित किया गया था, की अंतिम तिथि को बढ़ाए जाने के संबंध में शुद्धिपत्र। **निविदा की अंतिम तिथि और समय** दिनांक 19.12.2024 को 14.00 बजे के बदले **दिनांक 31.01.2025 को 14.00 बजे** पढ़ा जाना चाहिए। निविदा की सभी अन्य शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी। SDAH-269/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइटः www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. एसजी.निविदा/डीएसटीई/एसडीएएच/519, दिनांक 06.12.2024,** वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, कंट्रोल बिल्डिंग, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता–700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती हैः **ई–निविदा सं.: एसडीएसटीई/टेली/टी/18/24–25/आरआरएसके। कार्य का नाम एवं इसका स्थानः** i) रानाघाट–गेदे–शांतिपुर–लालगोला और ii) रानाघाट–बनगांव जं.–पेट्रापोल–बारासात–हासनाबाद–दमदम जं.–कोलकाता–माझेरहाट शाखा में दोषपूर्ण अंडर ग्राउंड अति पुराने 6 क्वाड केबल की बदली के सिलसिले में टेलीकम कार्य। **निविदा मूल्य :** रु.8,30,68,806.46, **निविदा कागजात का मूल्य :** शून्य। **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति जमा की जाएगी :** रु.5,65,400/– **कार्य की समापन अवधिः** 12 माह। **निविदा जमा देने की प्रारंभिक तिथिः** 19.12.2024, **निविदा जमा देने की अंतिम तिथिः** 02.01.2025 को 14.00 बजे तक। **निविदा बोली के खोलने की तिथिः** 02.01.2025 को 14.30 बजे। **विवरण यहाँ से देखा जा सकता हैः www.ireps.gov.in तकनीकी पात्रता मानदंड:** निविदाकार ने निविदा आमंत्रण से पूर्व महीने के अंतिम दिन को समाप्त, पिछले 07 (सात) वर्षों के दौरान, निम्नलिखित श्रेणियों में से किसी एक कार्य का सफलतापूर्वक पूरा या पर्याप्त रूप से निष्पादन किया हैः (i) तीन समरूप कार्य जिनमें से प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 30% की समान राशि से कम न हो, या (ii) दो समरूप कार्य जिनमें से प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 40% की समान राशि से कम न हो, या (iii) एक समरूप कार्य जिसकी लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 60% की समान राशि से कम न हो। **वित्तीय पात्रता मानदंड:** निविदाकार का न्यूनतम औसत वार्षिक ठेकाजनित कारोबार V/N या 'V' होना चाहिए, जो भी कम हो, जहाँ V = निविदा का विज्ञापित मूल्य करोड़ रुपये में, N = कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षों की संख्या जिसके लिए बोलियाँ आमंत्रित की गई हैं। औसत वार्षिक ठेकाजनित कारोबार की गणना लेखापरीक्षित तुलन पत्र के अनुसार पिछले तीन वित्तीय वर्षों में "कुल ठेकाजनित भुगतान" के औसत के रूप में की जाएगी। तथापि, यदि पिछले वर्ष का तुलन–पत्र अभी तैयार किया जाना है/लेखापरीक्षित नहीं है, तो औसत वार्षिक ठेकाजनित कारोबार की गणना के लिए चौथे पिछले वर्ष के लेखापरीक्षित तुलन–पत्र को विचार में लिया जाएगा। निविदाकार जीसीसी 2022 के अनेक्सर–VIबी (मौजूदा निविदा कागजात का फॉर्म–6) के अनुसार आवश्यक जानकारी के साथ सनदी लेखापाल द्वारा यथा प्रमाणित लेखापरीक्षित तुलन पत्र की प्रतियाँ/लेखापरीक्षित तुलन पत्र द्वारा यथा समर्थित सनदी लेखापाल से प्रमाण पत्र प्रस्तुत करेंगे। **जमा किए जाने वाले अन्य कागजातः** निविदा कागजात में उल्लिखित अनुसार। **समरूप कार्य की प्रकृतिः** सिग्नल या टेलीकम का कोई भी कार्य जिसमें शामिल है सिग्नलिंग या टेलीकम केबलों की खुदाई करने, बिछाने और परीक्षण के कार्य को मौजूदा निविदा कार्य के लिए समरूप प्रकृति के कार्य के रूप में विवेचित किया जाएगा। **टिप्पणीः** निविदाकार अपने निविदा प्रस्ताव के साथ निविदा कागजात में उल्लिखित पात्रता मानदंड को पूरा करने के अपने दावे के समर्थन में कागजात प्रस्तुत करेंगे। निविदाकार द्वारा प्रस्तुत किए गए प्रमाण पत्रों के समर्थन में कागजातों/प्रमाणपत्रों की प्रतिलिपि का प्रत्येक पृष्ठ निविदाकार या निविदाकारी फर्म के अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा स्व–सत्यापित/डिजिटल रूप से हस्ताक्षरित होगा। स्व–सत्यापन में हस्ताक्षर, मुहर और तिथि (प्रत्येक पृष्ठ पर) शामिल होंगे। SDAH-268/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. : केपीए/ईजी/ओटी–14/24–25, दिनांक 04.12.2024,** उप मुख्य विद्युत अभियंता (सा.), पूर्व रेलवे वर्कशॉप, कांचरापाड़ा, कैरिज/लोको कॉम्प्लेक्स, उत्तर 24 परगना, पी.ओ. कांचरापाड़ा, पिन 743145, पश्चिम बंगाल द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए सुदृढ़ वित्तीय संपन्न ख्यातिप्राप्त, प्रतिष्ठित और अनुभवी सरकारी लाइसेंसप्राप्त विद्युत ठेकेदारों से ई–निविदा आमंत्रित की जाती हैः **निविदा सं.: केपीए/ईजी/ ओटी–14/24–25, कार्य का नामः** सेवा भवन की रिवायरिंग एवं शॉप फ्लोर में लक्स लेवल की उन्नति हेतु 70%–30% प्रकाश व्यवस्था सहित पावर फीडिंग सिस्टम का रूपांतरण। **निविदा का अनुमानित मूल्य:** रु. 2,14,81,658.40, **बयाना राशि:** रु.2,57,400/–, **निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु.):** शून्य, **कार्य की समापन अवधि:** 1 वर्ष। **निविदा की अंतिम तिथि और समयः** दिनांक 27.12.2024 को 14.00 बजे। निविदा और कागजात की संपूर्ण जानकारी एवं अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** से देखे एवं प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदा के लिए बोली उपर्युक्त वेबसाइट पर ई–निविदा प्रणाली के माध्यम से दिनांक 27.12.2024 को 14.00 बजे के अंदर जमा की जाएगी। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं कोई मैनुअल प्रस्ताव जमा किए जाने पर स्वीकार नहीं किया जाएगा एवं तत्काल रद्द कर दिया जाएगा। MISC-270/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइटः www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**खुली निविदा सूचना सं.: 52–एसडीएसटीई–एएसएन–2024–25, दिनांक 06.12.2024,** वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन–713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम/स्थानः** आसनसोल मंडल–आसनसोल मंडल के तहत विभिन्न आरपीएफ हाज़त में सीसीटीवी निगरानी प्रणाली के प्रावधान का अवशिष्ट कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 63,33,015.73, **बयाना राशि:** रु. 1,26,700/–, **कार्य की समापन अवधि:** एलओए जारी करने की तिथि से 90 दिन। **निविदा बंद होने की तिथि और समय:** 31.12.2024 को 15.00 बजे। **वेबसाइट का विवरण: http://www.ireps.gov.in/** ASN-257/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइटः www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**ई–नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन–713301 द्वारा आसनसोल मंडल के तहत स्पेशल माइनर यूनिट (एसएमयू) और मल्टीपरपज स्टॉल (एमपीएस) के अंतर्गत मॉड्यूलर कैटरिंग स्टॉलों के प्रावधान हेतु आईआरईपीएस पोर्टल के जरिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से खुली ई–नीलामी आमंत्रित की जाती है। इसका विवरण निम्नानुसार हैः–

**(1) नीलामी कैटलॉग सं.: सीएटीजी–एसएमयू–24–17**

**क्रम सं.: एए/1, लॉट सं./कैटेगरीः सीएटीजी–एएसएन–जेएसएमई–एसएमयू–87–24–2, कार्य का विवरणः** जसीडीह रेलवे स्टेशन (कैटेगरी ए) पर 05 वर्ष की अवधि के लिए स्पेशल माइनर यूनिट (एसएमयू) के तहत ओएचई पोस्ट नं. 322/27 और फुट ओवर ब्रिज कॉलम के बीच प्लेटफॉर्म नं. 2 के मिडल शेड के नीचे मॉड्यूलर कैटरिंग स्टॉल 10' X 6' (60 वर्ग फीट) के माध्यम से कैटरिंग सेवाओं का प्रावधान। अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए आरक्षित) **ई–नीलामी की तिथि और समयः** दिनांक 20.12.2024 को 13.00 बजे।

**(2) ई–नीलामी कैटलॉग सं.: एएसएन–एमपीएस–24–4**

**क्रम सं., लॉट सं./कैटेगरी, कार्य का विवरण और ई–नीलामी की तिथि/समय** निम्नानुसार हैं: **एए/1, एमपीएस–एएसएन–यूकेए–एमपीएस–8–24–1,** उखरा रेलवे स्टेशन पर प्लेटफॉर्म शेड के पास प्लेटफॉर्म नं. 1 पर 05 वर्ष की अवधि के लिए मल्टीपरपज स्टॉल (एमपीएस) (6 फीट X 10 फीट = 60 वर्ग फीट) का आवंटन, अनारक्षित के लिए चिह्नित (कोई भी), 20.12.2024, 13.45 बजे। **एए/2, एमपीएस–एएसएन–एसयूआरआई–एमपीएस–10–24–1,** सिउड़ी रेलवे स्टेशन पर प्लेटफॉर्म शेड से सांईथिया सिरे तक 15 मीटर, प्लेटफॉर्म नं. 2–3 पर 05 वर्ष की अवधि के लिए मल्टीपरपज स्टॉल (एमपीएस) (6 फीट X 10 फीट = 60 वर्ग फीट) का आवंटन, अनारक्षित के लिए चिह्नित (कोई भी), 20.12.2024, 13.55 बजे। **एए/3, एमपीएस–एएसएन–एसटीएल–एमपीएस–12–24–1,** सिमुलतला रेलवे स्टेशन पर पुराने सर्कुलेटिंग एरिया और पुराने स्टेशन बिल्डिंग (पूर्वी भाग) के पास 05 वर्ष की अवधि के लिए मल्टीपरपज स्टॉल (एमपीएस) (6 फीट X 10 फीट = 60 वर्ग फीट) का आवंटन, अनारक्षित के लिए चिह्नित (महिला), 20.12.2024, 14.05 बजे। **एए/4, एमपीएस–एएसएन–केजेएमई–एमपीएस–7–24–1,** काजोड़ाग्राम रेलवे स्टेशन पर स्टेशन मास्टर कार्यालय के पास प्लेटफॉर्म नं. 1 पर 05 वर्ष की अवधि के लिए मल्टीपरपज स्टॉल (एमपीएस) (6 फीट X 10 फीट = 60 वर्ग फीट) का आवंटन, अनारक्षित के लिए चिह्नित (कोई भी), 20.12.2024, 14.15 बजे। **एए/5, एमपीएस–एएसएन–केएमएमई–एमपीएस–11–24–1,** कुमारधुबी रेलवे स्टेशन पर उद्यान के पास सर्कुलेटिंग एरिया पर 05 वर्ष की अवधि के लिए मल्टीपरपज स्टॉल (एमपीएस) (6 फीट X 10 फीट = 60 वर्ग फीट) का आवंटन, अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित, 20.12.2024, 14.25 बजे। सभी प्रत्याशित बोलीदाताओं को ऊपर दी गई सूची के अनुसार उक्त ई–नीलामी के संपूर्ण विवरण एवं भाग लेने के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखने की सलाह दी जाती है। ASN-256/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर /सा./पूर्व मध्य रेल, समस्तीपुर के द्वारा नीचे लिखे हुए कार्य के संपादन हेतु सक्षम, अनुभवी, वैध विद्युत कन्ट्रेक्टर लाईसेन्स, तकनीकी योग्यता एवं वित्तीय क्षमता धारक संवेदक से निम्न कार्य के लिए भारतीय रेल के आई.आर.ई.पी. एस. वेब पोर्टल पर ई–निविदा के रूप में खुली ई–निविदा आमन्त्रित किया जाता है ।

**निविदा संख्या एवं तिथिः ई.एल.–जी–एसपीजे – 23–ईटी–24–25 (खुली)**

**1. कार्य का नाम तथा स्थानः** समस्तीपुर मंडल के विभिन्न सेवा भवनों में रूफ टॉप सोलर प्लांट का प्रपवधान। **2. कार्य की अनुमानित लागतः** रू. 5,85,59,360/– **3. बयाने /निविदा सुरक्षा की राशिः** रु. 4,42,800.00 **निविदा प्रपत्र का मूल्यः** 0/–(शून्य) **4. प्रस्ताव की वैधता :** 90 दिन **5. निविदा बन्द होने एवं खुलने की तिथि एवं समयः** ई–निविदा बन्द होने की तिथि एवं समयः 27.12.2024 को 12:00 तक **ई – निविदा खोलने की तिथि एवं समयः** 27.12.2024 को 12.30 | **6. वेबसाईट का विवरण जहाँ से निविदा एवं निविदा प्रपत्र की विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती हैः** वेबसाईट **www.ireps.gov.in** मंडल रेल प्रबंधक (वि)/कार्यालय/ समस्तीपुर

**नोटः** उपरोक्त निविदा से संबंधित यदि कोई भी संशोधन ६/परिवर्तन किया जाता है तो उसकी सूचना समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जाएगा बल्कि वेबसाइटः पर अपलोड कर दिया जाएगा।

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/सा.
पूर्व मध्य रेलवे, समस्तीपुर
पीआर/01670/एसपीजे/ईजीएन/टी/24–25/44

**पूर्व मध्य रेल**

**निविदा आमंत्रित**

**ऑन लाईन ई-निविदा ( खुली )**

**निविदा सं.ःईएलजी/जीएस/दानापुर/खुली /14/24–25**

मंडल रेल प्रबंधक पूर्व मध्य रेल दानापुर भारत के राष्ट्रपति की ओर से दानापुर मंडल में उन संबेदकों से जिनके पास वैध विधूत लाइसेंस जो राज्य /केन्द्र सरकार के लाईसेंसिंग बोर्ड द्वारा जारी किया गया हो और वे निविदा पत्र में वर्णित अन्य शर्तो को पूरा करते हों उनसे निम्नलिखित कार्य हेतु ऑन लाईन ई–निविदा (खुली) निविदा आमंत्रित करते हैं ।

**1. कार्य का नामः (ए)** चौसा स्टेशन के 55 एबी पर दिल्ली छोर की ओर प्वाइंट नंबर की शिफ्टिंग के लिए सीएसआर 750एम वाली डाउन लूप लाइन के विस्तार का प्रावधान | **(बी)** चौसा स्टेशन के 56 एबी पर दिल्ली छोर की ओर क्रॉस ओवर नंबर की शिफ्टिंग के लिए सीएसआर 750 एम वाली डाउन मुख्य लाइन के विस्तार का प्रावधान | **2. अनुमानित लागतः** रु. 39,87,958.78/– **3. अग्रधन राशिः** रु 79,800/– **4. निविदा जमा करने की तिथि एवं समयः** 23.12.2024 को 12.00 बजे तक निर्धारित है | 5. उपरोक्त सभी निविदा की वेबसाइट, नोटिस बोर्ड और कार्यालयः क्रिस वेबसाइट http://www.ireps.gov.in वरीय मंडल बिजली इंजीनियर/ गति शक्ति का कार्यालय, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय भवन, पूर्व मध्य रेल, दानापुर ।

**नोटः** विवाद की स्थिति में अंग्रजी नोटिस मान्य होगा ।

कृते मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत/गति शक्ति),
पूर्व मध्य रेल, दानापुर
पीआर/01671/डीएनआरजीएस/ईजीईएन/टी/24–25/48

### नालंदा में सड़क किनारे अधेड़ का शव बरामद

**नालंदा।** नालंदा के राजगीर फोरलेन के कुंडलपुर मोड़ के समीप मंगलवार की सुबह सड़क किनारे अधेड़ का शव बरामद हुआ। जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया। शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। मृतक की पहचान के लिए तस्वीर को सोशल मीडिया और आसपास लोगों से पूछताछ का सहारा लिया जा रहा है। अधेड़ की उम्र 40 से 45 साल के बीच की बताई जा रही है। पहचान के लिए शव को 72 घंटे के लिए सदर अस्पताल के मोर्चरी रूम में रखा जाएगा। दीपनगर थाना अध्यक्ष जितेंद्र राम ने बताया कि मॉर्निंग वॉक कर रहे हैं लोगों की नजर शव पर पड़ी।

**पूर्व रेलवे**

**बिड संख्याः जीईएम/2024/बी/5663990, दिनांकः 05.12.2024,** वरिष्ठ मंडल पर्यावरण एवं गृह व्यवस्था प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा–711101 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए बिड आमंत्रित की जाती हैः **बिड का विवरणः मद कैटेगरीः** सफाई, स्वच्छता और कीटाणुशोधन सेवा–परिणाम आधारित–सार्वजनिक परिवहन स्थान; सामान्य सफाई (झाड़ू लगाना, पोंछना, धूल झाड़ना); आउटडोर, सफाई, स्वच्छता और कीटाणुशोधन सेवा–परिणाम आधारित–सार्वजनिक परिवहन स्थान; सामान्य सफाई (झाड़ू लगाना, पोंछना, धूल झाड़ना); इनडोर, सफाई, स्वच्छता और कीटाणुशोधन सेवा–परिणाम आधारित–सार्वजनिक परिवहन स्थान; हर अंतराल दिवस पर रैग पिकिंग एरिया एवं निर्धारित कचरापेटी में मैल को ले जाना; आउटडोर, सफाई, स्वच्छता और कीटाणुशोधन सेवा–परिणाम आधारित–सार्वजनिक परिवहन स्थान; स्यूअर लाइन की सफाई; आउटडोर **अनुमानित बिड मूल्यः** रु.2,22,94,812.77, **ईएमडी का विवरणः एडवाइजरी बैंकः** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया। **ईएमडी की राशि :** रु.2,61,474/–, **ईपीबीजी विवरणः एडवाइजरी बैंक :** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया। **ईपीबीजी प्रतिशत(%) :** 5.00, **ईपीबीजी की अपेक्षित अवधि (महीने)ः** 26, **अनुबंध अवधिः** 2 वर्ष। **बिड पेशकश वैधता (बंद होने की तारीख से) :** 90 दिन। **बिड बंद होने की तारीख/समयः** दिनांक 26.12.2024 को 14.00 बजे। **बिड खुलने की तारीख/समयः** दिनांक 26.12.2024 को 14.30 बजे। **बिडर का न्यूनतम औसत वार्षिक टर्नओवर (3 वर्षों का)ः** रु.111 लाख। **उन्हीं/समान सेवाओं के लिए अपेक्षित विगत अनुभव के वर्ष :** 3 वर्ष। **इसी तरह की सेवाओं का पिछला आवश्यक अनुभव है :** हाँ। **अनुभव के वर्षों से और टर्नओवर के लिए एमएसई को छूट प्राप्त हैः** नहीं। **अनुभव के वर्षों से और टर्नओवर के लिए स्टार्टअप को छूट प्राप्त हैः** नहीं। **बिड से रिवर्स नीलामी सक्रिय किया :** नहीं। **विक्रेता से मांगे गए दस्तावेज :** अनुभव मापदंड, बिडर टर्नओवर, प्रमाणपत्र (एटीसी में अनुरोध किया गया), अतिरिक्त दस्तावेज 1 (एटीसी में अनुरोध किया गया), अतिरिक्त दस्तावेज 2 (एटीसी में अनुरोध किया गया),*यदि कोई बिडर अनुभव/टर्नओवर के मानदंड से छूट चाहता है, तो ऐसी छूट के लिए उनकी पात्रता को प्रमाणित करने वाले समर्थित दस्तावेज क्रेता द्वारा अवश्य ही मूल्यांकन के लिए अपलोड किए जाएं। **बिड का प्रकार :** दो पैकेट बिड। **मूल्यांकन विधि :** कुल मूल्यवार मूल्यांकन। **तकनीकी मूल्यांकन के दौरान तकनीकी स्पष्टीकरण हेतु अनुमत समय :** 2 दिन। HWH-471/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## संक्षिप्त समाचार

### विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**डेहरी ऑन सोन (रोहतास) (नि.सं.)।** गुरुकुल विद्यालय सुजानपुर में निदेशक आरपी सिंह व प्रधानाध्यापक कुमार सविनय के नेतृत्व में निबंध लेखन व सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बिहार विधान परिषद अध्यक्ष के प्रतिनिधि प्रकाश गोस्वामी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि गुरुकुल एक पौराणिक व्यवस्था है जिसमें बच्चे शिक्षा के साथ संस्कार भी सीखते हैं। इस तरह के प्रतियोगिता से बच्चों में चौमुखी विकास होती है। विद्यालय के निदेशक ने अतिथियों को अंग वस्त्र व बुके से सम्मानित किया। प्रतियोगिता में अव्वल स्थान पाने वाले 55 बच्चों को मोमेंटो नोट बुक कलर, पेन एग्जाम बोर्ड आदि देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाध्यापक ने धन्यवाद ज्ञापन सौंपा। मौके पर स्कूल के सभी शिक्षक व कर्मी मौजूद थे।

### ऑन लाईन सामान मंगाना खुले बाजार को कर रहा धूमिल

**डेहरी ऑन-सोन (रोहतास) (नि.सं.)।** में आज के महंगाई के इस दौर में व्यापार करना मुश्किल होता जा रहा है। घर बैठे छोटे-बड़े सामानों का ऑनलाइन ऑर्डर करने का शौक मीडियम दुकानदारों पर भारी पड़ रहा है, जिसका परिणाम अब नजर आने लगा है। दुकानदारी के दौरान ग्राहकों की कम संख्या और महंगे दामों पर मिल रही सामग्री से दुकानदारों को मुश्किलें हो रही हैं। कुछ दुकानदारों का कहना है कि उनके सामान पहले से महंगे दामों पर मिल रहे हैं, और उस पर मिलने वाला मुनाफा भी पहले जैसा नहीं रह गया है। इसके साथ ही, लोगों की क्रयशक्ति में भी कमी आई है, जिसके कारण लोग सोच-समझकर आवश्यक सामानों की खरीदारी कर रहे हैं। यदि यह स्थिति आगे भी बनी रही, तो मध्यम दुकानदारों का भविष्य संकट में पड़ सकता है, जो बाजार की रौनक होते हैं। बेहिसाब बढ़ते किराया, बिजली बिल, और टैक्स व्यापार की कमर तोड़ने में कोई कसर नहीं छोड़ते हैं। ज्यादातर व्यापारी भविष्य की चिंता में परेशान हैं और इस सवाल का जवाब ढूंढ रहे हैं कि वे क्या करेंगे और उनके परिवार का क्या होगा।

### मीटर बायपास कर विद्युत उपयोग कर रहे चार पर प्राथमिकी दर्ज

**कोचस (रोहतास) (नि.सं.)।** विद्युत विभाग ने परसथुआ बजार के विभिन्न हिस्सों में धावा दल के साथ छापेमारी करते हुए मीटर बायपास कर विद्युत उपयोग कर रहे चार को पकड़ जुर्माना करते हुए मंगलवार को स्थानीय थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। सहायक विद्युत अभियंता राहुल कुमार ने बताया कि परसथुआ बजार के विभिन्न हिस्सों में मीटर बायपास कर विद्युत चोरी कर उपयोग कर रहे लोगों के प्रति विभाग छापेमारी अभियान चलाई जहां पकड़े गए अब्दुल हसन पिता नसरुद्दीन इदरीसी के ऊपर 17970 हजार रुपए मोहम्मद हाफिज अंसारी पिता खलील अहमद के उपर 9130 रुपए, एवं मनोज कुमार वर्मा पिता बैजनाथ प्रसाद वर्मा के ऊपर 17698 हजार रुपए और बसीरन बीवी के ऊपर 13254 हजार रुपए का राजस्व की छती लगा स्थानीय थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। उन्होंने उपभोक्ताओं से कहा कि जो भी विद्युत कनेक्शन नहीं कराए हैं वह सुविधा एप के माध्यम से आवेदन दे विद्युत कनेक्शन अवश्य कर ले तथा जो मीटर बायपास कर विद्युत का उपयोग कर रहे हैं वह दुरुस्त कर ले, अन्यथा जांच के दौरान भारतीय विद्युत अधिनियम 2023 एवं धारा 135 के तहत प्राथमिक की दर्ज कराई जाएगी।

### आपसी विवाद में युवक की हत्या, जांच में जुटी पुलिस

**काराकाट (रोहतास) (नि.सं.)।** थाना क्षेत्र के अमरथा गांव में जमीन विवाद में एक युवक की पीटकर हत्या करने का मामला सामने आया है। मृतक अमरथा गांव निवासी 35 वर्षीय मनोज कुमार बताया गया है। वह चाय-नाश्ते की दुकान चलाता था। पुलिस ने सोमवार को शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। उसके भाई ने कहा कि वह दुकान में सोया हुआ था। इस बीच आरोपियों ने उसकी पिटाई कर दी और गर्दन दबाकर मारने की कोशिश की। सुबह जानकारी होने पर परिजन घायल मनोज को लेकर अस्पताल पहुंचे।

# बीडीओ पर हारे सदस्यों को प्रमाण पत्र देने का आरोप

**निज संवाददाता | राजपुर (रोहतास)**

नवनिर्वाचित राजपुर पैक्स अध्यक्ष शोभनाथ कुमार गुप्ता ने राजपुर बीडीओ सह निर्वाची पदाधिकारी रवि राज पर बिजयी उमीदवार के जगह हारे हुए दो पैक्स सदस्य को जीत का प्रमाण पत्र देने का गम्भीर आरोप लगाया है। निर्वाचित राजपुर पैक्स अध्यक्ष द्वारा जिलाधिकारी रोहतास व प्राधिकार पटना को लिखे पत्र में कहा गया है कि सामान्य कोटी से बिजेंद्र कुमार तथा सामान्य महिला कोटी से संगीता देवी पैक्स चुनाव में सदस्य पद की उम्मीदवार थे। बिजेंद्र कुमार को मतगणना के दौरान 293मत प्राप्त हुआ। जबकि संगीत को 279 मत मिला था। लेकिन बीडीओ सह निर्वाची पदाधिकारी ने बिजयी दोनों सदस्यों की जगह 150 मत प्राप्त कर चुनाव हारे दशरथ प्रसाद तथा 179मत पाने वाली महिला सुमन देवी को प्रमाण पत्र दे दिया। प्रमाण पत्र से बंचित बिजेंद्र कुमार व संगीता देवी ने कहा कि गत पांच दिसंबर को मतगणना समाप्त होने पर निर्वाचन कार्यालय से हम दोनों की जीत का घोषणा हुआ। घोषणा बाद प्रमाण पत्र लेने गए तो निर्वाची पदाधिकारी सह बीडीओ ने कहा कि आज नहीं कल आना इसी तरह आज कल टालते रहे सोमवार को जब निर्वाचित पैक्स अध्यक्ष शोभनाथ के साथ निर्वाचन कार्यालय गए तो बोले की तुम लोग हार चुके हैं। बिजयी सदस्यों को प्रमाण दे दिया गया। मजेदार बात तो यह है कि मतगणना के बाद ही ई 18 फार्म भरकर पैक्स प्राधिकार के साइट पर अपलोड करना है। लेकिन बीडीओ द्वारा ई 18 फार्म 9 दिसम्बर की शाम 5बजे के बाद अपलोड किया गया है। जो निर्वाचन नियमावली के विरूद्ध है। इतना ही नहीं मतगणना की घोषणा के बाद उसी दिन बिजयी उम्मीदवार को जीत का प्रमाण देने का प्रावधान है। लेकिन राजपुर बीडीओ ने ऐसा न कर अपने तो शक के घेरे में आ ही गए हैं। पुरे चुनावी प्रक्रिया को कटघरे में खड़ा कर दिया है। जिसे ले क्षेत्र में अटकलों का बाजार गर्म है जितनी मुह उतनी बातें होने लगी है। सवाल उठता है कि आखिर निर्वाचन पदाधिकारी के समक्ष कौन सी मजबूरी थी कि मतगणना के दिन सदस्यों को प्रमाण निर्गत नहीं किया गया। तथा प्राधिकार पटना के साइट पर ई 18 फार्म अपलोड़ नहीं हुआ। इस सम्बन्ध में बीडीओ सह निर्वाची पदाधिकारी रवि राज से बात करने का प्रयास किया गया लेकिन राजपुर में न होने के चलते बातें नहीं हो। उनके मोबाइल संख्या 9031075859 स्वीच ऑफ बता रहा था। सुनते ही पैक्स अध्यक्ष शोभनाथ व बीडीओ में झड़प शुरू हो गई देखते ही देखते हथापाई की नौबत आ गई। बीडीओ ने राजपुर थाना पहुच निर्वाचित पैक्स अध्यक्ष पर मारपीट की प्राथमिकी कराई। बीडीओ प्राथमिक उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कराया गया।

## बिहार में शराबबंदी पर कार्रवाई: कई पुलिसकर्मी निलंबित



**निज संवाददाता | पटना**

बिहार में पूर्णशराबबंदी है। इसके बावजूद इसकी तस्करी धड़ल्ले से हो रही है। मोतिहारी जिले में शराबबंदी कानून के प्रभावी क्रियान्वयन में लापरवाही बरतने वाले पुलिसकर्मियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए, एसपी स्वर्ण प्रभात ने कई पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया है। जानकारी के अनुसार, हरपुर थानाध्यक्ष विश्वजीत कुमार को शराबबंदी कानून के उल्लंघन के मामलों में लापरवाही बरतने के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। इसके अलावा, नगर थाना में इस्तेहार और कुर्की की कार्रवाई में लापरवाही बरतने के कारण अपर थानाध्यक्ष किशन पासवान को भी निलंबित कर दिया गया है। साथ ही, इस मामले में थानेदार से लेकर सिपाही तक के वेतन को स्थगित कर दिया गया है। एसपी के इस कड़े कदम से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है।

# प्रेमिका की वजह से प्रेमी की गई जान

**निज संवाददाता | कटिहार**

कटिहार जिले के कुरसेला थाना क्षेत्र से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। डुमरिया गांव में एक 21 वर्षीय युवक, सुमन कुमार, की उसके प्रेमिका के घर पर बेरहमी से पिटाई के बाद मौत हो गई। आरोप है कि हत्या प्रेमिका के पिता ने की, जो घटना के बाद से अपनी बेटी के साथ फरार है। सुमन कुमार पास के एक शादी समारोह में गया था। इस दौरान उसकी प्रेमिका, जो समेली के ठाकुरबाड़ी टोला की रहने वाली है, ने उसे मिलने के लिए बुलाया।जब सुमन प्रेमिका के घर पहुंचा, तो गांववालों ने उसे देख लिया और यह खबर लड़की के पिता को दी। लड़की के पिता ने घर का दरवाजा बंद करवा दिया और सुमन को कमरे से बाहर निकलते ही पकड़ लिया। उन्होंने परिवार के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर सुमन को बांधकर बुरी तरह पीटा। प्रेमिका ने सुमन को बचाने का प्रयास किया और अपने जीजा व भाई को इसकी जानकारी दी। लेकिन जब वे पहुंचे, तब तक सुमन बेहोश हो चुका था। सुमन को गंभीर हालत में पहले समेली स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, फिर कटिहार और अंततः पटना के पीएमसीएच रेफर किया गया। हालांकि, पटना में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सुमन के परिजनों ने घटना की सूचना कुरसेला पुलिस को दी।पुलिस ने प्रेमिका के घर दबिश दी, लेकिन पिता मनोज साह पहले ही अपनी बेटी के साथ फरार हो चुका था। आशंका जताई जा रही है कि पिता बेटी की भी हत्या कर सकता है।

# गंडक नदी किनारे बालू में दबा मिला अज्ञात युवक का शव

**निज संवाददाता | पश्चिम चंपारण**



पश्चिम चंपारण जिले के बगहा में नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड संख्या 8 में गंडक नदी के किनारे एक अज्ञात युवक का शव बालू में दबा हुआ मिला है। इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पठखौली थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि युवक की हत्या कर उसके शव को यहां फेंका गया है। शव पर चोट के निशान होने की बात सामने आ रही है।

# जमीनी विवाद में खुनी झड़प, एक युवक को मारी गोली

**निज संवाददाता | सासाराम (रोहतास)**

जमीन विवाद को लेकर दो परिवारों के बीच हुए संघर्ष में एक युवक को गोली लग गई है। जिसे परिजनों ने जमुहार स्थित नारायण मेडिकल कॉलेज में प्राथमिक उपचार के पश्चात बेहतर इलाज के लिए बनारस भर्ती कराया है। घटना सासाराम मुफस्सिल थाना क्षेत्र के भैसहीं गांव की बताई जाती है। मंगलवार की सुबह परिवार के दो पाटीदारों के बीच जमीन विवाद को लेकर झड़प चल रही थी इसी दौरान एक पक्ष के राकेश राय नामक युवक ने दूसरे पक्ष के कमलेश राय को झड़प के दौरान हीं गोली मार दी। जिससे कमलेश राय बुरी तरह घायल हो गए। आनन-फानन में परिजनों ने घायल को इलाज के लिए जमुहार स्थित नारायण मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया, लेकिन चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद घायल को बेहतर इलाज के लिए बनारस रेफर कर दिया। वहीं घटना के संदर्भ में मुफस्सिल थाना अध्यक्ष रौशन कुमार ने बताया कि भैसहीं गांव में जमीन विवाद को लेकर दो परिवारों के बीच हुई झड़प में एक 40 वर्षीय व्यक्ति को गोली लगने की सूचना प्राप्त हुई थी, जिसको लेकर घटना स्थल पर पुलिस टीम को भेजा गया था। उन्होंने बताया कि फिलहाल घायल का बनारस में इलाज चल रहा है और पुलिस पूरे मामले पर नजर बनाए हुए हैं। उनके अनुसार 40 वर्षीय घायल कमलेश राय भैसहीं गांव निवासी मित्रभान राय के पुत्र हैं, जबकि आरोपी राकेश राय भी उसी गांव के निवासी हैं। हालांकि अब तक पीड़ित पक्ष द्वारा थाने को आवेदन नहीं दिया गया है लेकिन फिर भी पुलिस अपने स्तर से परिजनों का बयान दर्ज कर रही है। इधर घटना के बाद से गांव में दहशत का माहौल है और आरोपी व्यक्ति भी फिलहाल पुलिस गिरफ्त से बाहर है। बताया जाता है कि गांव के एक हीं परिवार के दो पाटीदारों के बीच काफी लंबे समय से किसी जमीन को लेकर विवाद चल रहा था लेकिन मंगलवार को विवाद इतना ज्यादा बढ़ गया कि एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर गोली चला दी, जिसमें कमलेश राय बुरी तरह घायल हो गए। जानकारी के मुताबिक गोली कमलेश राय के पेट में लगी है और उनकी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है।

# बिल सुधार, कृषि कनेक्शन व स्मार्ट प्रीपेड मीटर के शिकायतों का निवारण को ले विशेष शिविर का आयोजन

**निज संवाददाता | विक्रमगंज (सासाराम)**



विद्युत आपूर्ति प्रशाखा बिक्रमगंज के विभिन्न पंचायत स्तर पर विद्युत उपभोक्ताओं के बिजली बिल सुधार एवं विद्युत सम्बंधित समस्याओ का समाधान हेतु 9 से 14 दिसंबर तक विशेष कैंप का आयोजन करने हेतु निदेश प्राप्त है। कनीय विद्युत अभियंता, बिक्रमगंज नवदीप गोयल ने बताया कि मंगलवार को पंचायत सरकार भवन कुसुम्हरा में आयोजित शिविर में विद्युत उपभोक्ताओं के विभिन्न शिकायत यथा विद्युत आपूर्ति, स्मार्ट मीटर से संबंधित शिकायत, विद्युत विपत्र सुधार, विपत्र भुगतान, नए विद्युत संबंध, कृषि हेतु विद्युत संबंध, खराब मीटर को बदलने हेतु एवं अन्य प्राप्त आवेदन का त्वरित निष्पादन हेतु उपभोक्ता पहुंचे। कुछ उपभोक्ताओं का बिजली बिल ऑनस्पॉट सुधार कर दिया गया, जिनके विपत्र में ऑनस्पॉट सुधार संभव नहीं थे उनका आवेदन पत्र ले लिया गया है तथा सात कार्यदिवस में सुधार कर दिया जाएगा। खबर लिखने तक कुसुम्हरा पंचायत भवन पर कुल 21 आवेदन प्राप्त हुए जिसमे कैंप स्थल पर ही 8 आवेदनों का निष्पादन कर दी गयी है। विद्युत विपत्र सुधार कैंप मे ख़राब मीटर वाले उपभोक्ता के परिसर का मीटर भी बदला जा रहा है एवं इच्छुक उपभोक्ताओं के द्वारा अपना बकाया राशि भी जमा किया गया। विद्युत विपत्र सुधार शिविर में जेई बिक्रमगंज नवदीप गोयल, सुपरवाइजर संदीप कुमार, कुसुम्हारा के मुखिया प्रतिनिधि राकेश सिंह, सरपंच प्रतिनिधि धनंजय सिंह, उप मुखिया प्रतिनिधि ज्याउल हक़ एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# नालंदा में ड्यूटी से लौट रहे मुंशी को मारपीट कर किया जख्मी

**निज संवाददाता | नालंदा**



नालंदा जिले के रहुई थाना क्षेत्र के जगतनंदनपुर गांव में एक युवक का जबरन शादी कराने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। मिली जानकारी के मुताबिक पीड़ित युवक बिहारशरीफ कोर्ट में निजी मुंशी के रूप में काम करता है। बताया जा रहा है कि वह ड्यूटी खत्म कर घर लौट रहा था। तभी रहुई थाना क्षेत्र के भंडारी मोड़ के पास कुछ लोगों ने उसे बंधक बना लिया और जबरन जगतनंदनपुर गांव ले गए। वहां युवक के साथ मारपीट की गई और दबाव डालकर उसकी जबरन शादी करा दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही पीड़ित युवक के पिता सुरेंद्र यादव, जो हवनपुरा गांव के रहने वाले हैं। उन्होंने रहुई थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुंचकर युवक को अपने कब्जे में लिया और इलाज के लिए रहुई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। हालाँकि डॉक्टरों ने उसे बेहतर इलाज के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

# बारातियों के साथ मारपीट, दूल्हे के गाड़ी को किया क्षतिग्रस्त

**निज संवाददाता | पटना**



बिहार के नवादा शहर के सोनार पट्टी मुहल्ले में बारातियों के साथ जमकर मारपीट की गई। जिसमें दो युवक बुरी तरह से ज़ख़्मी हो गए। बताया जा रहा है कि महिलाओं और युवतियों के साथ भी मारपीट की गई है। साथ ही महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार किया गया है। मारपीट के दौरान बदमाश युवकों ने दूल्हे के वाहन को भी छतिग्रस्त कर दिया। ज़ख़्मी बारातियों ने बताया कि शहर के गढ़ पर मुहल्ले से बारात मिर्जापुर स्थित माहुरी धर्मशाला जा रही थी। इसी दौरान सोनार पट्टी मुहल्ले में अचानक 15 से 20 की संख्या में युवक अचानक आ गए और बारात में शामिल रहे। सभी लोगों के साथ लाठी डंडे के साथ मारपीट करने लगे। यहां तक महिलाओं के साथ भी मारपीट की गई। मारपीट की घटना को अंजाम देने के बाद सभी युवक वहां से फरार हो गए। तत्काल लोगों ने डायल 112 और नगर थाना की पुलिस को इसकी सूचना दी और ज़ख़्मी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं इस घटना के पीछे का कारण अभी तक पता नहीं चल सका है। जबकि बारात में शामिल लोगों ने कई लोगों की पहचान भी की है और इसकी जानकारी पुलिस को दे दी है। फिलहाल पुलिस मामले की तफ्तीश में जुट गई है। मामला की जानकारी मिलते ही नगर थाना प्रभारी अविनाश कुमार के द्वारा घटनास्थल पर पहुंच कर पूरे मामला की जांच शुरू की गई है। पुलिस को आने से पहले ही सभी बदमाश वहां से भाग गए थे। जैसे ही पुलिस को सूचना मिली कि नगर थाना प्रभारी दलबल के साथ तुरंत मौके पर देर रात पहुंचकर जख्मी को पहले अस्पताल मिलकर भर्ती कराया और इलाज कराया और फिर घटना को अंजाम देने वाले के खिलाफ आगे की कार्रवाई में जुट गए हैं। मोहल्ले की कुछ बदमाशों के द्वारा बारातियों के साथ मारपीट की घटना को अंजाम दिया गया है। इस मामले पर नगर थाना प्रभारी अविनाश कुमार ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। जो जख्मी हुए उनका इलाज किया जा रहा है। बदमाशों के द्वारा एक गाड़ी की शीशा तोड़ दिया गया है। घटना को अंजाम देने वाले को जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा।

# बाउंसर लेकर चलने वालों क़ी अब खैर नहीं, एसपी ने दिये जांच के आदेश

**निज संवाददाता | डेहरी ऑन-सोन (रोहतास)**




वर्तमान समय मे कई ऐसे लोग है जो आम जनो मे अपने भोकाल भरी झूठे रुतबे को बढ़ाचढ़ा कर दिखाने या लोगो मे अपने रौब या भय को जबरन बनाने के लिये निजि अंगरक्ष व सशस्त्र बाउंसर को लेकर सार्वजनिक स्थानों पर यु ही समय बेसमय आते जाते रहते है। इसका प्रचलन बढ़ता ही जा रहा है। इस पर संज्ञान लेते हुये पुलिस अधीक्षक रोहतास रौशन कुमार ने अब कड़ी कार्रवाई का मन बना लिया है। मंगलवार को एक प्रेस वार्ता के दौरान एसपी ने बताया की रोहतास जिले के एक व्यक्ति जाहिद परवेज उर्फ कक्कू खान पिता एम एस हलीम मुहल्ला सुभाषनगर थाना डेहरी नगर अंतर्गत के द्वारा अपने साथ चार व्यक्तियों को सशस्त्र बाउंसर अंगरक्षक की तरह अपने साथ लेकर सार्वजनिक स्थलों पर बराबर घूमने की बात संज्ञान मे आई है जो संगीन है। जिसे उन्होंने गंभीरता से लेते हुये इसपर अपने स्तर से जांच के आदेश दे दिये है उन्होंने बताया की उनके द्वारा सभी पुलिस निरीक्षक सह थानाध्यक्ष एवं ओपी अध्यक्ष को निर्देश दिया गया है की यदि कोई व्यक्ति अपने साथ निजि अंगरक्षक या बाउंसर सशस्त्र अनुज्ञप्तिधारी रखता है तो सत्यापन करे की क्या वह अपने साथ निजि अंगरक्षक रखने की अनुमति प्राप्त किये है या नही किस संस्था द्वारा अंगरक्षक या बाउंसर उपलब्ध कराया जा रहा है क्या संस्था वैधानिक रूप से पंजीकृत है की नही क्या संस्था जीएसटी पंजीकृत है और आयकर विभाग से समन्वय स्थापित कर इसका पूर्ण सत्यापन सुनिश्चित करे अनुज्ञप्तिधारी को शस्त्र कहा से निर्गत किया गया है शस्त्र का अंतिम जांच कब और कहां कराया गया है। कारतूस की उपलब्धता क्या है तथा कारतूस को कितना खर्च किया गया है और किस परिस्थिति मे खर्च किया गया है अंगरक्षक को अपने साथ शस्त्र रखने की अनुमति प्रदान है या नही एवं अंगरक्षक और व्यक्ति का आपराधिक पृष्ठभूमि क्या है, इसी संदर्भ मे उक्त नामित व्यक्ति एवं उसके साथ घूम रहे चारो व्यक्तियों के शस्त्र अनुज्ञप्ति आय के स्रोत की जांच हेतु संबंधित विभागों से मिलकर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## ट्रेन में सोने-चांदी के गहनों और कीमती सामान की हो रही धड़ल्ले से चारी

**पटना (नि.सं.)।** शादी के सीजन में लोग बड़ी संख्या में रेल यात्रा करते हैं और अपने साथ सोने-चांदी के जेवरात भी ले जाते हैं। ऐसे में चोरों के लिए ये एक अच्छा मौका होता है। कटिहार रेल पुलिस ने हाल ही में तीन ऐसी घटनाओं का खुलासा किया है, जिनमें शादी समारोह में शामिल होने जा रही महिला यात्रियों के बैग या अटैची से जेवरात चोरी हो गए थे। ये घटनाएं मानसी, कटिहार और जोगबनी रेलवे स्टेशनों पर हुईं। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए चोरी गए जेवरात बरामद किए हैं और आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है। कटिहार रेल एसपी डॉ. संजय भारती ने यात्रियों को सलाह दी है कि कभी भी सभी जेवरात एक ही बैग या अटैची में न रखें।

# एनटीपीसी कांटी द्वारा निःशुल्क नेत्र जांच और ऑपरेशन शिविर का आयोजन

**निज संवाददाता | मुजफ्फरपुर**




एनटीपीसी काँटी ने सामाजिक नैगमिक दायित्व के तहत दिनांक 10-12-2024 को आवासीय परिसर में निशुल्क नेत्र जांच और ऑपरेशन शिविर के आयोजन किया। विवेकानंद नेत्रालय रामकृष्ण सेवाश्रम, बेला मुजफ्फरपुर के तत्वाधान में आयोजित इस शिविर में कोठिया, ढेमहां, कांटी, कलवारी, पानापुर, पिपराहा, हरौना, टरमा, विशनपुर सुमेर आदि गांवों से लगभग 200 ग्रामीणों ने अपने आंखों की जांच कराई। मधु एस, परियोजना प्रमुख ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की। उन्होंने लोगो को सम्बोधित करते हुए कहा की आप लोगो का सेहत हम लोगो के लिए सर्वोपरि है और इसी क्रम में आज ये नेत्र जांच शिविर का आयोजन हो रहा है। इसी महीने के 21 तारीख को फिर से शिविर का आयोजन होगा और अगले महीने में भी दो बार शिविर का आयोजन होगा। जिनको ऑपरेशन जरुरत होगी उनका निशुल्क ऑपरेशन भी किया जायेगा। उन्होंने लोगो से इस शिविर से भरपूर लाभ लेने की गुजारिश की। जांच के तत्पश्चात जरूरतमंद लोगों को निशुल्क दवाई, चश्मा प्रदान किया गया। जिन ग्रामीणों को आंख की ऑपरेशन की जरूरत है, उनका निःशुल्क ऑपरेशन भी इसी माह 18 तारीख को विवेकानंद नेत्रालय रामकृष्ण सेवाश्रम के देख रेख में करवाया जाएगा। इस कार्यक्रम में तापस साहा, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण), महेश सुथार, अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन), संजीत कुमार, उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन), सभी विभागाध्यक्ष, एचआर, सीएसआर एवं अन्य कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# गबरघिचोर' नाटक में स्त्री के अधिकार और न्याय के संघर्ष को दर्शाया गया

**निज संवाददाता | पटना**



अखिल भारतीय सामाजिक संस्थान के कलाकारों ने भिखारी ठाकुर कृत नाटक 'गबरघिचोर' का भावपूर्ण मंचन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिहार संगीत नाटक अकादमी के पूर्व उपाध्यक्ष और वरिष्ठ रंगकर्मी प्रमोद त्रिपाठी थे। इस नाटक का निर्देशन अरुण कुमार सिंह ने किया, जिसमें भोजपुरी भाषा के शेक्सपियर कहे जाने वाले भिखारी ठाकुर ने एक स्त्री के अधिकार और न्याय के लिए संघर्ष को चित्रित किया है, जो एक पुरुष प्रधान समाज के लिए एक अभिनव उदाहरण है। लगभग 80 साल पहले लिखे गए इस अति प्रगतिशील नाटक के संदेश को कलाकारों ने बड़ी सहजता से मंच पर जीवंत किया है। संगीत की आकर्षक ध्वनि के साथ इस प्रस्तुति को जीवंत बनाने में कलाकारों ने कोई कसर नहीं छोड़ी। मंच पर कलाकारों में लालकेश्वर यादव (पंच), मीना कुमारी (गलीज बहू), धनंजय कुमार (गलीज), मज़हर यादव (गड़बड़ी), विश्वनाथ (घिचोर), और सोहन कुमार (जल्लाद) ने दर्शकों की सराहना प्राप्त की। संगीत की व्यवस्था अखिलेश लाल यादव और सरजूग दास ने की थी।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# संक्षिप्त समाचार

## दलेलपुर में बिजली शिविर आयोजित

**नारदीगंज (नवादा) (नि.सं.)।** बिजली बिल सुधारने व बिल जमा करने के लिए हंडिया पंचायत के दलेलपुर गांव में मंगलवार को शिविर आयोजित हुई। बिजली विभाग के कनीय अभियंता नवीन कुमार सिंह के देखरेख में शिविर हुआ। विभिन्न गांव के 10 उपभोक्ताओं ने बिजली बिल सुधारने व 10 उपभोक्ताओं ने बिल जमा किये।कनीय अभियंता ने कहा शिविर में आये 8 उपभोक्ताओं का बिल को सुधार कर दिया गया है। वही अन्य दो उपभोक्ताओं का हिसुआ में सुधार होगा। वही 10 उपभोक्ताओं ने 22437 रुपये बिल जमा किये हैं। मौके पर जेएलएम विपिन कुमार, अनन्त कुमार, मो0 कल्लू, रंजीत कुमार, सहायक लाइन मैन गोपाल कुमार उपभोक्ता में श्यामलाल, बिनोद कुमार, अरुण यादव, महेंद्र प्रसाद, जगदेव प्रसाद समेत अन्य रहे।

## तीन महिलाओं को हुआ बंध्याकरण

**नारदीगंज (नवादा) (नि.सं.)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारदीगंज में मंगलवार को परिवार नियोजन कार्यक्रम हुआ। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा0 नवीन कुमार ने केंद्र में आये तीन महिलाओं का बंध्याकरण किया। लैब टेक्नीशियन जितेन्द्र कुमार व आशुतोष कुमार ने बंध्याकरण के लिए आये महिलाओं का खून, जांच, मूत्र जांच, रक्त जांच समेत अन्य जांच किया। इस मौके पर एएनएम स्वर्णलता कुमारी, आशिक आलम समेत अन्य रहे।

## मानवाधिकार दिवस पर परिचर्चा

**नवादा (नि.सं.)।** आगामी 14 दिसम्बर को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा श्री आशुतोष कुमार झा ने आज जागरूकता रथ को न्यायालय नवादा परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा कुमारी सरोज कीर्ति द्वारा बताया गया कि यह जागरूकता रथ जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में घूम-घूम कर लोगों को राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में जानकारी देकर लोगों को जागरूक करेगा। उन्होंने बताया कि 14 दिसम्बर 2024 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन होना है। जिसमें सुलह के आधार पर मामलों का निष्पादन किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि 14 दिसम्बर 2024 को 10:00 बजे पूर्वा0 से व्यवहार न्यायालय नवादा परिसर में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत में वनवाद, खननवाद, मापतौल, श्रमवाद ग्राम कचहरी एवं अन्य सुलहनीय योग्य लंबित वादों का निष्पादन किया जायेगा।

## किसानों को डीएपी खाद की कमी पर चिंता

**नरहट (नवादा) (नि.सं.)।** जिला में किसानों को डीएपी खाद की किल्लत की शिकायत पर लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के युवा प्रदेश महासचिव ओंकार सिंह ने संज्ञान लिया है। उन्होंने बताया कि जिले से किसानों को खाद की समस्या का शिकायत मिल रहा है। खाद की समाधान के लिए जिला के सम्बन्धित पदाधिकारी से बात करते हुए जल्द से जल्द किसानों को डीएपी खाद उपलब्ध कराने को कहा और सरकार से भी मांग की है ताकि बिहार के किसानों को किसी प्रकार का दिक्कत का सामना ना करना पड़े। उन्होंने बताया की समय पर खाद उपलब्ध नही कराए जाने पर किसानों को परेशानी होती है। खेत में लगे फसल में समय पर खाद नही पड़ने से उपज में कमी आ जाती है जिससे किसानों को नुकसान का सामना करना पड़ता है।

## शाहपुर पंचायत में विधुत राजस्व संग्रह शिविर

**वारिसलीगंज (नवादा) (नि.सं.)।** बिजली बिल सुधारने व बिल जमा करने करने को लेकर प्रखंड अंतर्गत शाहपुर पंचायत में पंचायत विधुत राजस्व संग्रह शिविर का आयोजन आज किया जायेगा।बिजली विभाग के कनीय अभियंता राहुल कुमार ने बताया की विभागीय निर्देश के आलोक में विधुत उपभोक्ताओं के बिजली बिल सबंधित समस्याओं के निदान एवं बकाये राशि के भुगतान की सुविधा के लिये पंचायतों में विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है।शिविर में विधुत सबंधित अन्य समस्याओं को निष्पदन भी शिविर में कर दिया जाना है। विधुत विपत्र में किसी प्रकार की गड़बड़ी होने पर शिकायत को लेकर उपभोक्ताओं को कार्यालय जाना पड़ता था लेकिन विभाग के द्वारा विधुत सबंधित शिकायतों के निपटारा एवं अन्य सबंधित शिकायतों की सुनवाई ऑन स्पॉट कर दी जाएगी। विभिन्न पंचायतों में लगने वाले शिविर का लाभ उपभोक्ताओं के द्वारा उठाया जा रहा है। विधुत बकाये की राशि जमा करने का भी झंझट समाप्त हो जाता है। उन्होंने उपभोक्ताओं से शिविर का लाभ उठाने का आग्रह किया है।

## 750 लीटर महुआ शराब जब्त

**रजौली (नवादा) (नि.सं.)।** थाना क्षेत्र के हरदिया पंचायत के चोरडीहा जंगल जाने के क्रम में उत्पाद एसआई बब्लू कुमार ने निर्माणाधीन रेलवे ब्रिज के समीप पांच बाइकों पर लदे कुल 750 लीटर देशी महुआ शराब जब्त किया। वहीं उत्पाद बलों को आता देख सभी शराब धंधेबाज बाइक पर लदे शराब को छोड़कर जंगली रास्तों का उपयोग कर भागने में सफल रहे। उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि बिहार मद्दनिषेध को लेकर उत्पाद बलों के सहयोग से बिहार-झारखण्ड की सीमा पर जांच के अलावे दूर-दराज क्षेत्रों में शराब निर्माण, परिवहन, भंडारण, बिक्री एवं सेवन कब विरुद्ध लगातार छापेमारी अभियान की जाती है। बीते सोमवार को चोरडीहा जंगल मे महुआ शराब के परिवहन को लेकर गुप्त सूचना मिली। गुप्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कानूनी कार्रवाई को लेकर छापेमारी किया गया। छापेमारी के दौरान चोरडीहा जंगल के पहले रेलवे ब्रिज के समीप पांच बाइकों होंडा शाइन संख्या बीआर27एस7711, हीरो स्प्लेंडर प्लस संख्या बीआर27एफ1426,होंडा शाइन संख्या बीआर02पीए9620, हीरो डीलक्स संख्या बीआर27एल8530 एवं होंडा शाइन संख्या बीआर02वाई3231 पर बोरा के अंदर रहे काले प्लास्टिक के गैलनों में रहे कुल 750 लीटर देशी महुआ शराब बरामद किया गया। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि जब्त बाइक एवं अज्ञात चालक के अलावे वाहन स्वामियों ले विरुद्ध बिहार उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। इस मौके पर उत्पाद सिपाही, सैप बल एवं गृहरक्षक के जवान मौजूद रहे।

## नींव खुदाई के दौरान मिली बुद्ध की मूर्ति



**नवादा (नि.सं.)।** जिले के वारिसलीगंज प्रखण्ड के मोसमा गांव स्थित गढ़पर पंचायत सरकार भवन निर्माण को ले नीव खुदाई के दौरान मंगलवार को करीब तीन फीट ऊंची भगवान बुद्ध की मूर्ति मिली है। जिसे ग्रामीणों पास स्थित चौहरमल मंदिर के पास रखा गया है। 70 वर्षीय ग्रामीण विष्णुदेव पासवान पासवान ने बताया कि गढ़ पहले सामबे स्टेट का कचहरी भवन हुआ करता था। जो समयांतराल टीला की शक्ल में बदल गया। फिलहाल गढ़ की जमीन पर मोसमा पंचायत सरकार भवन का निर्माण को लेकर नींव की खुदाई की जा रही है। करीब छह फीट खुदाई के बाद जेसीबी से पत्थर टकराने की आशंका हुई। तब खुदाई के दौरान बुद्ध की मूर्ति मिली है। जिसे ग्रामीणों द्वारा साफ सफाई कर पूजा अर्चना की तैयारी की जा रही है। मोसमा ग्रामीण अखिलेश चौधरी, गुड्डू कुमार, नीतीश पासवान, सूरज पासवान समेत अन्य युवाओ ने कहा कि बाबा वीर चौहरमल मंदिर के बगल ही बुद्ध भगवान का मंदिर बनवाया जाएगा। मूर्ति निकलने की सूचना बाद उक्त स्थल पर दर्शन को ले ग्रामीणों की भीड़ उमड़ने लगी है। हलांकि स्थानीय प्रशासन अभी मूर्ति निकलने की बात से अनजान बनी है। नीव खुदाई के दौरान मोसमा गांव से पूरब बधार स्थित गढ़ से प्राप्त मूर्ति भूरे रंग के पत्थर की तीन फीट ऊंची शिला के ऊपरी भाग पर भगवान बुद्ध के सिर से गर्दन तक का आकार बनी है।

# द्वितीय अपील की सुनवाई में 6 परिवादियों की शिकायतों पर कार्रवाई के निर्देश

निज संवाददाता | नवादा



जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश ने अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के तहत द्वितीय अपील की सुनवाई की। द्वितीय अपील के तहत 06 परिवादी उपस्थित हुए जिसको अग्रेतर कार्रवाई हेतु संबंधित पदाधिकारी को जांच कर प्रतिवेदन शीघ्र देने का निर्देश दिया गया। प्रस्तुत द्वितीय अपीलवाद मोहनी देवी, नवल सिंह, पढ़िया देवी, राजेन्द्र पासवान, सविता देवी, सुमित्रा देवी द्वारा प्रथम अपीलीय प्राधिकार, नवादा द्वारा पारित आदेश से विक्षुब्ध होकर बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के तहत ऑनलाईन द्वितीय अपील दायर किया गया। जिसमें संबंधित पदाधिकारी को जांच हेतु भेजा गया एवं जांचोपरान्त कार्रवाई का प्रतिवेदन शीघ्र देने के लिए कहा गया। बिहार लोक शिकायत निवारण अधिनियम 2015 के तहत किसी भी मामले को दो माह के अन्दर सुनवाई कर निवारण कर दी जाती है। प्रखंडों में पंचायतों से संबंधित विवाद/समस्या को अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण कार्यालय, नवादा सदर और रजौली में कोई भी व्यक्ति अपील कर सकते हैं। जबकि जिला स्तरीय समस्याओं एवं परिवादों के निवारण कराने के लिए जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, नवादा का कार्यालय समाहरणालय के मुख्य प्रवेश द्वार के दाहिने तरफ लोक सेवाओं का अधिकार अधिनियम भवन में संचालित है। विवादों के सुनवाई और निवारण में दोनों पक्षों को बुलाकर की जाती है। इसके लिए किसी प्रकार का कोई शुल्क नहीं ली जाती है। शिकायत दर्ज करने एवं निवारण की निःशुल्क व्यवस्था कार्यालय में की गयी है। आदेश से असंतुष्ट होने पर निःशुल्क अपील दायर की जा सकती है। शिकायत का निवारण अब और आसान हो गया है। अब ऑनलाईन भी शिकायतें अपील की जा सकती है। बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के अंतर्गत अपनी शिकायत दर्ज कराएं और निश्चत समय सीमा के अंदर समाधान पाएं।

## बेटी की सगाई करने जा रहे पिता की सड़क हादसे में हुई मौत

**अरवल (नि.सं.)।** पटना -औरंगाबाद एनएच- 139 पर मंगलवार सुबह बड़ा हादसा हो गया। यहां सगाई समारोह में जा रही ऑटो और ट्रक की आमने सामने टक्कर हो गई। जिसमें दुल्हन के पिता की मौत हो गई। जबकि दुल्हन सहित 13 लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। मृतक सहित सभी घायल एक ही परिवार के बताए जा रहे हैं। हादसा बनिया बिगहा गांव के समीप हुआ। बताया गया कि परासी थाना क्षेत्र के मसूदा गांव से आटो पर सवार होकर परिवार के 14 सदस्य सगाई समारोह में शामिल होने जा रहे थे। किंजर सूर्य मंदिर में सतेंद्र साव की पुत्री सिंपल कुमारी की सगाई पालीगंज थाना क्षेत्र के पतौना गांव निवासी पप्पू साव के पुत्र पिंटू के साथ संपन्न कराया जाना था। पूरी तैयारी के साथ किंजर सूर्य मंदिर वर पक्ष के लोग भी पहुंच चुके थे। सगाई की खुशी में महिलाएं शादी के गीत गाते हुए ऑटो पर जा रही थी।

## बड़े प्राइवेट स्कूल में गंभीर बीमारी से ग्रसित छात्र की टीचर ने की बेरहमी से पिटाई

निज संवाददाता | पटना

पटना के प्राइवेट स्कूल में शिक्षक ने मानवता की हद पार करते हुए ब्लड कैंसर से जूझ रहे 12 वर्षीय छात्र की बेरहमी से पिटाई कर दी। जिसमें छात्र की हालत खराब हो गई। छात्र की बेरहमी से हुई पिटाई से नाराज परिजन स्कूल पहुंच गए और हंगामा करने लगे। उन्होंने छात्र को पिटनेवाले टीचर पर कार्रवाई की मांग की। वहीं स्कूल संचालकों ने ऐसी किसी घटना से इनकार किया है। पूरा मामला बुद्धा कॉलोनी थाना क्षेत्र स्थित पी डी पब्लिक स्कूल से जुड़ा है। जहां छात्र सातवीं कक्षा में पढ़ाई करता है। परिजनों का कहना है कि वह पहले से ही गंभीर बीमारी से जूझ रहा है। लेकिन, शिक्षक ने इसका ख्याल भी नहीं रखा और उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी। जिससे उसकी स्थिति गंभीर हो गई। मंगलवार को छात्र के परिजन स्कूल पहुंच गए। जहां उन्होंने आरोपी शिक्षक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की तो स्कूल प्रबंधन ने ऐसी किसी घटना से इनकार कर दिया। जिसके बाद बच्चे के परिजन सीसीटीवी फुटेज दिखाने की मांग करने लगे। बताया जा रहा है कि परिजनों के हंगामे के बाद अब स्कूल प्रबंधन सीसीटीवी फुटेज दिखाने के लिए तैयार हो गया है।

# फोरलेन में अनियमित कट से बढ़ रही सड़क दुर्घटनाएं

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)



थाना क्षेत्र के लालू मोड़ से लेकर हरदिया सेक्टर डी तक फोरलेन में बने डिवाइडर में कई ऐसे अनियमित कट छोड़ दिये हैं, जिसका उपयोग आमलोगों के लिए खतरनाक साबित हो रहा है। इनमें बांके मोड़ एवं सिमरकोल ओवरब्रिज के बिल्कुल समाप्त होते ही सम्राट होटल के समीप डिवाइडर में जबरन बनाये गए कट के समीप ज्यादातर सड़क दुर्घटनायें होते रहती है। इस दौरान कई लोग सड़क दुर्घटना का शिकार होकर जान-माल गवां बैठे हैं। बीते तीन दिनों पूर्व रांची से आ रही एक कार सिमरकोल वाले ओवरब्रिज से तेज रफ्तार से जा रही थी, इसी बीच सम्राट होटल के समीप डिवाइडर के कट का उपयोग करते हुए सड़क पार कर रहे एक ट्रैक्टर से जा टकराई। इस सड़क दुर्घटना में कार में सवार रहे लोग बाल-बाल बच गए। हालांकि कार एवं ट्रैक्टर दोनों को आर्थिक नुकसान सहना पड़ा। वहीं स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि सिमरकोल ओवरब्रिज पर से गुजरने वाली वाहनों की गति तेज होती है और ऐसे में डिवाइडर में बने कट का उपयोग कर सड़क पार करने से दुर्घटना की संभावना ज्यादा बढ़ जाती है। वहीं टोटो, ट्रैक्टर, टेम्पू आदि वाहनों से रजौली बाजार से करीगांव, गैरिबा के अलावे अन्य गांव जानेवाले लोग अनियमित कट का प्रयोग कर दुर्घटना के शिकार हो चुके हैं। स्थानीय लोगों द्वारा पदधिकारोयों से फोरलेन में अनियमित कट को बन्द करने की अपील की गई है।

# आठ सूत्री मांगों को लेकर डीलर्स एसोसिएशन ने की बैठक

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)



प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित सभागार में मंगलवार को फेयर प्राइस डीलस एसोसिएशन के रजौली इकाई की एक बैठक का आयोजन हुआ। इस बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन के प्रखण्ड अध्यक्ष नवशीष कुमार ने किया। प्रखण्ड अध्यक्ष ने बताया कि फेयर प्राइस डीलर्स एसोसिएशन के प्रदेश महामंत्री वरुण कुमार सिंह के द्वारा मुख्यमंत्री को समर्पित 8 सूत्री मांग, जिसमें बिहार के जन वितरण विक्रेता को 30000 रुपये प्रतिमाह मानदेय देने, 300 रुपये प्रति क्विंटल कमिशन देने एवं अतिरिक्त 21 रुपये प्रति क्विंटल डीलर मर्जी मनी देने, पूर्व की भांति अनुकंपा देने या विक्रेता के नॉमिनी को अनुकृति में साझेदारी बनाया जाए, साप्ताहिक छुट्टी निलंबन आदेश लागू करने, विक्रेता को 90 रुपये प्रति क्विंटल कमिशन के अलावा अतिरिक्त मार्जिन मनी 21 रुपये देने एवं आवंटन में हुई विसंगतियां को सुधार कर एक समान समानुपातिक आवंटन करने मैन्युअल पर स्टॉक वितरण पंजी रखने का आदेश को मुक्त करने करने के संबंध में इत्यादि मांग शामिल हैं। सरकार द्वारा डीलरों के मांग को पूरा नहीं किये जाने पर एसोसिएशन द्वारा सरकार के विरुद्ध धरना प्रदर्शन किया जाएगा। साथ ही बैठक के दौरान सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि प्रदेश महामंत्री वरुण कुमार सिंह के नेतृत्व में बिहार सरकार के खिलाफ 17 दिसंबर 2024 को पटना के गर्दनीबाग में आयोजित महाधरना प्रदर्शन में रजौली प्रखंड के सभी विक्रेता भाग लेंगे। इस दौरान एसोसिएशन के महामंत्री योगेंद्र पासवान, कोषाध्यक्ष दरोगी प्रसाद, उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह, ललन सिंह,जितेंद्र प्रसाद सिंह, राजीव कुमार, राजु कुमार गुप्ता, शशिकांत कन्धवे, कुंदन कुमार, अशोक कुमार, बमबम यादव, छोटू राय,चंदन प्रसाद गुप्ता, रामस्वरूप दास के अलावे दर्जनों डीलर मौजूद रहे।

## आस्था फाउंडेशन ने वाणिज्य कर कार्यालय में जागरूकता शिविर का किया आयोजन

निज संवाददाता | पटना

अंटा घाट स्थित वाणिज्य कर कार्यालय में आस्था फाउंडेशन के द्वारा एक मधुमेह और दीर्घकालिक बीमारियों के प्रति जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रमुख वक्ता पब्लिक अवेयरनेस फॉर हेल्थफुल एपरोच फॉर लिविंग (पहल) के चिकित्सा निदेशक एवं प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ0 दिवाकर तेजस्वी ने अपने संबोधन में मधुमेह, उच्च रक्तचाप, मोटापा और हृदय रोगों की रोकथाम के लिए आवश्यक कदमों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इन बीमारियों को समय रहते पहचानकर और प्रभावी प्रबंधन करके न केवल इनसे बचा जा सकता है, बल्कि स्वास्थ्य को बेहतर बनाया जा सकता है। डॉ0 तेजस्वी ने स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, नियमित व्यायाम, संतुलित आहार और तनाव प्रबंधन का महत्व, समय पर जांच रक्त शर्करा, रक्तचाप और कोलेस्ट्रॉल की नियमित जांच की आवश्यकता, शारीरिक सक्रियता, प्रतिदिन कम से कम 30 मिनट का शारीरिक व्यायाम जैसे योग, तेज चलना या जिम, जागरूकता और अनुशासन और व्यक्तिगत स्वास्थ्य के प्रति सतर्कता और नियमित दिनचर्या का पालन करने पर बल दिया। इस शिविर में वाणिज्य कर के अधिकारियों ने बढ़.चढ़कर भाग लिया।

## ठंड से 30 वर्षीय महिला की मृत्यु, पोस्टमार्टम के बाद मृत्यु के कारणों की होगी पुष्टि

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)

थाना क्षेत्र के बहादुरपुर गांव में एक 30 वर्षीय महिला की मौत उसके घर में हो गई। परिजनों के अनुसार महिला की मौत ठंड लगने के कारण हुई है। महिला की मौत की सूचना थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार को मिलते ही थाने में पदस्थापित महिला डेस्क प्रभारी सह एसआई पिंकी कुमारी को पुलिस बलों के साथ बहादुरपुर गांव भेजा गया। मृतिका की पहचान बहादुरपुर गांव निवासी सनोज पासवान की 30 वर्षीय पत्नी रूबी देवी के रूप में हुई है। जांच के दौरान पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। वहीं आसपास के लोगों से बातचीत के दौरान पता चला कि मृतक महिला अपने पीछे दो बेटे एवं एक बेटी को छोड़ गई है। वहीं मृतका रूबी देवी दूसरे के घरों में घरेलू काम किया करती थी एवं विगत कुछ दिनों से बीमार भी थी। मृतका रूबी देवी का पति सनोज पासवान दिहाड़ी मजदूरी का काम कर बच्चों के परवरिश कर रहा था। थानाध्यक्ष ने बताया कि महिला के शव बरामदगी को लेकर यूडी केस दर्ज कर लिया गया है। वहीं महिला के मौत के कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्पष्ट हो पायेगा। इस बाबत अंचलाधिकारी मो. गुफरान मजहरी ने बताया कि महिला की मौत की सूचना मिली है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मृत्यु के कारण का पता चल पाएगा। साथ ही कहा कि यदि महिला की मौत ठंड से हुई होगी, तो मृतक के आश्रित को आपदा प्रबंधन की ओर से चार लाख रुपये की राशि मुआवजे के रूपमें दिया जाएगा।

# अपार आईडी कार्ड को लेकर मध्य विद्यालय में अभिभावकों के साथ की गई बैठक

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)



प्रखण्ड मुख्यालय स्थित राजकीय मध्य विद्यालय रजौली में मंगलवार को प्रधानाध्यापिका ममता रानी के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं के अभिभावकों के साथ एक बैठक की गई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य नाबालिग छात्र-छात्राओं के अपार आईडी कार्ड के लिए अभिभावकों की सहमति प्राप्त करना था। प्रधानाध्यापिका ने बताई कि अपार आईडी में छात्र की पूरी पढ़ाई-लिखाई का विवरण होगा। इस आईडी कार्ड पर छात्रों के लिंग, जन्मतिथि, पैरेंट्स का पता और फोटो होगी। इसके अलावा इसमें मार्कशीट, सर्टिफिकेट, डिग्री-डिप्लोमा प्रमाण पत्र, कैरेक्टर सर्टिफिकेट, स्कूल ट्रांसफर सर्टिफिकेट सहित अन्य दस्तावेज जैसे डेटा भी होंगे। अपार आईडी में छात्रों के ब्लड ग्रुप, उनकी ऊंचाई और वजन जैसी जानकारियां भी शामिल हो सकती हैं। अपार आईडी को छात्र के आधार कार्ड से जोड़ा जाएगा, अगर छात्र नाबालिग है, तो अपार आईडी बनाने के लिए माता-पिता से अनुमति जरूरी है। छात्र-छात्राओं का आधार कार्ड अपार आईडी से माता-पिता की सहमति से ही जोड़ा जाएगा। अपार आईडी केंद्र सरकार की 'वन नेशन वन स्टूडेंट आईडी' स्कीम के तहत बन रही है।इसमें प्रत्येक छात्र को एक 12 अंकों का यूनिक आईडी नंबर मिलेगा। अपार आईडी बनने के बाद फर्जी एजुकेशन डॉक्यूमेंट जैसे मामलों पर नकेल कसेगी। एडमिशन के समय छात्रों का वेरीफिकेशन आसान हो जाएगा। स्कॉलरशिप पाने के लिए क्रेडिट अकमुलेशन, क्रेडिट रिडेम्प्टन, क्रेडिट ट्रांसफर इंटर्नशिप, सर्टिफिकेशन, नौकरी के लिए आवेदन आदि काम काफी आसान हो जाएगा। सरकारी योजनाओं का लाभ सीधा बच्चों को मुहैया कराया जा सकेगा। यह छात्रों का डिजी लॉकर होगा, जिसमें सभी डॉक्यूमेंट एक जगह सेव रहेगा। अपार आईडी से ड्रॉपआउट छात्रों की ट्रैकिंग की जा सकेगी। यह उन्हें मुख्यधारा में लाने में मदद करेगा।

# वंशीधर व्रजवासी के प्रचंड जीत पर नियोजित शिक्षकों ने जताई खुशी

निज संवाददाता | कौआकोल (नवादा)



तिरहुत स्नातक एमएलसी सीट पर हुए उपचुनाव के बाद मंगलवार को घोषित परिणाम में निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर बिहार परिवर्तनकारी प्रारम्भिक शिक्षक संघ के राज्य अध्यक्ष वंशीधर ब्रजवासी की हुई प्रचंड व अप्रत्याशित जीत पर प्रखण्ड के शिक्षकों में काफी खुशी का माहौल है। शिक्षकों ने कहा कि वंशीधर व्रजवासी की यह जीत ने निश्चित रूप से राज्य के सभी नियोजित शिक्षकों की मान सम्मान का रक्षा की है और राज्य सरकार के शिक्षकों के विरुद्ध दमनात्मक नीति पर करारा तमाचा मारने का काम किया है। नियोजित शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रीतम कुमार, कोषाध्यक्ष अरविंद कुमार, सचिव दिनेश कुमार,उपाध्यक्ष संजीव कुमार, सक्रिय सदस्य प्रकाश कुमार यादव, अनुज प्रसाद यादव, नंद किशोर प्रसाद यादव, अरुण कुमार,दिवाकर प्रसाद, मोहम्मद फिरोज सहित दर्जनों शिक्षकों ने वंशीधर व्रजवासी की जीत पर तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के मतदाताओं के प्रति आभार जताते हुए नवनिर्वाचित एमएलसी को बधाई दिया है।

## पुलिस ने अपराधियों के मंसूबे पर फेरा पानी

निज संवाददाता | मोतिहारी

मोतिहारी पुलिस ने अपराधियो के मंसूबे पर पानी फेर दिया है। बड़ी घटना को अंजाम देने फार्च्यूनर गाड़ी से पहुचे चार अपराधियो को हथियार के साथ पुलिस ने घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार अपराधी पटना व बेगूसराय जिला के बताये जा रहे है। गिरफ्तार अपराधियों से पुलिस पूछताछ में जुटी है। गुप्त सूचना पर एसपी द्वारा गठित एसआईटी टीम ने यह कार्रवाई किया है। सिकरहना डीएसपी अशोक कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने ढाका गांधी चौक के पास कार्रवाई किया है। बता दें की मोतिहारी एसपी स्वर्ण प्रभात को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ अपराधी किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए इकट्ठा हुए है। एसपी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सिकरहना डीएसपी अशोक कुमार के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया। एसआईटी ने सूचना सत्यापन के उपरांत सघन वाहन जांच कर फार्च्यूनर गाड़ी पर बैठे चार लोगों का जांच किया।

# भारी मात्रा में स्मैक के साथ तस्कर को किया गिरफ्तार

निज संवाददाता | खगड़िया

जिले में आरपीएफ को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। दरअसल आरपीएफ निरीक्षक ज्ञानेश कुमार के निर्देश पर उपनिरीक्षक बबली कुमारी, आरक्षी अविनाश कुमार, आरक्षी चंदन कुमार मानसी स्टेशन पर गस्ती व निगरानी कर रहे थे। इसी दौरान प्लेटफार्म नंबर 3 पर एक व्यक्ति काला रंग के बैग के साथ संदिगध अवस्था मे घूम रहा था। पुलिस को देखते ही उक्त व्यक्ति भागने लगा। जिससे उसे पुलिस ने अपने गिरफ्त में लेकर छानबीन शुरू किया तो उसके बैग से 2kg 77 gram स्मैक बरामद किया गया। उक्त युवक की पहचान पश्चिम बंगाल के मालदा पश्चिम जिले के सोना हलदर के रूप में हुई है। चुकी यह मामला एनडीपीएस एक्ट का बनता है। इसके मद्देनजर मॉनसी अंचलाधिकारी को खबर किया गया। प्रभार मानसी के प्रखण्ड विकास पदाधिकारी राजीव कुमार की उपस्थिति में बैग को खोला गया।

# बिजली कम्पनी के सहयोग से चिन्हित विद्यालयों में अलमीरा एवं बुक सेल्फ का होगा वितरण

निज संवाददाता | वारिसलीगंज (नवादा)



बिहार ग्रीड कम्पनी लिमिटेड शेखोपुरसराय उपकेन्द्र बैनर तले सामाजिक एवं सामुदायिक सहभागिता व उत्तरदायित्व के तहत आलमीरा तथा बुक-सेल्फ के आवंटन हेतु दीपक कुमार (प्रबंधक), तनवीर आलम (अभियंता), सुमन सौरभ (अभियंता), सरवन कुमार (कनिय अभियंता), चंदन कुमार (कनिय अभियंता) द्वारा 'टीबीटी द हिस्ट्री मेकर्स' के कोषाध्यध्यक्ष सह सहायक शिक्षक अरविन्द कुमार एवं त्रिपुरारी शरण के नेतृत्व में जिले के मध्य विद्यालय जमुआवाँ, बाली देवनबीघा, प्रा. विद्यालय चांदपुर, जगदीशपुर इत्यादि दर्जनों विद्यालय का भ्रमण कर चिन्हित किया गया। इस दरम्यान विद्यालय में उपस्थित शिक्षिका दीपिका मोहंती एवं नेहा कुमारी ने बताया कि शिक्षक अरविन्द के कुशल नेतृत्व में विद्यालय ने जिला व राज्य स्तर पर दर्जनों बार अपनी पहचान स्थापित किया है, फिलहाल अस्वस्थ हैं और स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं और ऐसी विषम परिस्थिति में भी इनके द्वारा बच्चों के हित में किया जाने वाला यह सेवा भाव वंदनीय है।

## संक्षिप्त समाचार

### एसपी ने जगदीशपुर थाने का किया निरीक्षण

**आरा।** एसपी श्रीराज ने सोमवार को जगदीशपुर थाना का निरीक्षण किए। निरीक्षण के क्रम में एसपी श्रीराज ने थाना के जर्जर भवन और बैरक का निरीक्षण किए। साथ ही एसपी ने थाना में लंबित कांडों का जल्द निष्पादन ,क्राइम कंट्रोल, शराब और शराब की तस्करी पर करवाई और शराब के कांड में शामिल तस्करों के खिलाफ करवाई करने का आदेश दिया। थाना में लंबित कांडों का जल्द निष्पादन का आदेश दिया।

### नवादा थाना क्षेत्र से अज्ञात शव मिला

**आरा।** नवादा थाना क्षेत्र के त्रिभुआनी कोठी मोड के पास स्थित सरकारी बस स्टैंड के पीछे एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला। नवादा थाना के थानाध्यक्ष विपिन बिहारी ने बताया कि शव की पहचान नहीं हो पाई है।सूचना मिलने के बाद पुलिस घटना स्थल पर पहुंच शव को लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज घटना की जांच और मृतक की पहचान कराने में जुट गई है।

### शिक्षा विभाग ने दो एचएम से मांगा स्पष्टीकरण

**आरा।** विद्यालय से बिना छुट्टी लिए गायब रहने व स्कूल में हरे पेड़ की कटाई के मामले में दो प्रधानाध्यापकों से स्पष्टीकरण मांगा गया है। शिक्षा विभाग ने इन दोनों प्रधानाध्यापकों से 24 घंटे के भीतर स्पष्टीकरण का जवाब मांगा है। सर्व शिक्षा अभियान के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी चंदन प्रभाकर ने बताया कि राजकीय बुनियादी मध्य विद्यालय महुली के प्रभारी प्रधानाध्यापक ने हरे-भरे पौधों की कटाई की है जो कि नियमों के खिलाफ है। पूर्व से रोपित पौधों को बिना किसी विभागीय अनुमति के काटा गया है। दूसरी तरफ उत्क्रमित मध्य विद्यालय गनौली के प्रधानाध्यापक से बिना छुट्टी के गायब रहने व बार-बार सभी अभिलेखों की मांग किए जाने के बावजूद उपलब्ध नहीं कराने पर शिक्षा विभाग ने कार्रवाई की है।

### बीफार्मा छात्रों का हुआ स्वागत

**आरा।** सिद्धनाथ मीरा कॉलेज ऑफ हायर एजुकेशन, कुल्हड़ियामें बीफार्मसत्र, 2024- 28 के छात्रों का स्वागत सम्मान सह परिचय समारोह हुआ।सचिव श्री सिद्धनाथ सिंह नेकहा किसत्रप्रथम 2023 में फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया के द्वारा इस कॉलेज को मान्यता मिली है। बिहार चिकित्सा विश्वविद्यालय द्वारा सत्र 2024- 28 के लिए संबंधन भी मिला है।

### डीआरसीसी में पहले दिन 230 प्रधान शिक्षकों की काउंसलिंग

**आरा।** जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र (डीआरसीसी), धनुपरा में बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा अनुशंसित प्रधान शिक्षकों की काउंसलिंग सोमवार को हुआ। पहले दिन 230 प्रधान शिक्षकों की काउंसलिंग की गई। 14 प्रधान शिक्षक अनुपस्थित रहे। वहीं 6 प्रधान शिक्षकों का ओटीपी नहीं आने से उनकी काउंसलिंग नहीं हुई। स्थापना जिला कार्यक्रम पदाधिकारी रमेश कुमार पाल ने बताया कि पहले दिन काउंसलिंग के लिए 250 प्रधान शिक्षकों को बुलाया गया था। यह काउंसलिंग 13 दिसंबर तक संचालित होगा। काउंसलिंग के लिए पांच स्लॉट बनाया गया है। पहले स्लॉट की काउंसलिंग सुबह 9 से 10:30 बजे तक, दूसरे स्लॉट की काउंसलिंग 10:30 से 12 बजे तक, तीसरे स्लॉट की काउंसलिंग दोपहर 12 से 1:30 बजे तक, चौथे स्लॉट की काउंसलिंग दोपहर 1:30 से तीन बजे तक और पांचवे स्लॉट की काउंसलिंग दोपहर तीन से 4:30 बजे तक हुई।

### 4 वर्षों बाद युवक ने प्रेमिका को छोड़ा, अब दूसरी शादी की

**बक्सर।** शहर में शादी का झांसा देकर चार वर्षों तक यौन शोषण करने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने मामले को लेकर महिला थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। एफआईआर दर्ज होने के बाद महिला थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई में जुट गई है। मिली जानकारी के मुताबिक शहर से सटे मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बाबानगर के रहने वाले विष्णु तिवारी का एक महिला के साथ चार वर्षों से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। करीब 15 दिन पूर्व दोनों से एक बच्चे का जन्म हुआ। इसी बीच आरोपित युवक ने 2 दिसम्बर को दूसरी शादी रचा ली। दूसरी शादी की जानकारी मिलने पर पीड़िता युवक के दरवाजे पर पहुंच गई। उसने शादी का विरोध करते हुए अपने साथ शादी करने की बात कही। जिसे लेकर दोनों के बीच काफी कहासुनी हो गई। पीड़िता ने घटना की सूचना महिला थाना को दी। महिला थाना पुलिस ने पीड़िता के बयान पर आरोपित समेत अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली। महिला थानाध्यक्ष कनिष्का तिवारी ने बताया कि पीड़िता के बयान पर एफआईआर दर्ज करते हुए आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### स्टेशन के बाहरी परिसर में ई-रिक्शा चालकों की मनमानी, यात्री परेशान

**बक्सर।** स्थानीय स्टेशन के बाहरी परिसर में बेतरतीब ढंग से खड़ी रहने वाली ई-रिक्शा के कारण यात्रियों को परेशानी हो रही है। कई बार इनके चालकों को चेतावनी दी गई और कई बार उनके रिक्शा जब्त भी किए गए बावजूद इसके वह अपनी आदतों में सुधार नहीं ला रहे। ऐसे में यात्रियों ने इस बाबत अपना विरोध दर्ज कराया है। व्यवसायी सुनील चौरसिया ने बताया कि वह नियमित रूप से बक्सर से पटना का सफर करते हैं ऐसे में उन्हें ट्रेन पकड़ने के लिए प्रतिदिन रेलवे स्टेशन पर आना पड़ता है, लेकिन जब कोई ट्रेन प्लेटफार्म पर लगी होती है तो यात्रियों की तलाश में ई-रिक्शा चालक वाहन लेकर बेतरतीब ढंग से खड़े रहते हैं जिससे कि जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है और कई बार तो उनकी ट्रेन छूट जाती है। स्थानीय निवासी हृदय नारायण सिंह बताते हैं कि रेलवे के मुख्य द्वार के बाहर नो पार्किंग जोन बनाया गया है। लेकिन यहां भी ई-रिक्शा चालक वाहन लगाकर खड़े हो जाते हैं। ऐसे में यदि कोई उचक्का किसी यात्री का बैग आदि झपटकर भागा तो उसे पकड़ पाना मुश्किल होगा। मुकेश पाठक ने बताया कि ट्रेन पकड़ने आने वाले यात्रियों के साथ-साथ रेलवे स्टेशन रोड से होकर जाने वाले लोगों को भी उसे वक्त काफी दिक्कत होती है जब कोई ट्रेन प्लेटफार्म पर आकर खड़ी हो और सवारियों को भरने के लिए एक ई रिक्शा चालक बेतरतीब ढंग से वाहन लगा देते हैं। आरपीएफ के प्रभारी निरीक्षक दीपक कुमार बताते हैं कि ई-रिक्शा चालकों की मनमानी के खिलाफ कार्रवाई होती है।

### भगवान श्री कृष्ण व रुक्मिणी का हुआ विवाह महोत्सव

**बक्सर।** पाल नगर सोहनी पट्टी में भगवत की असीम कृपा से श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ कथा चल रहा है। बता दें कि यह आयोजन 4 दिसंबर से ही किया गया। नेतृत्व लाल बिहारी प्रसाद कर रहे हैं। यज्ञ में पूजनोत्सव कार्य आचार्य पंडित श्री सिद्धेश्वर नाथ उर्फ शिवपाल जी बनारस, श्री जगदीश नारायण दुबे अध्यक्ष पुरोहित सेवा संघ सिमरी मलियाबाग, बृज नारायण मिश्र बक्सर, रामविलास उपाध्याय पुरोहित द्वारा किया जा रहा है। इस विवाहकर्म में आचार्या सुश्री किशोरी प्रज्ञा पांडे अयोध्या ने अपने सभी टीम के साथ भाग ली है। टीम में नाल पर उमाशंकर, बैंजो पर छट्ठू, जोड़ी पर अखिलेश पांडे एवं हारमोनियम पर रविंद्र कुमार तिवारी साथ दे रहे हैं। कथा के दौरान सोमवार को भगवान श्री कृष्ण व रुक्मणी का विवाह कार्यक्रम संपन्न हुआ। विभिन्न प्रकार से शादी विवाह के मांगलिक कार्यक्रम हुआ। जिसमें महिला पुरुष श्रोता आनंदित आनंदित हो उठे तथा झूमने के लिए मजबूर हो गए। इस अवसर पर लोगों के बीच मिठाइयां बांटी गई। इस दौरान उन्होंने कुछ मार्मिक बातें कहीं। कहा कि जहां ऐश्वर्य होता है या ईश्वर की अर्थात धन दौलत पैसा रुपया अपना या परायों की बात जिस लोगों के बीच या किसी घर या परिवार में होता है उस घर परिवार में लोगों के बीच कभी प्रेम नहीं होता है तो भगवान कहते हैं जिसके जीवन में यह सब हो और जहां सिर्फ ऐश्वर्य की बात होता हो वहां मैं कभी नहीं आ सकता।

### माले की पटना में होने वाली रैली को ले कन्वेंशन

**आरा।** गांधी मैदान पटना में होने वाले महा जुटान के तैयारी को लेकर गोठहुला में भाकपा माले का कार्यकर्ता कन्वेंशन हुआ। कन्वेंशन का संचालन भाकपा-माले राज्य कमेटी सदस्य विजय ओझा ने किया। माले नेताओं ने कहा कि बिहार में पिछले दो दशकों से भाजपा-जदयू की सरकार जिसके मुखिया नीतीश कुमार है। जातीय गणना के अनुसार बिहार के 34% आबादी को महज 6हजार मासिक आमदनी पर जीने को मजबूर किया है। बिहार में 95 लाख जनता को 2-2 लाख रुपए देने का वादा किया था, लेकिन यह सरकार इस सवाल पर गंभीर नहीं है। आवास का भी वही हाल है। गरीबों के विकास के लिए कोई ठोस योजना नहीं है।

# वाहन की टक्कर से 65 साल के बुज़ुर्ग की मौत

निज संवाददाता। बक्सर

◆ आरा- बक्सर फोरलेन पर सड़क हादसा, पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा



आरा-बक्सर फोरलेन स्थित महाराजा कोठी के समीप सड़क हादसे में 65 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान तिलक राय के हाता थानांतर्गत बड़का राजपुर गांव निवासी रघुनाथ चौधरी (पिता स्व. नगीना चौधरी) के रूप में हुई है। रघुनाथ चौधरी ब्रह्मपुर विधायक शंभूनाथ सिंह यादव के करीबी बताए जा रहे हैं सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए भेज मामले की जांच में जुट गई है। घटना मंगलवार को महाराजा कोठी के मेन गेट के समीप हुई, जहां किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आने से रघुनाथ चौधरी की मौत हो गई।

**पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजाः** घटना की जानकारी मिलते ही नया भोजपुर थाना प्रभारी मनीष कुमार सदल-बल मौके पर पहुंचे और शव को अपने कब्जे में लेकर थाने लाए। कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि ट्रक की चपेट में आने से यह घटना हुई, लेकिन हैरानी की बात यह है कि मृतक के शरीर पर किसी प्रकार की चोट का निशान नहीं है, न ही उनकी मोटरसाइकिल को कोई नुकसान पहुंचा है। ऐसे में आशंका जताई जा रही है कि किसी वाहन को अपनी ओर आता देख उन्हें हार्ट अटैक आ गया,जिससे उनकी मौत हो गई। थानाध्यक्ष मनीष कुमार ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। साथ ही मृतक के आवाजाही से जुड़ी जानकारी भी जुटाई जा रही है।घटना की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया है।

## जूनियर जिला क्रिकेट लीग में उमेश क्लब ग्रीन ने 125 रन से हाईटेक क्लब को हराया



निज संवाददाता। आरा

भोजपुर जिला क्रिकेट लीग के जूनियर डिवीजन में सोमवार को हाईटेक क्रिकेट क्लब बनाम उमेश क्रिकेट क्लब ग्रीन के बीच मैच वीर कुंवर सिंह स्टेडियम में हुआ। यह जिला क्रिकेट लीग भोजपुर जिला जिला क्रिकेट संघ के द्वारा आयोजित है। हाईटेक क्रिकेट बनाम उमेश क्रिकेट के बीच मैच में टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए उमेश क्रिकेट क्लब ग्रीन ने 30 ओवर में 9 विकेट खोकर 221 रन बनाए। पीयूष कुमार ने सर्वाधिक 40 रन, प्रियांशु ने 27 रन, प्रथम ने नाबाद 27 रन का योगदान किया। अतिरिक्त रन की संख्या 53 रही। हाईटेक क्रिकेट क्लब की तरफ से गेंदबाजी करते हुए रोहित केशरी ने तीन विकेट, कार्तिक पटेल और गुड्डू ने दो-दो विकेट लिया। मो रशीद को भी दो विकेट मिला, 221 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी हाईटेक क्रिकेट क्लब की पूरी टीम 23.4 ओवर में मात्र 96 रन बनाकर आउट हो गई। हाईटेक क्रिकेट क्लब की तरफ से सागर ने सर्वाधिक 28 रन एवं रोहित केशरी ने 13 रन का योगदान किया। इनके अलावा कोई भी बल्लेबाज दहाई अंकों में नहीं प्रवेश कर सके। इस प्रकार उमेश क्रिकेट क्लब ग्रीन ने यह मैच को 125 रन से जीत लिया। मैच के निर्णायक नवीन कुमार एवं कुणाल कुमार थे। स्कोरिंग अमृतेश राज ने की। मैच के दौरान जिला क्रिकेट संघ के सचिव सह सीनियर खिलाड़ी अभिषेक रंजन, वरुण राज, कुमार विजय, कन्वेयर आकाश कुमार उपस्थित थे। जिला क्रिकेट संघ के सचिव विनीत कुमार राय उर्फ़ ज्ञानू ने बताया कि मंगलवार को आरा क्रिकेट अकादमी बी बनाम अवेंजर क्रिकेट क्लब ब्लू के बीच वीर कुंवर सिंह स्टेडियम में मैच खेला जाएगा।

## फाइनेंस वालों ने ट्रक से युवक को रौंदा, मौत

निज संवाददाता। आरा



ट्रक पर लोन बकाया होने अथवा नहीं होने के विवाद में एक फाइनेंस एजेंसी के कर्मियों ने उस गाड़ी मालिक के चालक पुत्र को जान से मार डाला। फाइनेंस एजेंसी वाले बालू लोड ट्रक को जबरन अपने साथ ले जा रहे थे। ट्रक मालिक के पुत्र ने कहा कि मेरे पास गाड़ी के नो-ड्यूज का पेपर है। लेकिन एजेंट फाइनेंस एजेंसी वाले नहीं माने। ट्रक को गाड़ी मालिक के पुत्र पर चढ़ा दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। मृत 29 वर्षीय सुजीत कुमार, सारण जिले के जहानपुर में वार्ड नंबर-9 के निवासी राम एकबाल राय के पुत्र थे। घटना कोईलवर थाना क्षेत्र में सकड्डी मोड़ से आगे स्टेशन रोड के पास सुबह 7.30 बजे की है। मृतक ट्रक का मालिक सह चालक 29 वर्षीय सुजीत कुमार थे। मृतक के चचेरा भाई मनीष कुमार ने बताया कि सुजीत दो दिन पहले शनिवार को बालू लोड करने के लिए गांव से कोईलवर आए थे। सोमवार को सुबह में कोईलवर क्षेत्र से बालू लोड कर सिवान जिला जा रहे थे। रास्ते में बोलेरो गाड़ी सवार कुछ लोगों ने सकड्डी मोड़ से आगे ट्रक को जबरन रोकवा दिया। उन लोगों ने एक फाइनेंस एजेंसी का नाम लेकर अपना परिचय दिया। कहने लगे; हम लोग एक फाइनेंस एजेंसी के स्टाफ हैं। तुम्हारे ट्रक पर लोन बकाया है। उन लोगों ने ट्रक की चाबी छीन लिया। जबकि, सुजीत बार-बार कह रहे थे कि गाड़ी के ऊपर किसी प्रकार का लोन बकाया नहीं है। मृतक सुजीत दो भाई में बड़ा था। छोटा भाई दीपक है। वह भी ट्रक का ड्राइवर है। सुजीत के चार पुत्र हिमांशु, दिव्यांशु, सूर्यांश और अभियांशु है। पत्नी देवमुनि देवी की पति की मौत की सूचना मिलने के बाद रो रोकर बुरा हाल हो गया है।

# MP ने रेल मंत्री से की मुलाकात

निज संवाददाता। बक्सर

◆ बक्सर के विकास को लेकर सुधाकर सिंह ने की बात, ओवरब्रिज निर्माण को जल्द पूरा कराने पर चर्चा



बक्सर के सांसद सुधाकर सिंह लगातार किसानों और रेल यात्रियों की सुविधा को लेकर आवाज उठाते नजर आते रहते है। लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले रेलवे स्टेशनों की समस्याओं और विकास कार्यों को लेकर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से सांसद ने मुलाकात की है। इस मुलाकात में क्षेत्र की विभिन्न आवश्यकताओं और लंबित मांगों पर चर्चा की बात कही गई। सांसद ने कहा कि रेल मंत्री से मुलाकात के दौरान प्रमुख मुद्दे में अमृत भारत स्टेशन योजना बक्सर, डुमरांव, रघुनाथपुर और चौसा स्टेशन को प्राथमिकता के आधार पर विकसित करने की मांग की गई है। ओवरब्रिज निर्माण कार्य में बक्सर के पांडेय पट्टी, डुमरांव, रघुनाथपुर, चौसा, टूडीगंज और बरुना में ओवरब्रिज का निर्माण जल्द पूरा कराने पर चर्चा किया गया। साथ ही बक्सर स्टेशन पर राजधानी एक्सप्रेस का ठहराव किया जाए।

**काशी-पटना जन शताब्दी एक्सप्रेस का ठहरावः** रघुनाथपुर स्टेशन श्रमजीवी एक्सप्रेस और काशी-पटना जन शताब्दी एक्सप्रेस का ठहराव किया जाए। डुमरांव स्टेशन पर पटना-कोटा ट्रेन (13239) का ठहराव करने का अनुरोध किया गया है। सांसद ने कैमूर मोहनिया ओवरब्रिज मोहनिया स्थित रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण कार्य शीघ्र पूरा कराया जाए। दुर्गावती स्टेशन दुर्गावती स्टेशन पर इनवर्ड कमोडिटी की अनुमति प्रदान की जाए। ट्रेन ठहराव की मांग में विक्रमगंज स्टेशन आरा-रांची एक्सप्रेस (18639) का ठहराव सुनिश्चित किया जाए। फुट ओवर ब्रिज निर्माण कर्मनाशा स्टेशन पर फुट ओवर ब्रिज का निर्माण हो। रेलवे ओवरब्रिज निर्माण चेहरिया में रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण कराया जाए।

**डिहरी से बलिया भाया डुमरांव तक रेलवे का विस्तार करने की मांगः** रेलवे विस्तारआरा से मुंडेश्वरी धाम और डिहरी से बलिया भाया डुमरांव तक रेलवे का विस्तार किया जाए। दुर्गावती व कर्मनाशा स्टेशनरांची-बनारस इंटरसिटी एक्सप्रेस, विशाखापत्तनम-बनारस इंटरसिटी एक्सप्रेस, गया-नई दिल्ली महाबोधि एक्सप्रेस और दून एक्सप्रेस का ठहराव हो। जमानिया स्टेशन काशी-पटना जनशताब्दी एक्सप्रेस, जनसाधारण एक्सप्रेस और दानापुर-सिकंदराबाद एक्सप्रेस का ठहराव सुनिश्चित किया जाए। बता दें किके सांसद सुधाकर सिंह के इस मुलाकात के माध्यम से क्षेत्र के रेलवे स्टेशनों के विकास और यात्री सुविधाओं में सुधार की मांग को रेल मंत्री के समक्ष प्रभावी रूप से रखा गया। उम्मीद है कि इन मांगों पर शीघ्र कार्रवाई होगी, जिससे क्षेत्र के लोगों को फायदा मिलेगा।

# राजपुर के सीओ पर पक्षपात का आरोप

निज संवाददाता। बक्सर

◆ बक्सर में ग्रामीणों ने DM से न्याय की लगाई गुहार, CO बोलीं-गलत वंशावली देने पर लगाई थी फटकार



बक्सर के राजपुर अंचल की सीओ शोभा कुमारी की कार्यशैली को लेकर क्षेत्र के ग्रामीणों में आक्रोश है। भूमि विवाद मामलों में पक्षपात और मनमानी के आरोप लगाते हुए ग्रामीण लगातार वरीय अधिकारियों से न्याय की गुहार लगा रहे हैं। हाल ही में धनसोइ गांव के निवासी ओम नारायण उपाध्याय ने उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को आवेदन देकर सीओ के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। इस पर अभी तक कोई कदम नहीं उठाया गया था कि सखुआना गांव के हृदयनारायण सिंह ने भी जिला पदाधिकारी से सीओ के पक्षपातपूर्ण व्यवहार की शिकायत की।

**सीओ ने ऑफिस से भगायाः** हृदयनारायण सिंह के बेटे धर्मेंद्र कुमार का आरोप है कि उनकी विवादित जमीन का मामला बक्सर कोर्ट में विचाराधीन है। इसके बावजूद सीओ विपक्षी पक्ष से मिलीभगत कर जमीन पर निर्माण कार्य करवा रही हैं। पहले भी सीओ के कार्यकाल में यह मामला जनता दरबार में भी आया था, जहां न्यायालय के निर्णय तक कोई कदम न उठाने का आदेश दिया गया था। धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि 23 नवंबर को सीओ ने उनके पिता को सभी कागजात के साथ अंचल कार्यालय बुलाया। जब वे कागजात लेकर पहुंचे, तो सीओ ने विपक्षी पक्ष के साथ मिलकर अभद्र भाषा का इस्तेमाल करते हुए उनके कागजात फेंक दिए और भगा दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि भूमि विवाद मामलों में निष्पक्षता का पालन नहीं हो रहा है और सीओ अपनी शक्तियों का दुरुपयोग कर रही हैं।

**गलत वंशावली देने का लगाया आरोपः** राजपुर सीओ शोभा कुमारी ने बताया कि हृदया नारायण सिंह का बेटा अंचल में दलाली करने आता था। जिसको लेकर डीएम से शिकायत किया गया है। जब जेल जाने का खौफ हुआ तो आवेदन देना शुरू कर दिया है। उन्होंने बताया कि खातियाधारी के जमीन पर बिना किसी आधार का टाइटल शूट किया है। इस मामले में थाना प्रभारी ने भी इनलोगों के पर कार्रवाई की है। दिए गए वंशावली से भी उनके साथ मैच नहीं कर रहा है। दूसरे पक्ष के पास जामबंदी है, रसीद कट रहा है। मैं किसी को कैसे रोक सकती हूं। कोर्ट का जो आदेश होगा उसका पालन किया जायेगा।

**कोर्ट के आदेश से पहले कैसे हुई रजिस्ट्रीः** भीम सिंह ने कहा कि मैं दूसरे के घर में रह रहा हूं। अपने हिस्से के जमीन पर मकान बना रहा हूं तो उसपर धर्मेंद्र कुमार और उसके पिता ने रोक लगा दिया। मामला जब कोर्ट में है तो ये अपनी हिस्से को जमीन की रजिस्ट्री कैसे कर सकते है।

## गड़हनी में मात्र एक एजेंसी ही खरीदती है धान, नहीं बना है व्यापार मंडल

निज संवाददाता। आरा



स्थानीय गड़हनी प्रखण्ड के 8 पैक्स और गड़हनी नगर पंचायत में क़रीब एक महीने में 5 पैक्स ने 22 किसानों से अभी तक मात्र 2142 क्विंटल धान की अधिप्राप्ति किया है। धान की अधिप्राप्ति 15 नवंबर से करने को लेकर सरकार ने घोषणा की थी। लेकिन नवंबर में पैक्स चुनाव को लेकर अधिप्राप्ति नहीं हो पाया। सभी पैक्स अध्यक्ष अपने चुनाव में लगे थे। प्रखण्ड में 29 नवंबर को चुनाव खत्म हुआ और 30 नवंबर को नतीजा भी आ गया। जिसमें तीन पैक्स में नए अध्यक्ष व बाकी 6 में पुराने अध्यक्ष ने जीत दर्ज किया। लेकिन अभी सभी पैक्स अध्यक्षों ने अपना कार्यकारिणी का गठन नही कर पाए हैं। जिससे धान खरीद में देरी हो रही है। अभी राइस मिल भी टैग नही है कि किस मिल में किस पैक्स का धान जाएगा। जिस पैक्स का अपना गोदाम है या किसी के पास अपना मिल है, वे खरीद कर रहे हैं। अभी तक बराप पैक्स ने 430, हरपुर ने 427, कुरकुरी ने 428, काउप ने 429 व गड़हनी ने 428 क्विंटल धान का खरीद कर चुका है। लेकिन 4 पैक्स बगवां, बड़ौरा, इचरी व बलिगांव अभी तक एक किलो भी धान खरीद नही कर पाया है। क्योंकि किसी का अभी तक कार्यकारिणी का गठन नहीं हुआ है। किसी के पास अपना गोदान नही है। पैक्स में खरीद नही होने से किसानों को सस्ते दामों में साहूकारों के हाथों धान बेचना पड़ रहा है। बगवां के किसान अरबल सिंह, बलिगांव के आस नारायणा सिंह ने बताया कि धान कट गया। लेकिन रखने की जगह नहीं है । पैक्स धान अभी नहीं ले रही है। हमलोगों की मजबूरी है कि साहूकारों को सस्ते दामों में बेचना पड़ रहा है।

## फसल की समस्याओं को दूर करेगा मोबाइल एप

निज संवाददाता। आरा



किसानों की नियमित समस्याओं के सामाधन के लिए एक नए सॉफ्टवेयर एप के प्रयोग की जानकारी किसानों को दी गई। यह प्रशिक्षण शिविर कृषि विज्ञान केंद्र भोजपुर एवं हरवेस्ट प्लस इंडिया के द्वारा हुआ। यह एप धान एवं गेहूं की फसल में किसानों को आ रही समस्याओं सुलभ बनाएगा। इसके प्रयोग के लिए किसानों के पास उपलब्ध साधारण से साधारण मोबाइल के द्वारा उनके द्वारा मांगी गई सूचना उन्हें तुरंत प्राप्त हो जायेगी। इसके लिए उन्हें मोबाइल नंबर +919228800094 के ऊपर फोन करना होगा और उसके बाद उन्हें संस्थान से संपर्क प्राप्त होगा वहा प्रश्न किए जाएंगा और उसके उत्तर देने पर उन्हें अवश्यक जानकारी 24 घंटे उपलब्ध करा दी जाएगी। बिहार के नोडल पदाधिकारी डॉ विरेंद्र कुमार ने बताया कि इसका उद्देश्य सामान्य किसानों को तकनीक से मजबूत बनाना है यह एप छोटे से छोटे मोबाइल पर काम करेगा। केवीके के हेड डॉ पीके द्विवेदी ने बताया कि हरवेस्ट प्लस के सहयोग से जिले में बायोफोर्टिफिफायड धान की खेती खरीफ मौसम में हुई थी और वर्तमान में गेहू के कई उन्नत प्रभेद किसानों को उपलब्ध कराए गए हैं। जिनमें जिंक की प्राचूरता है। आने वाले समय में इनकी बहुत ज्यादा मांग है और इनमें सामान्य गेहूं की तुलना में कई गुना ज्यादा सूक्ष्म पोषक तत्व उपलब्ध है, जिसका प्रयोग करने से सभी का स्वास्थ्य बेहतर होगा। इसके बाजार की भी बेहतर संभावना विकसित हो रही है। पीके द्विवेदी ने कहा कि कुछ दिनों में वर्षा होने की भी संभावना है ऐसी परिस्थिति में आप अपने खेतों में पोटाश जिंक सल्फर बोरान का संतुलित प्रयोग करें जिससे फसल का उचित विकास होगा, मौसम का असर भी नहीं पड़ेगा।

# बक्सर में ऑटोमेटिक ड्राइविंग टेस्टिंग ट्रैक बनकर तैयार

निज संवाददाता। बक्सर



बक्सर के हकीमपुर में ऑटोमेटिक ड्राइविंग टेस्टिंग ट्रैक बनकर पूरी तरह से तैयार हो चुका है। जहां लोगो को डीएल(ड्राइविंग लाइसेंस) निर्गत करने से पहले ऑटोमेटिक ड्राइविंग टेस्टिंग ट्रैक पर ड्राइव टेस्ट को पास कराना होता है। मैनुअल तरीके से वाहन चलाकर ड्राइविंग टेस्ट के बजाय अब बनाए गए इस ट्रैक पर ऑन रिकार्ड परीक्षा ली जाएगी। परिवहन विभाग द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और कुशल लोगों को ही ड्राइविंग लाइसेंस जारी करने के उद्देश्य से जिले में ऑटोमेटिक ड्राइविंग टेस्टिंग ट्रैक का निर्माण कराया गया है। बनाए गए ट्रैक पर यातायात नियम का पालन कर वाहन चलाने में चालकों की दक्षता देखने के बाद ड्राइविंग लाइसेंस की स्वीकृति दी जा सके। इसमें जगह-जगह कैमरे लगे हैं। दरअसल व्यवस्था बदल चुकी है। जुगाड़ तकनीक से कागजी प्रक्रिया के माध्यम से पहले आसानी से लोग ड्राइविंग लाइसेंस बनवा लेते थे लेकिन अब इसके लिए जांच की प्रक्रिया से गुजरना होगा।

**कंप्यूटर पर देखते हुए ड्राइविंग पर रहेगी नजरः** जिला परिवहन पदाधिकारी संजय प्रसाद ने बताया कि ड्राइविंग टेस्टिंग के लिए यूज किए जाने वाले वाहन में भी मोबाइल कैमरा लगा है। सभी कैमरे और मशीनें कंप्यूटर से जुड़े हैं। कैमरे पर लिए गए चित्र को कंप्यूटर पर देखते हुए ड्राइविंग पर नजर रखी जाएगी। बताया गया कि ड्राइविंग टेस्टिंग ट्रैक पर प्रतिभागी को सीट बेल्ट, लेन ड्राइविंग, स्टॉप लाइन, पार्किंग, रिवर्स आदि यातायात नियमों का पालन भी करना होगा। हर स्टेप के लिए अलग-अलग समय निर्धारित होगा। निर्धारित मानक के अनुसार ड्राइविंग करने पर ही टेस्ट में पास हो सकेंगे। अगर ऑटोमेटिक ड्राइविंग जांच में फेल होंगे तब आपका लाइसेंस निर्गत नहीं होगा या फिर से टेस्ट पास करना होगा। कंप्यूटर जारी करेगा स्लिप ट्रैक पर एच, ऑफ एस, पार्किंग, यू-टर्न, जेब्रा क्रॉसिंग और प्रमुख ट्रैफिक सिग्नल बनाए जाएंगे।

**सीसीटीवी से होगी निगरानीः** सभी सिग्नल पर सेंसर लगा होगा, जो कि कंट्रोल रूम से कनेक्ट किया जाएगा। ड्राइविंग के वक्त गाड़ी ट्रैक के किनारे पर टच होती है तो सेंसर गलती पकड़कर आगे कम्प्यूटर को पास कर देगा। टेस्ट के वक्त दूसरा ड्राइविंग न करे या कोई मदद न करे, इसके लिए सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। टेस्ट पास करने के लिए टाइम भी तय है। यानी उतने वक्त में गाड़ी का इन-आउट होना जरूरी होगा। टाइमिंग सेंसर में नोट होगी। टेस्ट पास करने के लिए नंबरिंग भी रखी जाएगी। गाड़ी ट्रैक से बाहर आते ही कंप्यूटर से फेल या पास की स्लिप जारी करेगा। जिसके आधार पर डीएल इश्यू होगा।

**सड़क दुर्घटना में आएगी कमीः** डीटीओ संजय कुमार ने बताया कि यह ड्राइविंग टेस्ट ट्रैक गुणवत्तापूर्ण ड्राइवर तैयार करता है। पारदर्शी तरीके से उपयोगकर्ता के ड्राइविंग कौशल का वास्तविक समय मूल्यांकन होता है। ट्रैक में वाहन के गुजरने के बाद अलग-अलग एंगल में लगे सीसीटीवी खुद ही स्क्रिन पर एमवीआई व अन्य को कैबिन में लाइव फुटेज दिखाएगा। इसी आधार पर निर्णय होगा। इस तरह ड्राइविंग टेस्ट में पारदर्शिता भी आएगी। जबकि अच्छे कौशल वाले चालक होने पर मानवीय भूल से होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में भी कमी आएगी। इसके लिए बाकायदा वेबसाइट से टोकन लेना होता है।इस टेस्ट पर गुजरने से पूरी क्षमता का आकलन हो जाता है। ऑटोमेटिक सिस्टम से किसी भी गलती की कोई गुंजाइश नहीं होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### नियोजित शिक्षकों का जल्द मिलेगा वेतन

**भागलपुर**। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी स्थापना देवनारायण पंडित ने कहा कि नियोजित शिक्षकों को वेतन जल्द ही मिलेगा। पहले वेतन शिक्षा विभाग से जारी किया जाता था। अब शिक्षकों के वेतन पर ट्रेजरी ऑब्जेक्शन लगाया है। अब शिक्षकों को वेतन सीधे वित्त विभाग से दिया जाएगा। बैंक के आईएफएससी कोड सहित कुछ अन्य तकनीकी मामला है। इसलिए नवंबर माह का वेतन शिक्षकों के अकांउट में नहीं आया है। प्रारंभिक शिक्षक संघ ने यह आरोप लगाया है कि पूर्व में सभी शिक्षकों द्वारा पेआईडी के लिए सभी प्रखंड से कागजात जमा करने के बाद भी विभाग द्वारा पेआईडी नहीं बनाया गया है।

### फुटपाथी दुकानदार ने फांसी लगाकर दी जान

**जमालपुर**। जमालपुर ईस्ट कॉलोनी थाना क्षेत्र में सोमवार को 50 वर्षीय फुटपाथी दुकानदार ने फांसी पर लटक कर अपनी जान दे दी। घटना थाना क्षेत्र के बद्दीपाड़ा, ठाकुर टोला मोहल्ला निवासी का है। मृतक की पहचान राकेश साव के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार राकेश साव ठेले पर दुकान लगा परिवार का जीविकोपार्जन करता था। रविवार को वह घर पर अकेले था। सुबह जब राकेश के घर का दरवाजा काफी देर बंद रहा, लोगों को कुछ संदेह हुआ। पड़ोसी ने खिड़की से ताकझांक कर देखा, तो पाया कि राकेश पंखे से लटका है। पड़ोसियों ने किसी तरह दरवाजा खोल राकेश को बिस्तर पर लिटाया और सूचना तुरंत राकेश के परिजनों को दी। कहा कि राकेश की पत्नी पुत्र के साथ दिल्ली पुत्री के पास गई हुई है। आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। एसएचओ बिपिन कुमार सिंह ने कहा कि सुसाइड की जानकारी अब तक प्राप्त नहीं हुई है।

### चाइल्ड हेल्प लाइन ने 1098 पर कॉल कर बताया, बच्चों को बाल विवाह व घरेलू हिंसा से बचने की दी जानकारी

**मुंगेर**। महिला एवं बाल विकास निगम एवं समाज कल्याण विभाग के निर्देश पर जिला बाल संरक्षण इकाई, मुंगेर द्वारा सोमवार को जागरूकता अभियान चलाया गया। इसके तहत उच्च विद्यालय, सीताकुंड में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बाल विवाह निषेध, महिला हिंसा, लिंग हिंसा, पॉक्सो अधिनियम-2012, चाइल्ड हेल्प लाइन सेवाओं एवं ट्रांसजेंडर व्यक्तियों से संबंधित अधिनियम एवं नियम की जानकारी दी गई। कार्यशाला में बच्चों को इन सभी के बारे में जानकारी देते हुए जिला बाल संरक्षण इकाई मुंगेर अंतर्गत संचालित योजनाओं परवरिश योजना, मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना, स्पॉन्सरशिप योजना के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए बाल संरक्षण पदाधिकारी सुजीत कुमार द्वारा विस्तृत जानकारी दी गई। वहीं विधि-सह - परिवीक्षा अधिकारी राजेश कुमार द्वारा चाइल्ड हेल्प लाइन सेवा का लाइव डेमो कराया गया। जिसमें शिक्षक के मोबाइल से बच्चों द्वारा चाइल्ड हेल्प लाइन 1098 पर कॉल कर शिकायत दर्ज कराते हुए शिकायत को जिला के चाइल्ड लाइन को अग्रेतर कार्रवाई हेतु भेजा गया। घटना के संबंध में चाइल्ड लाइन द्वारा की गयी त्वरित कार्रवाई से बच्चे काफी खुश एवं संतुष्ट हुए। इस मौके पर सामाजिक कार्यकर्त्ता कमल किशोर, बाल कल्याण पुलिस पदाधिकारी, वासुदेवपुर थाना, प्रधानाध्यापक सुधीर कुमार, शिक्षक विमल कुमार, अनुपम कुमारी, रोहित कुमार एवं सहित दर्जनों बच्चे मौजूद थे।

# भागलपुर DM ने यातायात संचालन के लिए दिया निर्देश

## कहा- रोड पर मार्किंग करने का जरूरत, अतिक्रमण करने वाले पर होगी कार्रवाई

निज संवाददाता। भागलपुर



भागलपुर में यातायात सुचारु रूप से संचालित रखने के लिए डीएम नवल किशोर चौधरी ने अधिकारियों को कई दिशा निर्देश दिया है। शहरी क्षेत्र में सड़क पर अतिक्रमण कर दुकान लगाने वाले पर अब कार्रवाई होगी। इसके अलावा अतिक्रमण दस्ता ध्वस्त कर देंगे। गम प्रशासन को निर्देशित किया है। पूर्व में दिए आदेश के अनुपालन की समीक्षा की भी की गई।

डीएम की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में नवगछिया एसपी ने बताया गया कि धुंध के कारण सड़क पर स्पष्ट दिखाई नहीं पड़ता है। जिसके लिए रोड पर मार्किंग (रिफ्लेक्टिव टैप) लगाने की जरूरत है। इस मामले में जवाब देते हुए जिलाधिकारी ने पथ निर्माण विभाग को निर्देश दिया कि जहां भी पथ पर मार्किंग (रिफ्लेक्टिव टैप) साइन बोर्ड लगाने की आवश्यकता है। वहां सड़क पर मार्किंग (रिफ्लेक्टिव टैप) साइन बोर्ड लगाया जाए। जिलाधिकारी ने तीनों अनुमंडल पदाधिकारी और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को स्थानीय स्तर पर यातायात से संबंधित बैठक लगातार कर यातायात को सुचारू करने का निर्देश देते हुए कहा कि अतिक्रमण के कारण यातायात बाधित होता है तो यथाशीघ्र नियमानुसार अतिक्रमण हटाकर यातायात सुचारू कराया जाए। जिला स्तर पर आयोजित बैठक में दिए गए आदेश का अनुपालन करना सुनिश्चित किया करे। नगर निगम को निर्देशित किया कि शहरी क्षेत्र की सड़क पर मार्किंग कर लिया जाए। कोई भी दुकानदार मार्किंग के आगे दुकान नहीं लगाये। क्योंकि इस वजह से यातायात बाधित होता है, जाम की समस्या उत्पन्न होती है। बैठक में नगर पुलिस अधीक्षक डॉ के रामदास, पुलिस उपाधीक्षक यातायात, जिला परिवहन पदाधिकारी और अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## नर्व वर्ष पर मिलेगी राजा- रानी तालाब की सौगात, अब यहां कर सकेंगे बोटिंग



निज संवाददाता। मुंगेर

जिला मुख्यालय स्थित राजा रानी तालाब का सोमवार को डीएम अवनीश कुमार सिंह ने स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वहां की स्थिति को देख नगर आयुक्त को कई अहम निर्देश दिए। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त अजीत कुमार सिंह, प्रभारी नगर आयुक्त कुमार अभिषेक सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे। डीएम ने कहा कि नर्व वर्ष पर शहरवासियों के लिए राजा रानी तालाब को भी आमजन की सुविधाओं के लिए खोल दिया जाएगा। इससे स्थानीय लोगों को न सिर्फ सुबह सुबह टहलने का आनंद प्राप्त होगा, बल्कि लोग यहां बोटिंग आदि का भी लुत्फ उठा सकेंगे। निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद से अब तक यह हैंड ओवर नहीं हो पाने के कारण इस्तेमाल में नहीं आ पा रहा था। परन्तु इस निरीक्षण के पश्चात प्रभारी नगर आयुक्त को 15 दिनों के अंदर इसकी पूरी साफ-सफाई का निर्देश दिया गया है।

इसके साथ ही लाइटिंग, तालाब की सफाई, रंग-रोगण आदि को भी दुरूस्त करने का निर्देश दिया गया है। आगामी 10 जनवरी तक इसे जिलेवासियों के लिए खोल दिया जाएगा। लोग यहां के प्राकृतिक दृश्य तथा वोटिंग आदि का लुत्फ उठा सकेंगे। शहरवासियों के लिए यह एक रमणीक स्थल के साथ ही मनोरंजन का अच्छा साधन होगा। यहां लगे फाउंटेन से योगाश्रम का नजारा भी लोगों को काफी आकर्षित करेगा जो एक सेल्फी प्वाईंट के रूप में भी विकसित होगा।

## स्टेशन चौक से हटाई गईं अवैध दुकानें, नोटिस के बाद अतिक्रमणकारियों पर हुई कार्रवाई

**भागलपुर**। भागलपुर शहर के अतिक्रमणकारियों पर नगर निगम प्रशासन की ओर से सोमवार को बड़ी कार्रवाई की गई। जहां रेलवे स्टेशन चौक पर नगर-निगम और जिला प्रशासन ने संयुक्त रूप से सड़क किनारे लगी सभी अवैध दुकानों को जेसीबी से हटाया। वहीं, शहर को अतिक्रमणकारियों से मुक्त करने के लिए लगातार नगर निगम और जिला प्रशासन की ओर से अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान नगर- निगम के अतिक्रमण शाखा प्रभारी वशिष्ठ कुमार चौधरी ने कहा अभियान चलाया जा रहा है, वहीं अतिक्रमणकारियों पर प्राथमिकी दर्ज भी कराई जा रही है। यदि फिर से सड़क किनारे दुकान लगाकर अतिक्रमण करने का प्रयास किया गया तो बड़ी कार्रवाई होगी। नगर निगम रोज मॉनिटरिंग करेगाः नगर निगम प्रशासन रोज मॉनिटरिंग करेगा। बता दें कि सड़क किनारे दुकान लगाकर सड़क को अतिक्रमित किए जाने से शहर में जाम की स्थिति रहती है। जिससे आम लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। मामले पर सिटी एसपी डॉक्टर के.रामदास ने बताया कि ततारपुर और कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित स्टेशन चौक पर अवैध तरीके से लगाए दुकानदारों को पहले नोटिस दिया गया था, आज जेसीबी के मदद से अवैध दुकानों को ध्वस्त कर हटाया गया।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा**

**मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना**
**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा संख्या – 26/2024-25/RWD/GARHWA दिनांक – 10.12.2024

1. कार्य का विवरण :–

| क्र0 | प्रखण्ड | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/ पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अंक में (लाख में) | अक्षर में | |
| 1 | गढ़वा | RWD/GARHWA/75/2024-25 | नामधारी पेस्का पी0डब्ल्यू0डी0 पथ से कोरवाडीह तक पथ निर्माण कार्य। (14.300 कि0मी0) | 1497.714 | चौदह करोड़ सन्तानबे लाख एकहत्तर हजार चार सौ रूपये। | 18 (अठारह) महीना |

2. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 16.12.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 28.12.2024 अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :–30.12.2024 पूर्वाह्न 11:30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रा0का0वि0 कार्य प्रमंडल, गढ़वा।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाश सं0: 06561–299963

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा

PR 341707 Rural Work Department(24-25)#D


### आर्मी वेलफेयर एसोसिएशन के लिए वीसी ने खरीदा टिकट

**भागलपुर**। शहीद सेनानियों के आश्रितों के लिए एनएसएस ने अभियान चलाया है। गृह मंत्रालय ने इसकी योजना बनाई है। मंत्रालय ने इसके लिए टीएमबीयू को सशस्त्र सेना झंडा दिवस का फ्लैग और कार स्टीकर बिक्री के लिए भेजा है। इसको लेकर सोमवार को डीएसडब्ल्यू प्रो. बिजेन्द्र कुमार, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. राहुल कुमार और मुख्यालय स्थित एनसीसी के एएनओ की बैठक हुई। इसमें विश्वविद्यालय को प्राप्त 1200 टिकट और 100 कार स्टीकर का वितरण कर धन संग्रह करने की जिम्मेदारी दी गई। संग्रहित धन गृह मंत्रालय के अधीन गठित आर्मी वेलफेयर एसोसिएशन को भेजा जाना है। इसकी की निगरानी कुलपति प्रो. जवाहर लाल कर रहे हैं। उन्होंने सबसे पहले टिकट और कार स्टीकर खरीद कर अपनी ओर से सहयोग राशि दी। राहुल कुमार ने बताया कि पूरे कार्यक्रम के लिए एक टीम गठित कर दी गई है जिसमें मृगांकी, निधि, गौतम, आनंद, शुभम, आर्यन, नीतीश, करण स्वयंसेवक शामिल हैं।

### 3 लाख की विदेशी शराब जब्तःमुंगेर में पुलिस ने गाड़ी किया जब्त, सभी शराब तस्कर फरार, खोज जारी

**मुंगेर**। मुंगेर के वासुदेवपुर थाने की पुलिस ने गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में विदेशी शराब को बरामद किया है। इसकी पुष्टि सदर एसडीपीओ राजेश कुमार ने की। छापेमारी के दौरान पुलिस ने अलग-अलग कंपनी के 406 लीटर विदेशी शराब और एक स्कॉर्पियो को जब्त किया है। जबकि सभी शराब तस्कर भागने में सफल रहे। हालांकि तस्करों की पहचान कर ली गई है। वहीं जब्त शराब की कीमत 3 लाख रुपए बताई जा रही है। सदर एसडीपीओ ने कहा कि गुप्त सूचना पर कार्रवाई की गई है। एसपी ने छापेमारी दल का गठन किया था। बता दे कि जब्त गाड़ी की भी जांच की जा रही है। उसमें फर्जी नंबर लगे होने की बात सामने आ रही है। बता दे कि पूर्व में भी नया राम नगर थाना क्षेत्र में शराब बरामदगी का मामला सामने आया था।


**बिहार सरकार**

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, औरंगाबाद**
(ई0 निविदा पद्धति के अनुसार वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
**ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या –17 /औरंगाबाद/2024–25**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :–कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, औरंगाबाद।
2. निविदा आमंत्रित करने की तिथि :–दिनांक 06.12.2024
3. परिमाण विपत्र बिक्री (डाउनलोड) करने की तिथि एवं समय :–दिनांक 26.12.2024 से 20.01.2025 को अपराहन् 3 बजे तक
4. निविदा प्राप्ति (अपलोड) करने की तिथि एवं समय :–दिनांक 26.12.2024 से 20.01.2025 को अपराहन् 3 बजे तक
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– केवल बेवसाइट www.eproc2.bihar.gov.in पर
6 प्री बीड मीटिंग की तिथि, समय एवं स्थान :– दिनांक–30.12.2024 को 15:00 बजे अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल गया का कार्यालय।
7. निविदा खोलने की तिथि एवं समय (तकनीकी बीड/वितीय) :– दिनांक–21.01.2025 को 3:00 बजे अप0 तक (On Website www.eproc2.bihar.gov.in)
8. निविदा वैधता की तिथि 120 दिन
9. कार्य विवरणीः–

| क0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | बीड प्रोसेसींग राशि +सर्विस टैक्स | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | जिला खनिज फाउन्डेशन ट्रस्ट( DMFT) योजना अंतर्गत नगर पंचायत बारूण के रा0म0वि0 बारूण में चहारदीवारी निर्माण कार्य | 26.756/– | 54000/– | 5000/– | As Per Online Requirement | 4 माह |
| | कुल | 26.756 लाख | | | | |

कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमण्डल,औरंगाबाद

PR. No. 014445 (BCD) 2024-25

विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

गर्भावस्था की पहली तिमाही में माँ की एच.आई.वी. और सिफलिस की जाँच जरूर करायें।



**कार्यालय :– कनीय पौधा संरक्षण पदाधिकारी, पलामू**
**योध सिंह नामधारी महिला कॉलेज के सामने,मेदिनीनगर पलामू –822101**

**कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग झारखण्ड**
**आलू फसल में झुलसारोग (प्रबंधन एवं नियंत्रण)**
**सामयिक सूचना अंक–04/2024–25**

प्रिय किसान बंधुओं,

रबी मौसम में आलू हमारा एक मुख्य फसल है।इसके बुआई से भण्डारण तक विभिन्न प्रकार के रोगों का प्रक्रोप होता है पर मुख्यतः फफुंदजनित झुलसा रोग इसे अत्यधिक हानि पहुँचाते हैं जिस से पैदावार पर भारी असर होता है।अतः इसका प्रबंधन एवं नियंत्रण अत्यावश्यक हो जाता है। इस रोग के दो अवस्था है जो निम्न प्रकार है :–

1. अगेतीझुलसा :– यह एक मृदाजनित रोग है जिसे बुआई के 3–4 सप्ताह उपरांत साधारणतः दिसम्बर माह के शुरू आतसे मध्य तक देखा जा सकता है। प्रारंभिक अवस्था में नीचे वाली पत्तियाँ संक्रमित होती है जहाँ से रोग उपर की ओर बढ़ती है। पत्तियों पर छोटे, फीके–भूरे चमकदार धब्बे बनते हैं।इस रोग की तीव्रता 20–26 डिग्री से ल्सियस तापमान पर अधिक होता है।
2. पछेती झुलसा :–इसे पछेती अंगमारी भी कहते हैं तथा यह सबसे विनाशकारी रोग है जिसके लक्षण पौधे के सभी भागों पर जैसे–पत्तियों, तना ओरकंद पर भी दिखाई पड़ते हैं। इस रोग का प्रक्रोप दिसम्बर महीने के अंतिम सप्ताह से लेकर जनवरी माह तक देखा जा सकता है। रोग को शुरूआत पत्तियों पर किनारे वाले भाग पर भूरे धब्बे से होते है जो पौधे के अन्य भागों पर फैल जाते हैं। अनुकूल परिस्थितियों में (अधिकनमी 80–100 प्रतिशत, बादल छाये रहने पर) पौधा का सम्पूर्ण भाग नष्ट हो जाता है, अतः पूरी फसल बरबाद हो जाती है।

नियंत्रण एवं प्रबंधनहैं :–
(1) हमेशा स्वस्थ्य आलू बीज लगायें।
(2) बोने से पहले आलू के बीज को रिडोमिल एम0जेड0 या मेटालैक्जिल के 0.02 प्रतिशत घोल में डूबो लें।
(3) झुलसा प्रतिरोधी किस्मों की ही बुआई करें।
(4) खरपतवार नियंत्रण करें।
(5) अगेती झुलसा के लक्षण दिखाई देने पर मैं को जेब फफूंदनाशी (इण्डोफिल M-45 या डाईथेनM-45)इत्यादि की 300–600 ग्राम मात्रा प्रति एकड़ के दर से 2–3 छिड़काव प्रत्येक 15 दिनों के अन्तराल में करें।
(6) पछेती झुलसा के लक्षण पर मैटालैक्जिल एवं मैं को जेब युक्त फफूंदनाशी (रिडोमिल एम0जेड 72 WP) इत्यादि 400–500 ग्राम मात्रा प्रति 200 लीटर पानी में घोल बनाकर छिड़काव करें।
(7) अत्यधिक ठण्ड की आशंका पर फसल की सिंचाई कर देने से पाला का असर कम हो जाता है।

कनीय पौधा संरक्षण पदाधिकारी, पलामू

PR 341697 District(24-25).D



**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER.**
**MINOR IRRIGATION DIVISION, GARHWA**

**e-Procurement Tender Notice**
**Two Envelope System**
**Tender Reference No:- WRD/MID/GARHWA/B.D./S.L.I.-04/2024-25**
**Letter No:- 888** Date:-10.12.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work: | Construction of Harta Solar Lift Irrigation Scheme, Village- Harta, Panchyat- Fakiradih, Block- Bhandariya, Distirct- Garhwa |
| 2 | Estimated Cost (Rs.) | 1,10,76,600=00 |
| 3 | Cost of tender document (Rs) | **Rs. 10,000=00** only (non-refundable). |
| 4 | Earnest Money Deposit (Rs.) | **Rs. 1,11,000=00** only. |
| 5 | Time of Completion | 335 Days |
| 6 | Mode of Submission of tender | Online through www.jharkhandtenders.gov.in |
| 7 | Date of Publication of Tender on website (http://jharkhandtenders.gov.in) | Date: 28.12.2024, Time- 04.00 PM |
| 8 | Last Date/Time for downloading of bidding documents and Submission of Tender on Website | Date:- 08.01.2025, Time:- 04.00 PM |
| 9 | Submission of Tender Fee and EMD | Start Date:- 28.12.2024, Time- 4.00 PM Last Date:- 08.01.2025, Time:- 3.00 PM |
| 10 | Technical Bid Opening Date | Date:- 09.01.2025, Time:-04.00 PM |
| 11 | Officer Inviting Bids | Executive Engineer Minor Irrigation Division, Garhwa |
| 12 | (a) Contact No. of e-Procurement Officer ( (b) E-mail of e-Procurement Officer | 8789558294 eemidgarh-cemr-jhr@nic.in |
| 13 | Help line No. of e-Procurement Cell | 0651-2214784 |

**Note:-**
➢ Work will be awarded to those bidders {specially MNRE approved channel partners/MNRE approved manufacturers/ MNRE approved PV system integrators/ A registered manufacturers/ Company/ Firm/ Corporation in India (including MSME of Jharkhand) of at least one of the major sub system namely pumps or PV System electronics (confirming to National/ International Standards)/ any other agencies having experience of installation and commissioning of such solar powered irrigation schemes}. Empanelled Indigenous Manufacturers of 10 **HP** pumps (**DC** Surface water Pumps) in the department with all accessories for off-grid stand alone SPV water pumping systems can also take part in the bid for executing the whole work of the bid. However those bidders who have not yet registered in Water Resources Department can also submit their bid provided they will have to get themselves registered in Water Resources Department within two months from the date of allotment of work.
➢ **Only e-Tender will be accepted.**
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

**Executive Engineer,**
**Minor Irrigation Division,** Garhwa

PR 341641 (Minor Irrigation) 24-25 (D)



**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER.**
**MINOR IRRIGATION DIVISION, GARHWA**

**e-Procurement Tender Notice**
**Two Envelope System**
**Tender Reference No:-**
**WRD/MID/GARHWA/B.D./S.L.I.-02/2024-25**
**Letter No:- 886 Date:-10.12.2024**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work: | Construction of Marchwar Solar Lift Irrigation Scheme, Village- Marchwar, Panchyat-Narhi, Block-Nagar Untari, Distirct- Garhwa |
| 2 | Estimated Cost (Rs.) | 1,04,47,900=00 |
| 3 | Cost of tender document (Rs) | **Rs. 10,000=00** only (non-refundable). |
| 4 | Earnest Money Deposit (Rs.) | **Rs. 1,05,000=00** only. |
| 5 | Time of Completion | 335 Days |
| 6 | Mode of Submission of tender | Online through www.jharkhandtenders.gov.in |
| 7 | Date of Publication of Tender on website (http://jharkhandtenders.gov.in) | Date: 28.12.2024, Time- 04.00 PM |
| 8 | Last Date/Time for downloading of bidding documents and Submission of Tender on Website | Date:- 08.01.2025, Time:- 04.00 PM |
| 9 | Submission of Tender Fee and EMD | Start Date:- 28.12.2024, Time- 4.00 PM Last Date:- 08.01.2025, Time:- 3.00 PM |
| 10 | Technical Bid Opening Date | Date:- 09.01.2025, Time:-04.00 PM |
| 11 | Officer Inviting Bids | Executive Engineer Minor Irrigation Division Garhwa |
| 12 | (a) Contact No. of e-Procurement Officer ( (b) E-mail of e-Procurement Officer | 8789558294 eemidgarh-cemrjhr@nic.in |
| 13 | Help line No. of e-Procurement Cell | 0651-2214784 |

**Note:-**
➢ Work will be awarded to those bidders {specially MNRE approved channel partners/MNRE approved manufacturers/ MNRE approved PV system integrators/ A registered manufacturers/ Company/ Firm/ Corporation in India (including MSME of Jharkhand) of at least one of the major sub system namely pumps or PV System electronics (confirming to National/ International Standards)/ any other agencies having experience of installation and commissioning of such solar powered irrigation schemes}. Empanelled Indigenous Manufacturers of 10 **HP** pumps (**DC** Surface water Pumps) in the department with all accessories for off-grid stand alone SPV water pumping systems can also take part in the bid for executing the whole work of the bid. However those bidders who have not yet registered in Water Resources Department can also submit their bid provided they will have to get themselves registered in Water Resources Department within two months from the date of allotment of work.
➢ **Only e-Tender will be accepted.**
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

**Executive Engineer,**
**Minor Irrigation Division,**
**Garhwa**

PR 341637 Minor Irrigation(24-25).D



**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT**
**BUILDING DIVISION, DALTONGANJ.**

**VERY SHORT NOTICE INVITING TENDER**
**Tender Reference No. BCD/DALTONGANJ DIV/16/2024-25**

1. Name of Department :- Building Construction Department
2. Name of Advertiser :- Executive Engineer, B.C.D, Building Division, Daltonganj.
3. Date of time of Sale of BOQ :- 18.12.2024 from 10:00 am to 1:00 pm
4. Date and time of Receiving sealed tenders :- 19.12.2024 from 1:00 to 3:00 pm
5. Date and time of Opening of Sealed tenders :- 19.12.2024 from 3:00 to 3:30 pm
6. Place of Sale of BOQ :- 1. In the Office of Executive Engineer, B.C.D, Building Division, Daltonganj.
   2. In the Office of Superintendent Engineer, B.C.D Circle No.-02, Ranchi.
7. Place of Opening and Receiving Tender:- As per Place mention in serial No.- 6 (1)
8. Details of Work :-

| Sl.No. | Name of Work | Estimated Cost | Amount of Earnest Money | Cost of Tender Paper | Time Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Construction of Toilet in Primary School, Khap under Block Panki at Daltonganj, Palamu. | 872700.00 | 17500.00 | 1250.00 | 02 Months |
| 2. | Construction of Washing Shed and Platform at Sadar Hospital at Daltonganj, Palamu. | 900400.00 | 18000.00 | 1250.00 | 02 Months |
| 3. | Construction of 02 Room with Toilet in Thana at Daltonganj, Palamu. | 2382500.00 | 48000.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 4. | Construction of 02 Room with Toilet in Thana at Chhattarpur, Palamu. | 2382500.00 | 48000.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 5. | Repair of Middle School, Latpauri Under Block Mohammadganj, Palamu. | 1756350.00 | 36000.00 | 5000.00 | 02 Months |

निविदा में परिमाण विपत्र क्रय हेतू निम्नांकित शर्तें का पालन आवश्यक हैः–
- निविदा के साथ सत्यापित निबंधन पत्र, UCAN, पैन कार्ड, विगत तीन साल का आयकर रिटर्न, GST में निबंधन प्रमाण पत्र एवं फार्म अधतन 3B एवं 1 R, अद्यतन चरित्र प्रमाण पत्र एवं विद्युत लाइसेंस या निविदाकार एवं अन्य अनुज्ञप्तिधारी का अलग–अलग शपथ पत्र (यदि कार्य में विद्युत संबंधी कार्यमद हो) की छायाप्रति इत्यादि स्वअभिप्रमाणित प्रति संलग्न करना होगा।
- परिमाण विपत्र के लिए जमा किया जाने वाला डिमान्ड ड्राफ्ट भारतीय स्टेट बैंक के शाखा के निविदा सूचनापोरांत निर्गत ही मान्य होगा।
- यदि निबंधित संवेदक के प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा निविदा डाली जाती है तो निविदा के साथ मूल प्रति में इस आशय का शपथ पत्र संलग्न करना आवश्यक होगा।
- किसी अपरिहार्य कारण से निविदा रद्द या स्थगित की जाती है तो परिमाण विपत्र की राशि (डिमान्ड ड्राफ्ट) के रूप में वापस नहीं की जायेगी।
- निविदा से संबंधित अन्य सूचनाओं एवं NIT के अन्य शर्तों के लिए भवन प्रमण्डल, डालटनगंज के सूचना पट्ट को देखा जा सकता है या कार्यालय अवधि में कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है तथा परिमाण विपत्र में संलग्न नियम एवं शर्तों का अनुपालन करना अनिवार्य होगा।

**Executive Engineer,**
**Building Division, Daltonganj.**

PR 341708 (Building)24-25*D

मुख्यमंत्री द्वारा उद्घाटन, शिलान्यास और परिसंपत्तियों के वितरण की तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश

# 14 दिसम्बर को सीएम हेमंत सोरेन के कार्यक्रम की तैयारियां को लेकर डीसी ने की बैठक



निज संवाददाता | साहिबगंज

आगामी 14 दिसम्बर 2024 को झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन साहिबगंज जिला अंतर्गत बरहेट प्रखंड के भोगनाडीह में कई महत्वपूर्ण योजनाओं के उद्घाटन, शिलान्यास और परिसंपत्तियों के वितरण के लिए आने वाले हैं। मुख्यमंत्री के इस भ्रमण कार्यक्रम को लेकर मंगलवार को उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का उद्देश्य मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम की सभी तैयारियों की समीक्षा करना और विभिन्न योजनाओं के उद्घाटन, शिलान्यास और परिसंपत्तियों के वितरण के लिए आवश्यक कदमों को सुनिश्चित करना था। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि कार्यक्रम की तैयारियों को मिशन मोड में शुरू किया जाए और किसी भी प्रकार की कमी न रहे, इसके लिए सभी व्यवस्थाओं को समय रहते सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य के लिए महत्वपूर्ण है, और इसलिए इसके सफल आयोजन के लिए सभी विभागों और अधिकारियों को आपसी सामंजस्य बनाते हुए कार्य करना चाहिए। उपायुक्त ने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास होने के साथ-साथ परिसंपत्तियों का वितरण भी किया जाएगा, इसके लिए सभी संबंधित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए। बैठक में परियोजना निदेशक संजय कुमार दास, उपविकास आयुक्त सतीश चंद्रा, अपर समाहर्ता गौतम कुमार भगत, सिविल सर्जन डॉक्टर प्रवीण कुमार संथालिया, जिला आपूर्ति पदाधिकारी झुनू कुमार मिश्रा, कृषि पदाधिकारी प्रमोद एक्का, जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ. हरिशंकर झा, जिला योजना पदाधिकारी अनूप कुमार, भूमि संरक्षण पदाधिकारी राहुल कुमार गुप्ता, जिला शिक्षा अधीक्षक कुमार हर्ष, जिला कार्यक्रम प्रबंधक जेएसएलपीएस मार्टिन तारीक, जिला मत्स्य पदाधिकारी वीरेंद्र कुमार सिंह, कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य देवीलाल हांसदा सहित अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। बैठक में हर विभाग के अधिकारियों ने अपनी तैयारियों की जानकारी दी और विभिन्न योजनाओं के उद्घाटन और शिलान्यास से संबंधित प्रक्रिया को गति देने के लिए आवश्यक कदमों पर चर्चा की। उपायुक्त ने विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया कि कार्यक्रम के दौरान किसी भी प्रकार की विघ्न बाधा नहीं आनी चाहिए, और सभी तैयारियां समय रहते पूरी की जाएं।

साथ ही, मुख्यमंत्री के आगमन से संबंधित सुरक्षा व्यवस्था, परिवहन, पब्लिक हेल्थ, शुद्ध पानी और बिजली की आपूर्ति सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाने के निर्देश भी दिए गए। इस बैठक में यह भी सुनिश्चित किया गया कि मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के दौरान स्थानीय जनसंख्या की सुविधा का पूरा ध्यान रखा जाए और उन्हें योजनाओं से जुड़े लाभों का सही तरीके से वितरण किया जा सके।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री द्वारा किए जाने वाले उद्घाटन और शिलान्यास की सूची को अंतिम रूप दिया गया और इस पर चर्चा की गई कि हर परियोजना और योजना को समय से पहले तैयार कर लिया जाए ताकि मुख्यमंत्री के आगमन पर सभी कार्य सुचारू रूप से संपन्न हो सकें। बैठक में उपस्थित अधिकारियों ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए अपने-अपने विभागों में विशेष प्रयास करने की प्रतिबद्धता जताई और आगामी दिनों में इस पर और अधिक बैठकें आयोजित करने का प्रस्ताव रखा। इसके साथ ही उपायुक्त ने सभी अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि किसी भी कार्य में कोई लापरवाही न हो और कार्यक्रम को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाया जाए। यह कार्यक्रम मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सरकार द्वारा लोगों के लिए लागू की गई विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं और परियोजनाओं को जनहित में प्रचारित करने का एक महत्वपूर्ण अवसर बनेगा।

## डीसी ने की नीति आयोग से संबंधित समीक्षात्मक बैठक

निज संवाददाता | दुमका

समाहरणालय सभागार में मंगलवार को उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे की अध्यक्षता में नीति आयोग से संबंधित एक समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में नीति आयोग द्वारा जिले में चल रही विभिन्न योजनाओं की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। बैठक का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि सभी योजनाएं समय पर और प्रभावी तरीके से पूरी हों, और जिले में नीति आयोग के तहत चल रहे कार्यों में कोई विलंब न हो। बैठक में उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे ने सभी अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वर्ष 2023-24 के सभी योजनाओं को मिशन मोड में पूर्ण किया जाए। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि जिन योजनाओं का कार्य पहले ही पूरा हो चुका है, उन्हें शीघ्र हैंडओवर कर दिया जाए ताकि उन परियोजनाओं का सही उपयोग हो सके। साथ ही, जिन योजनाओं के लिए निविदा प्रक्रिया पूरी हो चुकी है, उनके कार्यों को तत्काल प्रारंभ करने के लिए आवश्यक प्रक्रियाओं को पूरा किया जाए।

## सड़क दुर्घटना में पति की मौत, पत्नी घायल



निज संवाददाता | छतरपुर (पलामू)

पलामू जिले के छतरपुर थाना क्षेत्र के एनएच 98 स्थित मसीहानी फोरलेन पर सोमवार की शाम एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना घटित हुई, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और उसकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना ने पूरे इलाके को शोक में डुबो दिया है। मृतक व्यक्ति की पहचान सुंगरी गांव निवासी लखन यादव के रूप में की गई, जबकि उनकी पत्नी जसमतिया देवी गंभीर रूप से घायल हो गईं। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, लखन यादव अपनी पत्नी जसमतिया देवी के साथ बाइक पर सवार होकर छतरपुर से सुंगरी की ओर लौट रहे थे। इसी दौरान मसीहानी फोरलेन पर तेज रफ्तार में आ रही एक बस ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि लखन यादव ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया, जबकि उनकी पत्नी जसमतिया देवी गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना के बाद आसपास के ग्रामीणों ने स्थिति का जायजा लिया और तत्काल मदद के लिए घटनास्थल पर पहुंचे। सबसे पहले, उन्होंने जसमतिया देवी को उपचार के लिए अनुमंडलीय अस्पताल भेजा। अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उनकी हालत को गंभीर देखते हुए उन्हें मेदनीनगर रेफर कर दिया। घटना के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लिया और मामले की जांच शुरू की। पुलिस के अनुसार, बस चालक घटना के बाद मौके से फरार हो गया, जिसके बाद उसकी तलाश शुरू कर दी गई। पुलिस ने आसपास के क्षेत्र में बस के नंबर की पहचान कर चालक को पकड़ने के प्रयास तेज कर दिए हैं। लखन यादव की असामयिक मौत से उनका परिवार गहरे सदमे में है। उनके घर में उनके निधन के बाद शोक का माहौल है। उनके परिवार में उनके बच्चों, पत्नी और अन्य रिश्तेदारों के अलावा पूरे गांव में इस घटना ने गहरी दुख की लहर पैदा कर दी है।

गांव के लोग और रिश्तेदार घटना की सूचना मिलते ही उनके घर पहुंचे और शोक व्यक्त किया। परिवार के सदस्य इस दुर्घटना को लेकर आहत हैं और उनका कहना है कि इस घटना ने पूरे परिवार को अपूरणीय क्षति पहुंचाई है। स्थानीय लोग इस दुर्घटना के बाद सड़क सुरक्षा को लेकर अधिक सतर्क होने की बात कर रहे हैं। सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाने की आवश्यकता पर बल दे रहे हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि इस रास्ते पर आवागमन को सुरक्षित बनाने के लिए कड़े उपाय किए जाएं, ताकि भविष्य में इस तरह की दुर्घटनाओं को रोका जा सके। यह घटना एक बार फिर हमें सड़क सुरक्षा के महत्व को समझाती है। तेज रफ्तार से वाहन चलाने के कारण सड़क पर दुर्घटनाओं की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। सड़क पर चलने वालों को उचित ध्यान रखना चाहिए और ट्रैफिक नियमों का पालन करना चाहिए, ताकि इस तरह की दुर्घटनाओं से बचा जा सके। ग्रामीणों ने यह भी कहा कि सड़क पर यातायात नियमों का पालन करवाने के लिए अधिकारियों को और सख्त कदम उठाने चाहिए। इसके अलावा, इस तरह की दुर्घटनाओं को रोकने के लिए अव्यवस्थित यातायात व्यवस्था और तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण लगाने के उपायों की जरूरत है। सड़क दुर्घटना में लखन यादव की मौत ने सभी को यह याद दिलाया कि जीवन अस्थिर है और हमें हमेशा सतर्क रहकर अपनी सुरक्षा करनी चाहिए। प्रशासन और अधिकारियों से अपील की गई है कि वे इस तरह के हादसों को रोकने के लिए ठोस कदम उठाएं ताकि भविष्य में ऐसी दुर्घटनाओं से बचा जा सके।

## चोरी की बाइक सहित चोर गिरफ्तार

निज संवाददाता | महागामा



हनवारा पुलिस ने मोटर साइकिल चोर को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। वहीं चोरी की घटना के बाद पुलिस जगह जगह छापेमारी कर रही थी। इस दौरान अभियुक्त मोटर साईकिल को बेचने के फिराक में था। इसी दौरान हनवारा थाना की पुलिस ने मोटर साईकिल समेत आरोपी को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। उक्त मामले में हनवारा पुलिस ने बताया कि अभियुक्त भागलपुर जिला के सनहौला थाना क्षेत्र अंतर्गत फाजिलपुर गांव का रहने वाला दीपक कुमार का पुत्र सत्यम कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। घटना के संबंध में हनवारा थाना प्रभारी राजन कुमार राम ने बताया कि हनवारा थाना के नरोत्तमपुर गांव में शादी कराने पंडित जी आएं थे जिसका काला रंग का स्पलेंडर मोटरसाइकिल जेएच 17 आर 8296 नंबर को अज्ञात चोर ने चुरा लिया था। बाइक मालिक पंडित जी ने अज्ञात चोरों के खिलाफ हनवारा थाना में आवेदन दिया था। जिसके बाद कांड संख्या 69/24 अंकित कर मामला दर्ज करते हुए पुलिस बाइक की बरामदगी के लिए जगह जगह छापेमारी कर रही थी। इसी दौरान पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि फिजलपुर निवासी सत्यम कुमार चोरी की मोटर साईकिल को बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहा है। उक्त सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच कर आरोपी से पूछताछ की तो पता चला की आरोपी ने चोरी की घटना में शामिल होने की बात स्वीकार कर लिया। जिसके बाद आरोपी को मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार कर थाना लाया गया जहां आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## यूजी सेमेस्टर-6 की मूल्यांकन प्रक्रिया शुरू

दुमका (नि.सं.)। सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय में आयोजित यूजी सेमेस्टर-6 का मूल्यांकन कार्य आज बुधवार से प्रारंभ हो रहा है। यह मूल्यांकन प्रक्रिया केंद्रीकृत होगी जिसके लिए दुमका के महारो स्थित संत जेवियर्स कॉलेज को मूल्यांकन केंद्र बनाया गया है। मालूम हो कि इसके पहले मूल्यांकन प्रक्रिया विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग में होती थी, लेकिन विश्वविद्यालय में तालाबंदी के कारण छात्र हित को ध्यान में रखते हुए जेवियर्स कॉलेज को मूल्यांकन केंद्र बनाया गया है। इस मूल्यांकन प्रक्रिया में यूजी और पीजी के सभी शिक्षकों को लगाया गया है। यहाँ बता दे कि उक्त परीक्षा 27 नवंबर से 7 दिसंबर तक विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की गई थी जिसमें लगभग 25000 परीक्षार्थी शामिल हुए थे।

## मानवाधिकार दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

निज संवाददाता | दुमका



मानवाधिकार दिवस के अवसर पर दुमका जिले में मंगलवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डालसा) के तत्वावधान में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, दुमका के निर्देश पर आयोजित किया गया, जिसमें पारा लीगल वॉलिंटियर्स ने जिले के विभिन्न प्रखंडों में लोगों को मानवाधिकार के बारे में जागरूक किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से यह बताया गया कि मानवाधिकार उन सभी अधिकारों से संबंधित हैं जो प्रत्येक व्यक्ति के जीवन, स्वतंत्रता, समानता, और प्रतिष्ठा से जुड़े होते हैं। ये अधिकार भारतीय संविधान के भाग 3 में मूलभूत अधिकारों के रूप में वर्णित हैं और इन्हें न्यायालय द्वारा प्रवर्तित किया जाता है। भारतीय संविधान न केवल इन अधिकारों की गारंटी देता है, बल्कि उनके उल्लंघन करने वालों को सजा देने का प्रावधान भी करता है। मानवाधिकारों का उल्लंघन किसी भी स्थिति में सहन नहीं किया जा सकता, और ऐसे मामलों में कानूनी कार्रवाई की जाती है। कार्यक्रम में महिलाओं के अधिकारों पर विशेष ध्यान दिया गया। इस अवसर पर महिला के अधिकारों से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। विशेष रूप से, यौन उत्पीड़न से महिलाओं का संरक्षण करने वाले पॉश एक्ट (कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न की रोकथाम अधिनियम) पर विस्तार से जानकारी दी गई। यह बताया गया कि कार्यस्थल पर महिलाओं को उत्पीड़न का शिकार होना आमतौर पर पुरुषों द्वारा किया जाता है, लेकिन कोई भी महिला ऐसे व्यवहार को सहन नहीं करना चाहिए, जो उनकी इज्जत और मर्यादा का उल्लंघन करता हो। कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि ऐसे अपमानजनक और अनुशासनहीन व्यवहारों को रोकने के लिए ही पॉश एक्ट पारित किया गया है। यह अधिनियम यह सुनिश्चित करता है कि कार्यस्थलों पर महिलाओं के साथ किसी भी प्रकार का यौन उत्पीड़न न हो, और अगर ऐसा होता है तो उसकी सख्त सजा हो। इस एक्ट के तहत महिलाओं को यह अधिकार प्राप्त है कि वे कार्यस्थल पर उत्पीड़न के खिलाफ आवाज उठा सकें और संस्थान या संस्था पर कार्रवाई करने का दबाव बना सकें। उन्हें अपनी कामकाजी परिस्थितियों के बारे में असंतोष व्यक्त करने में कोई संकोच नहीं करना चाहिए।

इसके अलावा, पॉश एक्ट के तहत उन व्यक्तियों और संस्थानों को किस प्रकार दंड और जुर्माने का सामना करना पड़ता है, इसके बारे में भी विस्तार से समझाया गया। यह बताया गया कि पॉश एक्ट के तहत आरोपित व्यक्ति को दंडित किया जा सकता है और संस्था के खिलाफ कार्रवाई की जा सकती है, जिससे कार्यस्थल पर महिलाओं को सुरक्षा और सम्मान मिले। कार्यक्रम के दौरान पारा लीगल वॉलिंटियर्स ने महिलाओं और पुरुषों दोनों को यह समझाने की कोशिश की कि उनके अधिकारों की रक्षा करने के लिए यह जरूरी है कि वे इस अधिनियम को समझें और इसका पालन करें। यह कार्यक्रम समुदाय में जागरूकता फैलाने का एक अहम कदम था ताकि लोग अपने अधिकारों के प्रति सजग रहें और किसी भी प्रकार के उत्पीड़न के खिलाफ उचित कदम उठा सकें। इस जागरूकता कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य, पारा लीगल वॉलिंटियर्स और कई सामाजिक कार्यकर्ता भी उपस्थित थे, जिन्होंने मानवाधिकारों और महिला अधिकारों के विषय में अपनी जानकारी साझा की। कार्यक्रम का उद्देश्य यह था कि लोग अपने अधिकारों को जानें, समझें और जब जरूरत हो, तो उसका उपयोग करें। साथ ही, यह सुनिश्चित किया जाए कि जिले में महिलाओं और अन्य नागरिकों के अधिकारों का उल्लंघन न हो और उन्हें हर संभव कानूनी सहायता प्राप्त हो सके।

## मानसिक बीमारी से ग्रस्त व्यक्तियों को कानूनी सेवाएं प्रदान करने के लिए दो दिवसीय ओरिएंटेशन प्रशिक्षण शुरू

निज संवाददाता | दुमका




राज्य विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) के तत्वावधान में मंगलवार से न्याय सदन, दुमका में मानसिक बीमारी से ग्रस्त व्यक्तियों और बौद्धिक विकलांग व्यक्तियों को कानूनी सेवाएं प्रदान करने के लिए दो दिवसीय ओरिएंटेशन प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। यह कार्यक्रम प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, दुमका, संजय कुमार चन्द्धरियावी के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का आयोजन डालसा सचिव उत्तम सागर राणा के नेतृत्व में किया गया, जो नालसा (लीगल सर्विसेज टू पर्सन्स विद मेंटल इलनेस एंड पर्सन्स विद इंटेलेक्चुअल डिसेबिलिटी स्कीम), 2024 के तहत संचालित है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित कानूनों और नीतियों की जानकारी प्रदान करना और इनसे जुड़े कानूनी सेवाओं को सुलभ और प्रभावी बनाना है। कार्यक्रम के दौरान डालसा सचिव उत्तम सागर राणा ने मेंटल हेल्थ केयर एक्ट, 2017 और नेशनल मेंटल हेल्थ पॉलिसी, 2014 पर विशेष प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मानसिक बीमारी और बौद्धिक विकलांगता से जूझ रहे व्यक्तियों को कानूनी सहायता प्रदान करना एक सामाजिक दायित्व है। इसके लिए यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि ऐसी सेवाएं प्राथमिकता के आधार पर प्रदान की जाएं और वे सभी जरूरतमंदों के लिए सुलभ हों। उन्होंने यह भी बताया कि मानसिक स्वास्थ्य अधिनियम और नीतियों का सही और प्रभावी कार्यान्वयन करने के लिए अधिवक्ताओं, न्यायिक अधिकारियों और अन्य संबंधित कर्मियों को इस प्रशिक्षण के माध्यम से प्रशिक्षित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में सेवानिवृत्त न्यायिक पदाधिकारी सियाराम सिंह, लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिकंदर मंडल और सरोज गोंन ने अपनी भागीदारी दी। इसके साथ ही पैनल अधिवक्ता और अधिकार मित्र भी इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे। इन सभी ने अपने अनुभव और विचार साझा करते हुए मानसिक बीमारी से पीड़ित व्यक्तियों के लिए प्रभावी कानूनी सेवाएं सुनिश्चित करने पर बल दिया। अधिवक्ताओं की भूमिका, मानसिक रूप से अस्वस्थ और बौद्धिक विकलांगता वाले व्यक्तियों के अधिकारों की रक्षा करना। नीतियों की जानकारी, प्रशिक्षण में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को कानूनी प्रक्रियाओं, अधिनियमों और राष्ट्रीय नीति की जानकारी दी गई। कानूनी सहायता के प्रभावी उपायः सभी प्रतिभागियों को बताया गया कि किस प्रकार मानसिक बीमारी से प्रभावित व्यक्तियों के लिए कानूनी सहायता को प्रभावी और सुलभ बनाया जा सकता है। अधिकार मित्रों की भागीदारी, मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े मामलों में अधिकार मित्रों की भूमिका को रेखांकित किया गया और उनके दायित्वों पर चर्चा की गई। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि प्रतिभागी मानसिक बीमारी से जुड़े व्यक्तियों के मामलों में न केवल कानूनी प्रक्रिया का सही उपयोग कर सकें, बल्कि उन्हें मानवीय दृष्टिकोण से भी मदद कर सकें। कार्यक्रम में मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित मुद्दों के प्रति जागरूकता बढ़ाने और समाज में इन व्यक्तियों के अधिकारों की रक्षा करने का संदेश दिया गया। प्रशिक्षण का दूसरा दिन मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं की व्यावहारिक समस्याओं और उनके समाधान पर केंद्रित होगा। इसमें प्रतिभागियों को केस स्टडी और ग्रुप डिस्कशन के माध्यम से प्रशिक्षित किया जाएगा।

## गांधी मैदान में ए डिवीजन क्रिकेट लीग का आयोजन

गोड्डा (नि. सं.)। जिला क्रिकेट संघ के तत्वाधान में गांधी मैदान में आयोजित ए डिवीजन क्रिकेट लीग में मंगलवार कों स्पार्टेन इंपायर 11 क्रिकेट क्लब ने रिलायंस क्रिकेट क्लब बी को 2 विकेट से पराजित किया। वहीं पहले बल्लेबाजी करते हुए रिलायंस क्रिकेट क्लब बी की टीम ने 35 ओवर में 10 विकेट के नुकसान पर 144 रनों का स्कोर खड़ा किया। जिसमें नाइक राजा ने 46 रनों एवम चंदन कुमार ने 32 रनों की पारी खेली। वहीं गेंदबाजी में विकास हेंब्रम एवं विकास सिंह राजपूत ने 2 -2 विकेट प्राप्त किए। जवाबी पारी में स्पार्टेन इंपायर 11 क्रिकेट क्लब की टीम ने 32.3 ओवर में ही 150 रन बनाकर जीत हासिल कर ली।

## अंचल अधिकारी ने की समीक्षात्मक बैठक

निज संवाददाता | रानीश्वर (दुमका)

अंचल अधिकारी संदा नुसरत ने मंगलवार को अपने कार्यालय कक्ष में एक महत्वपूर्ण समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया। इस बैठक में उन्होंने जिले के विभिन्न राजस्व कार्यों, जैसे भूमि म्यूटेशन, भू लगान, भू अर्जन, विशेष भू अर्जन, जाति प्रमाण पत्र, निवासी प्रमाण पत्र, और आय प्रमाण पत्र की स्थिति की गहन समीक्षा की। बैठक में उपस्थित सभी राजस्व कर्मचारियों को विभिन्न कार्यों को शीघ्र और सटीक रूप से निपटाने के लिए दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान अंचल अधिकारी ने सभी उप राजस्व निरीक्षकों को आदेश दिया कि वे भूमि म्यूटेशन का कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण करें। इसके साथ ही, उन्होंने भू लगान वसूली में पूरी तत्परता दिखाने की बात कही और शत प्रतिशत वसूली सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि राजस्व संबंधी सभी कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी, और प्रत्येक कार्य को पूरी ईमानदारी और समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाना चाहिए। जाति, निवासी, और आय प्रमाण पत्रों के वितरण की प्रक्रिया में भी सुधार की आवश्यकता जताई गई। अंचल अधिकारी ने सभी अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि इन प्रमाण पत्रों का वितरण पारदर्शिता से किया जाए और कोई भी नागरिक लंबित न रहे। उन्होंने कर्मचारियों से यह भी कहा कि इन प्रमाण पत्रों के लिए नागरिकों से आवश्यक दस्तावेजों की सही जांच-पड़ताल की जाए ताकि गलत प्रमाण पत्र जारी न हो। बैठक में अंचल निरीक्षक, प्रधान लिपिक और कंप्यूटर ऑपरेटर भी मौजूद थे, जिन्होंने अपनी-अपनी विभागीय रिपोर्ट प्रस्तुत की और कार्यों में प्रगति पर चर्चा की। इस बैठक के माध्यम से अंचल अधिकारी ने सभी कर्मचारियों को प्रेरित किया कि वे कार्यों में तेजी लाने और गुणवत्ता में सुधार के लिए कठोर प्रयास करें, ताकि आम जनता को राजस्व से संबंधित सभी सेवाएं समय पर और बिना किसी समस्या के मिल सकें।

## राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के तत्वाधान में महिला आरोग्य समिति की मासिक बैठक

निज संवाददाता | गोड्डा



राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन गोड्डा के अंतर्गत मंगलवार को साकेतपुरी, वार्ड नंबर 07 में महिला आरोग्य समिति की मासिक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में पुरुष नसबंदी अभियान 2024 और अन्य परिवार नियोजन सेवाओं को लाभार्थियों तक पहुंचाने के लिए चर्चा की गई। इस अवसर पर एएनएम जुली कुमारी ने पुरुष नसबंदी के बारे में विस्तार से जानकारी दी और बताया कि यह एक बहुत ही सरल, बिना चीरे और दर्द रहित पद्धति है, जिसमें मात्र 5 से 10 मिनट का समय लगता है। उन्होंने यह भी बताया कि इस प्रक्रिया में अस्पताल में भर्ती होने की आवश्यकता नहीं होती और ऑपरेशन के बाद पुरुष आसानी से अपने घर लौट सकते हैं, बिना किसी कमजोरी के। एएनएम जुली कुमारी ने स्पष्ट किया कि पुरुष नसबंदी महिलाओं की नसबंदी की तुलना में काफी आसान और प्रभावी तरीका है। यह गर्भनिरोधक का एक सुरक्षित, प्रभावी और स्थायी विकल्प है। यदि कोई जोड़ा अपना परिवार पूरा कर चुका है या बच्चे न पैदा करने का निर्णय ले चुका है, तो पुरुष नसबंदी एक आदर्श विकल्प हो सकता है। यह एक ऐसी प्रक्रिया है, जिससे पुरुषों को किसी भी प्रकार की शारीरिक कमजोरी का सामना नहीं करना पड़ता और यह उनकी सामान्य जीवनशैली को प्रभावित नहीं करती। बैठक के दौरान जुली कुमारी ने यह भी बताया कि समाज में परिवार नियोजन को लेकर अभी भी एक गलत मानसिकता पाई जाती है, जिसमें यह माना जाता है कि परिवार नियोजन की जिम्मेदारी केवल महिलाओं पर होती है। हालांकि, परिवार नियोजन के कई उपाय जैसे बंध्याकरण ऑपरेशन, कॉपर-टी, गर्भनिरोधक गोली, और इंजेक्शन महिलाओं के लिए होते हैं, लेकिन यह जरूरी है कि पुरुष भी इस जिम्मेदारी को समझे और पुरुष नसबंदी जैसे विकल्पों के बारे में जागरूकता फैलाएं।

## वन विभाग ने दो अजगर सांप रेस्क्यू कर ले गई

सरैयाहाट (नि.सं.)। सरैयाहाट प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों अजगर सांपों की संख्या में बढ़ोतरी देखी जा रही है, जिससे स्थानीय लोग परेशान और भयभीत हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में अजगर के अचानक दिखने से इलाके में हलचल मच गई है। मंगलवार को इस समस्या को लेकर बभनी और रक्सा गांव से मिली सूचना के बाद वन विभाग की एक टीम घटनास्थल पर पहुंची और दोनों गांवों में दो अजगर सांपों का रेस्क्यू किया। वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार, रेस्क्यू किए गए एक अजगर का वजन लगभग पंद्रह किलो था, जबकि दूसरे का वजन करीब तीन किलो था। दोनों अजगरों को सुरक्षित रूप से पकड़कर वन विभाग की टीम द्वारा सुरक्षित स्थान पर छोड़ा गया। अजगरों के इन गांवों में आ जाने से ग्रामीणों में काफी डर और घबराहट का माहौल था। खासकर बच्चों और महिलाओं को इन बड़े सांपों से खतरा महसूस हो रहा था।

## विश्व मानव अधिकार दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

निज संवाददाता | दुमका



दुमका में मंगलवार को पीयूसीएल (पिपल्स यूनियन फॉर सिविल लिबर्टीज) की इकाई ने विश्व मानव अधिकार दिवस के अवसर पर कोर्ट परिसर में एक महत्वपूर्ण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को उनके मौलिक अधिकारों के प्रति जागरूक करना और उनके अधिकारों के उल्लंघन की स्थिति में उचित कार्रवाई के बारे में जानकारी देना था। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को उनके अधिकारों के बारे में एक पंपलेट वितरित किया गया, जिसमें यह बताया गया था कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन, स्वतंत्रता, समानता, और गरिमा के संरक्षण का अधिकार है। इसके अलावा, यह भी बताया गया कि यदि किसी का मानवाधिकार का उल्लंघन हो रहा है, तो वह इसकी शिकायत किस प्रकार कर सकता है। कार्यक्रम में यह संदेश भी दिया गया कि अधिकारों के हनन पर चुप नहीं रहना चाहिए और इसके खिलाफ आवाज उठानी चाहिए। पीयूसीएल के इस कार्यक्रम को जिले के अधिवक्ताओं और सम्मानित नागरिकों द्वारा काफी सराहा गया।

कार्यक्रम के दौरान लोगों को उनके अधिकारों की जानकारी देने का उद्देश्य समाज में जागरूकता फैलाना था, ताकि लोग अपने अधिकारों का संरक्षण कर सकें और जब भी उनकी स्वतंत्रता या अधिकारों का उल्लंघन हो, तो वे कानूनी कदम उठा सकें। इस कार्यक्रम में दुमका के कई प्रमुख नागरिक और नेता उपस्थित थे। इस मौके पर सुरेश कुमार दास, अरविंद वर्मा, डॉ. सुमंगल ओझा, पीटर हेंब्रम, सुशांतो सोरेन, देवत्तर मल्लाह, संतोष वर्मा, अधिवक्ता पीटर कुजूर, जदयू नेता उदय कुमार सिंह, अधिवक्ता मनोज कुमार साह, डॉ. मनोज कुमार घोष, आनंद प्रकाश मुर्मू, अधिवक्ता अंजय प्रसाद गुप्ता, अधिवक्ता डी विकास राय, जसपाल हंसदा, बलदेव राय, सामुअल हंसदा, महालाल टुडू, और अनिल टुडू सहित बड़ी संख्या में नागरिकों ने कार्यक्रम में भाग लिया। गौरतलब है कि 10 दिसंबर 1948 को संयुक्त राष्ट्र संघ (UNO) ने विश्व मानव अधिकार दिवस की घोषणा की थी। यह दिन विशेष रूप से मानवाधिकारों के प्रति वैश्विक जागरूकता और उनके संरक्षण के महत्व को रेखांकित करता है। इस दिन को मान्यता प्राप्त करने से आम आदमी को जीवन, स्वतंत्रता और समानता जैसे मूल अधिकारों की सुरक्षा मिली। इस दिवस के आयोजन का मुख्य उद्देश्य यह है कि समाज के सभी वर्गों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जाए, ताकि कोई भी व्यक्ति अपने अधिकारों के हनन के खिलाफ खड़ा हो सके और अपनी आवाज उठा सके। पीयूसीएल का यह कार्यक्रम भी इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम था, ताकि लोगों में मानवाधिकारों के बारे में जागरूकता बढ़े और वे अपनी स्वतंत्रता और समानता की रक्षा के लिए सक्षम हो सकें। कार्यक्रम के समापन पर पीयूसीएल के सदस्य और आयोजक यह संदेश देने में सफल रहे कि प्रत्येक नागरिक को अपने अधिकारों के बारे में जानकारी होनी चाहिए, ताकि वह किसी भी प्रकार के अत्याचार या शोषण का सामना न करें और समाज में समानता, स्वतंत्रता और गरिमा की स्थापना की जा सके।

घायलों में दुल्हन समेत महिलाएं और बच्चे भी शामिल

# शादी में जा रही बस पलटी, दुल्हन समेत 20 से ज्यादा लोग घायल

- बिहार से झारखंड की ओर जा रही थी बस
- सुबह के वक्त हुआ हादसा
- चरही पुलिस की त्वरित कार्रवाई
- रांची रेफर किए गए गंभीर घायल
- शादी की खुशियां मातम में बदलीं




निज संवाददाता | हजारीबाग

झारखंड के हजारीबाग जिले में मंगलवार सुबह एक बड़ा हादसा हुआ, जब एक शादी समारोह के लिए जा रही बस चरही के यूपी मोड़ के पास पलट गई। इस दर्दनाक हादसे में बस में सवार 20 से ज्यादा लोग घायल हो गए। इनमें दुल्हन समेत कई महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोग और पुलिस तुरंत राहत और बचाव कार्य में जुट गए। यह बस बिहार के छपरा से झारखंड के रांची के लिए निकली थी। बस में दुल्हन के साथ उसके परिवार और रिश्तेदार भी सवार थे। रांची में शादी समारोह होना था। हादसा उस समय हुआ जब बस यूपी मोड़ के पास तेज गति से चल रही थी और चालक ने नियंत्रण खो दिया। इसके बाद बस अनियंत्रित होकर पलट गई। जानकारी के मुताबिक, यह दुर्घटना मंगलवार सुबह करीब 5 बजे हुई। हादसे के बाद स्थानीय लोग घटनास्थल पर पहुंचे और घायलों को बस से बाहर निकाला। बताया जा रहा है कि बस में लगभग 40 लोग सवार थे। हादसे के समय बस तेज रफ्तार में थी, जिससे चालक बस पर से नियंत्रण खो बैठा और यह दुर्घटना हो गई। इस हादसे में दुल्हन समेत कई महिलाएं और बच्चे गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

कुछ लोगों को हल्की चोटें आई हैं, जबकि पांच लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रांची के रिम्स में रेफर किया गया। घायल दुल्हन और उसके परिवार के सदस्यों को लड़के पक्ष के लोग रांची से आए और उन्हें रेफर करा कर ले गए। घटना की जानकारी मिलते ही चरही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को एंबुलेंस के माध्यम से हजारीबाग सदर अस्पताल भेजा। पुलिस ने बताया कि बस में सवार अधिकतर लोग शादी समारोह के लिए रांची जा रहे थे। सभी घायलों को इलाज के लिए प्राथमिकता दी गई। हादसे में घायल पांच लोगों की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें रांची के रिम्स अस्पताल में रेफर किया गया। इनमें खलासी की स्थिति बहुत खराब है और वह बोलने में भी असमर्थ है। इस हादसे में घायल व्यक्तियों में पलक सिंह, ममता सिंह, सोनी सिंह, सुरभी सिंह, संजना देवी, रेखा सिंह, कस्बी सिंह, का नाम है। हजारीबाग प्रशासन ने तेजी से राहत कार्य शुरू करते हुए सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया। प्रशासन का कहना है कि हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। प्राथमिक तौर पर चालक की लापरवाही और तेज गति को हादसे का मुख्य कारण माना जा रहा है। यह हादसा शादी समारोह के लिए जा रहे परिवार के लिए बेहद दुखदायी साबित हुआ। दुल्हन के साथ अन्य रिश्तेदारों को इस दुर्घटना में गंभीर चोटें आई हैं। शादी की खुशियां पल भर में मातम में बदल गईं। घटना ने परिवार और रिश्तेदारों को गहरे सदमे में डाल दिया है। यह हादसा एक बार फिर यह सवाल खड़ा करता है कि शादी जैसे खास मौकों पर सुरक्षा और सावधानी क्यों नहीं बरती जाती। सड़क पर तेज रफ्तार और लापरवाही से ड्राइविंग के परिणामस्वरूप ऐसी घटनाएं बार-बार सामने आती हैं। प्रशासन और स्थानीय लोग अब घायलों के जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना कर रहे हैं। पुलिस और प्रशासन ने कहा है कि हादसे की विस्तृत जांच की जाएगी। बस चालक और मालिक पर लापरवाही के आरोपों की जांच की जा रही है। जरूरत पड़ने पर उन्हें जिम्मेदार ठहराया जाएगा। यह हादसा एक बार फिर सड़क सुरक्षा नियमों के पालन और सावधानीपूर्वक यात्रा करने की जरूरत को रेखांकित करता है। सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की जा रही है।

# मल्टी परपज़ हॉल बनाने की योजना, डीडीसी और नगर आयुक्त ने स्थल का लिया जायजा

निज संवाददाता | मेदिनीनगर



मेदिनीनगर शहरवासियों को बहुत जल्द इनडोर स्टेडियम और मल्टी परपज़ हॉल के रूप में नयी सौगात मिलने वाली है। दोनों ही सौगातों को अमलीजामा पहनाने को लेकर जिले के उपायुक्त शशि रंजन गंभीर हैं।इसी कड़ी में मंगलवार को उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद और नगर आयुक्त जावेद हुसैन ने प्रस्तावित स्थलों का ज़ायज़ा लिया।दो सप्ताह पूर्व उपायुक्त श्री रंजन भी दोनों पदाधिकारियों के साथ प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण कर चुकें हैं।वार्ड 23 अंतर्गत डॉ आरपी सिंहा के क्लिनिक के सामने लगभग 1.5 एकड़ ज़मीन पर इनडोर स्टेडियम के निर्माण को लेकर डीपीआर भी तैयार कर लिया गया है।इस स्थल पर कुछ अतिक्रमण हटाया जाना है,वहीं कुछ जर्जर भवनों को तोड़ने का कार्य भी प्रारंभ कर दिया गया है।इसी कार्यों का निरीक्षण करने आज दोनों पदाधिकारी पहुंचे थे। वार्ड 23 में बनने वाले इनडोर स्टेडियम सह हेल्थ क्लब में कई तरह की गतिविधियां संचालित की जायेंगी,इसके लिये क्लब को विभिन्न प्रकार के उपकरणों से लैस किया जायेगा।इस इंडोर स्टेडियम में योगा केंद्र,बैडमिंटन कोर्ट,टेबल टेनिस कोर्ट,चेस सहित अन्य प्रकार के इनडोर गेम्स की व्यवस्थाओं से लैस किया जायेगा।इसके अलावे स्विमिंग पूल के साथ-साथ लोगों के मनोरंजन हेतु म्यूज़िक सिस्टम युक्त बैठने का लॉन भी बनाया जायेगा।इस संबंध में नगर आयुक्त ने बताया कि जल्द ही टेंडर कर इनडोर स्टेडियम के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया जायेगा। इनडोर स्टेडियम के अलावे टाउन हॉल में एक मल्टी परपज़ हॉल बनाने की योजना पर भी काम किया जा रहा है।इस हॉल के निर्माण हो जाने से शहरवासियों को विभिन्न तरह के आयोजनों हेतु सहूलियत होगी।इस हॉल में मैरेज हॉल,ओपन फ़ूड कोर्ट आदि की व्यवस्था की जाएगी।इसे लेकर डीसी श्री रंजन ने नगर आयुक्त को डीपीआर बनाने की बात कही है साथ ही इस योजना के निर्माण हेतु अन्य सभी कागजी प्रक्रियाओं को जल्द से जल्द पूर्ण करने को लेकर निर्देशित किया। दिनांक 3 दिसंबर को तकनीकी पदाधिकारियों संग संपन्न बैठक में उपायुक्त ने उप विकास आयुक्त को शहर में अवस्थित कंडम पड़े बिल्डिंग का सूची बनाने को लेकर निर्देशित किया था,इसके अनुपालन में मंगलवार को उप विकास आयुक्त व नगर आयुक्त जावेद हुसैन ने समाहरणालय परिसर में अनुपयोगी पड़े कंडम हो चुके बिल्डिंग का ज़ायज़ा लिया।इस दौरान दोनों पदाधिकारियों ने पुराना योजना कार्यालय,पुराना जिला भू-अर्जन कार्यालय,जिला विधिक सेवा प्राधिकार परिसर,पुराना हाजत, पुराना अभिलेखागार, जर्जर पड़े पूर्ण शिक्षा भवन,खाली पड़े पुराना सदर व अंचल कार्यालय कोऑपरेटिव बैंक सहित अन्य खाली पड़े भवनों का निरीक्षण किया।इसके पश्चात सदीक चौक स्थित कर्मचारी क्वार्टर में जर्जर पड़ा अपर समाहर्त्ता का आवासीय परिसर का भी आकलन किया। इसके साथ ही पोखराहा के मेदनीराय मेडिकल कॉलेज व रजवाडीह के कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के आसपास खली पड़े सरकारी जमीन का भी आकलन किया गया।

# अदाणी फाउंडेशन के द्वारा महिलाओं को मशरूम की खेती का दिया गया प्रशिक्षण

निज संवाददाता | गोड्डा



गांवों में रहने वाली महिलाओं की आय को बढ़ाने और आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से अदाणी फाउंडेशन उन्हें मशरूम की खेती के लिए प्रोत्साहित कर रहा है। इसकी शुरूआत अदाणी पावर प्लांट के समीपवर्ती गांव मोतिया में 35 से ज्यादा स्थानीय महिलाओं को प्रशिक्षण देकर की गयी। वहीं विशेषज्ञ प्रशिक्षक मनीष कुमार और सोनू कुमार ने महिलाओं को मशरूम की खेती के विभिन्न पहलुओं के साथ-साथ मशरूम उत्पादन से होने वाले लाभ के बारे में भी विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उक्त प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि मुख्यतः तीन अलग-अलग प्रकार के मशरूम होते हैं जिसमें मिल्की, ऑयस्टर और बटन मशरूम शामिल है। ऑयस्टर मशरूम की खेती बहुत आसान और सस्ती है। इसमें दूसरे मशरूम की तुलना में औषधीय गुण भी अधिक होते हैं एवं इस मशरूम में सबसे अच्छी बात होती है कि इसे किसान सुखाकर भी बेच सकते हैं। इसका स्वाद भी अन्य मशरूमों की तुलना में बेहतर होता है। मशरूम की खेती कर महिलाएं सालों भर कम लागत से अधिक मुनाफा कमा सकती हैं। मशरूम के एक बैग को तैयार करने में लगभग 50 रुपए की लागत आती है जिसे बेचकर एक महिला प्रतिदिन 200 से 300 रुपए तक मुनाफा कमा सकती हैं जिससे हर महीने औसतन पांच हजार से छह हजार रुपये तक की आमदनी होगी। प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं को मशरूम की खेती के साथ आर्थिक फायदे के लिए मशरूम की बाजार में बिक्री करने के माध्यमों के बारे में भी अवगत कराया गया।

## प्रकृति प्रदत्त अधिकार ही मानवाधिकार : डालसा

**गोड्डा (नि. सं.)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में मंगलवार को विश्व मानवाधिकार दिवस पर बाल विकास विद्यालय सभागार में जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता प्राचार्य पंकज कुमार साह ने किया। इस दौरान डालसा की ओर से गठित टीम ने छात्र-छात्राओं को कानून से संबंधित जानकारी दी। मौके पर एलएडीसी अजीत कुमार ने कहा कि मानवाधिकार मानव अस्तित्व के लिए मूलभूत हैं। ये सार्वभौमिक हैं। इसलिए दुनियां भर के लोग इसके अधिकारी हैं। ये व्यक्ति को निडर होकर कर्तव्य करने की स्वतंत्रता प्रदान करता है। द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद संयुक्त राष्ट्र संघ ने 10 दिसंबर 1948 को विश्व स्तर पर मानवाधिकार की घोषणा की। मानव के जन्म से ही मानवाधिकार शुरू हो जाते हैं। मानवधिकार प्रकृति प्रदत्त हैं। इसमें बिना मानव जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है।

# भाजपा के प्रतिनिधिमंडल ने बीडीओ से मिलकर धान के भुगतान को लेकर सौंपा ज्ञापन

निज संवाददाता | रानीश्वर



वित्तीय वर्ष 2023-24 में राज्य सरकार को धान की राशि का अविलम्ब भुगतान करने की मांग को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भा.ज.पा.) के एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को रानीश्वर प्रखंड विकास पदाधिकारी (BDO) राजेश कुमार सिन्हा से मुलाकात की और उन्हें ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में यह उल्लेख किया गया कि इस वर्ष रानीश्वर के किसानों ने लैम्प्स (लघु कृषि सहकारी समितियों) के माध्यम से राज्य सरकार को धान बेचा था, लेकिन इसके बावजूद किसानों का लाखों रुपये का भुगतान आज तक लंबित है। इस मुद्दे को लेकर किसानों ने कई बार राज्य सरकार को आवेदन भी दिया था, लेकिन अब तक उनका भुगतान नहीं किया गया। किसानों ने कहा कि वे पिछले साल के धान के भुगतान के बिना इस वर्ष राज्य सरकार को धान कैसे बेच सकते हैं, जब उन्हें पिछले साल का पैसा ही नहीं मिला। किसानों का कहना था कि सरकार को पहले पिछले साल के धान का भुगतान करना चाहिए और फिर नए सिरे से इस वर्ष के धान की खरीद प्रक्रिया शुरू करनी चाहिए। उनका यह भी कहना था कि जब तक पिछले साल का भुगतान नहीं होगा, वे इस बार राज्य सरकार पर विश्वास नहीं कर सकते। किसान लगातार यह सवाल उठा रहे हैं कि आखिरकार उनका पैसा कहां है और सरकार इसे क्यों नहीं चुका रही है। भा.ज.पा. के प्रतिनिधिमंडल ने बीडीओ से आग्रह किया कि इस मामले को गंभीरता से लिया जाए और किसानों का भुगतान शीघ्र किया जाए, ताकि उन्हें और उनके परिवारों को आर्थिक राहत मिल सके। बीडीओ राजेश कुमार सिन्हा ने किसानों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उन्हें आश्वासन दिया कि वे इस मुद्दे पर उचित कार्रवाई करेंगे। उन्होंने कहा कि इस मामले में जल्द से जल्द कार्रवाई की जाएगी ताकि किसानों को उनका लंबित भुगतान मिल सके और भविष्य में ऐसी समस्याएं न हों। भा.ज.पा. के इस प्रतिनिधिमंडल में पार्टी के कई प्रमुख नेता और कार्यकर्ता शामिल थे, जिनमें भाजपा के रानीश्वर मंडल अध्यक्ष रुद्रनाथ गोराय, जिला उपाध्यक्ष रघुनाथ दत्त, बिमान सिंह, कार्तिक घोष, नब घोष, मनोज मंडल, सुमन घोष, बबलू दत्त, निताई भंडारी, गट्टू कान्ह निया और बिबेकनन्द घोष शामिल थे। इस ज्ञापन के बाद भाजपा के प्रतिनिधिमंडल ने उच्च अधिकारियों से भी बात करने का निर्णय लिया है ताकि किसानों की समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान हो सके। उनके इस प्रयास का उद्देश्य राज्य सरकार पर दबाव बनाना है ताकि किसानों को उनकी मेहनत का उचित मूल्य मिल सके और सरकार की ओर से कोई और देरी न हो।

# डीसी ने सदर अस्पताल का किया निरीक्षण, अधूरे कार्य को जल्द पूरा करने का दिया निर्देश

- सदर अस्पताल में चिकित्सक और सुविधाओं की कमी को लेकर उठे सवाल
- सदर अस्पताल में सुविधा विस्तार के लिए कार्य तेज़ किया जाएगा



निज संवाददाता | गोड्डा

उपायुक्त जिशान कमर ने मंगलवार को गोड्डा सदर अस्पताल का निरीक्षण किया और अस्पताल में चल रहे विभिन्न कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने सदर अस्पताल की तीसरी मंजिल पर डीएमएफटी मद से बने 25 बेड के आईसीयू यूनिट का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि डायलिसिस यूनिट भी तैयार हो चुकी है और इसे जल्द ही शुरू कर दिया जाएगा। उपायुक्त ने यह भी कहा कि स्वास्थ्य विभाग के पास सदर अस्पताल में जिन सुविधाओं की कमी है, उन्हें शीघ्र पूरा किया जाएगा, ताकि जिलेवासियों को स्वास्थ्य सेवाओं में किसी प्रकार की कमी का सामना न करना पड़े। सदर अस्पताल के 100 बेड में 25 बेड आईसीयू के लिए आरक्षित किए गए हैं, जबकि 75 बेड सामान्य रोगियों के लिए होंगे। इसमें सभी आवश्यक सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। डीएमएफटी मद से बनाए गए इस अस्पताल का आईसीयू यूनिट दिसंबर के अंत तक या जनवरी तक पूरी तरह से शुरू कर दिया जाएगा। इसके साथ ही मेल वार्ड, फीमेल वार्ड और 5 प्लस 1 डायलिसिस यूनिट का भी उद्घाटन होगा। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने अस्पताल के कुछ हिस्सों में बंद पड़ी मशीनों को लेकर गुस्से का इज़हार करते हुए अस्पताल कर्मियों को कड़ी फटकार लगाई और निर्देश दिया कि इन मशीनों को जल्द से जल्द चालू किया जाए, ताकि मरीजों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। सदर अस्पताल को लेकर स्थानीय लोगों की कुछ प्रमुख मांगें भी सामने आई हैं। जिलेवासियों का कहना है कि अस्पताल में महिला डॉक्टरों और सर्जनों की कमी को तत्काल दूर किया जाए। इस कमी के कारण खासकर प्रसव और गंभीर मामलों में मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा, सिटी स्कैन मशीन की अनुपलब्धता भी एक बड़ी समस्या बन गई है। लोग इस कारण निजी अस्पतालों का सहारा लेने पर मजबूर हैं, जहां उन्हें मनमाने ढंग से अधिक पैसे वसूले जाते हैं। स्थानीय निवासियों ने मांग की है कि सरकारी अस्पताल में सिटी स्कैन मशीन उपलब्ध कराई जाए और निजी अस्पतालों की मनमानी पर सख्त कार्रवाई की जाए। उपायुक्त ने इन समस्याओं को गंभीरता से लिया और कहा कि अस्पताल की सुविधाओं में जल्द सुधार किया जाएगा। साथ ही उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को सिटी स्कैन मशीन की व्यवस्था करने के लिए निर्देश दिए और इसके लिए जल्द प्रक्रिया शुरू करने का आश्वासन दिया।

## कर्मा पूजा के अवसर पर मेला आयोजित

**मेहरमा (नि. सं.)।** प्रखंड के आदिवासी टोला में कर्मा पूजा की धूम मची है। इस पर्व को लेकर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए साथ ही मेले का भी आयोजन किया गया। वहीं पारंपरिक संथाली नृत्य भी लोगों के आकर्षण का केंद्र बना। ज्ञात हो कि आदिवासी समाज नई फसल की तैयारी के अवसर पर त्यौहार मनाते हुए नाच गाकर अपनी खुशियां ज़ाहिर करते हैं। इस दौरान उनकी पारंपरिक वेशभूषा तथा वाद्य यंत्र लोगों को बरबस अपनी ओर आकर्षित कर लेता है। फसल तैयारी के कारण हुई थकान को मिटाने का यह एक पुराना रिवाज है, जो वर्षों से चली आ रही है। इसमें लोग दीन दुनिया से बेख़बर अपने सारे गम भूल कर नाचते गाते और खुशियां मनाते हैं। इस अवसर पर आयोजित मेले का लोग जमकर लुत्फ़ उठाते हैं, तथा खरीददारी भी करते हैं।

# स्कूली विद्यार्थियों को कोयला खदान का कराया गया शैक्षणिक भ्रमण

निज संवाददाता | महागामा



सेंट माइकल एंग्लो इंडियन स्कूल, मोहनपुर ने विद्यार्थियों को कोयला खदान का शैक्षणिक भ्रमण कराकर व्यावहारिक शिक्षा का एक अनूठा अवसर प्रदान किया। इस भ्रमण में 11वीं और 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रधानाचार्य बीजू कावुंकल के साथ शिक्षक अभिषेक झा और पंकज कुमार भी इस शैक्षणिक यात्रा में शामिल हुए। सुरक्षा अधिकारी ने विद्यार्थियों को खदानों में सुरक्षा के नियमों और सावधानियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।इसके अलावा, महाप्रबंधक ने खदानों की कार्यप्रणाली और संचालन प्रक्रिया को समझाया। विद्यार्थियों को इस भ्रमण से कोयला खदानों के वास्तविक कार्यों को नजदीक से देखने और समझने का मौका मिला।

स्कूल लौटने के बाद, विद्यार्थियों की सीख को सुदृढ़ करने के लिए एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता ने उनकी जिज्ञासा और ज्ञान को और बढ़ाया। प्रधानाचार्य बीजू कावुंकल ने आश्वासन दिया कि भविष्य में भी ऐसे शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किए जाएंगे ताकि विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान और वास्तविक दुनिया के अनुभव मिलते रहें।

# बीडीओ ने विकास योजनाओं के प्रगति और क्रियान्वयन को लेकर की बैठक

निज संवाददाता | रानीश्वर (दुमका)

प्रखंड विकास पदाधिकारी राजेश कुमार सिन्हा ने मंगलवार को विकास योजनाओं के प्रगति और क्रियान्वयन की समीक्षा के लिए पंचायत सचिव, जन सेवक और रोजगार सेवकों के साथ बैठक की। इस बैठक में विभिन्न सरकारी योजनाओं, जैसे अबुआ आवास, प्रधानमंत्री आवास, जेएसएलपीएस, जनमन योजना, बिरसा आवास, मनरेगा, अम्बेडकर आवास और मुख्यमंत्री माय्या योजना की स्थिति पर चर्चा की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करना और उन्हें समय पर पूर्ण करने के लिए अधिकारियों को दिशा-निर्देश देना था। बैठक में बीडीओ ने आवास योजनाओं की समीक्षा करते हुए 2024-25 के लिए विभिन्न पंचायतों के पंचायत सचिवों को आदेश दिया कि वे दो दिन के भीतर शत-प्रतिशत निबंधन सुनिश्चित करें। इस संदर्भ में तालडांगाल, दक्षिणजोल, धानभाषा, बाँसकुली, पाथरा और सुखजोड़ा पंचायतों के सचिवों को जिम्मेदारी दी गई। इसके अलावा, अंबेडकर आवास योजना के तहत छह आवासों का जीओ टैग कर उन्हें शीघ्र पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया गया। मनरेगा के तहत सिंचाई कूप की 346 योजनाओं में से 316 योजनाओं का ऑनलाइन आवेदन हो चुका है, और 110 कूप भौतिक रूप से पूर्ण हो चुके हैं। बीडीओ ने कनीय अभियंताओं और रोजगार सेवकों को कार्य में तेजी लाने की बात की और कहा कि प्रत्येक गांव में पांच योजनाएं चलानी चाहिए। बैठक में लंबित आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण को प्राथमिकता देने का आदेश भी दिया गया। बीडीओ ने सभी पंचायत सचिवों को निर्देश दिया कि वे सुनिश्चित करें कि निर्माण कार्य समय सीमा के भीतर पूर्ण हों। साथ ही, उन्होंने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से बेहतर समन्वय स्थापित कर कार्यों में प्रगति लाने की अपील की। बैठक में प्रभारी प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी, मनरेगा के बीपीओ, पंचायत सचिव, जन सेवक और रोजगार सेवक उपस्थित थे। सभी ने बैठक में दिए गए निर्देशों का पालन करने की प्रतिबद्धता जताई और योजनाओं की शीघ्रता से क्रियान्वयन को लेकर अपना सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया।यह कार्यक्रम न केवल एक बधाई देने का अवसर था, बल्कि भविष्य के लिए एक नई राजनीतिक दिशा की नींव रखने का भी संकेत देता है। जनता के बढ़ते समर्थन और नेतृत्व की ताकत से झारखंड के इस क्षेत्र में राजनीतिक परिदृश्य में एक नई ऊर्जा का संचार हो रहा है।

## जयराम महतो को जीत की दी गई बधाई

**हरिहरगंज (पलामू) (नि. सं.)।** मानवाधिकार दिवस के अवसर पर मंगलवार को बोस सेना के केंद्रीय अध्यक्ष अरविंद घोष ने अपने साथियों के साथ झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) के केंद्रीय अध्यक्ष और डुमरी विधानसभा के नवनिर्वाचित विधायक टाइगर जयराम महतो से मुलाकात की। इस दौरान अरविंद घोष ने उन्हें संविधान की पुस्तक भेंट कर जीत की शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर जेएलकेएम के पलामू जिला अध्यक्ष दिलीप मेहता और प्रमंडलीय सचिव सोनू पटेल भी मौजूद थे। उन्होंने पार्टी सुप्रीमो टाइगर जयराम महतो को पलामू जिला के हरिहरगंज-हुसैनाबाद क्षेत्र की धरती पर आने का निमंत्रण दिया। इस मुलाकात में टाइगर जयराम महतो को युवाओं के बीच उनकी बढ़ती लोकप्रियता और उनके प्रभावशाली नेतृत्व की सराहना की गई। गौरतलब है कि टाइगर जयराम महतो हाल ही में संपन्न हुए विधानसभा चुनाव में युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत और यूथ आइकॉन के रूप में उभरे हैं।

# मनाया गया शांति प्रवक्ता प्रेम रावत का 67वां जन्मदिन

निज संवाददाता | हरिहरगंज (पलामू)



मंगलवार को प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर अंतरराष्ट्रीय शांति प्रवक्ता और विश्व प्रसिद्ध आध्यात्मिक गुरु प्रेम रावत जी का 67वां जन्मदिन अत्यंत उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भक्तगण और अनुयायी अलग-अलग स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में शामिल हुए। हरिहरगंज, अररूआ खुर्द, मझिगावां, बघना, पड़रिया, माडादाग, दुबरीडीह, निकटवर्ती महाराजगंज, संडा, सरईवार, बलूवाड़ी, इब्राहिमपुर और अन्य कई राज विद्या केंद्रों पर भव्य आयोजन किए गए। अररुआ खुर्द स्थित राज विद्या केंद्र पर आयोजित मुख्य कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। कार्यक्रम का आरंभ प्रेम रावत जी के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से हुआ। इसके बाद भक्तों ने आरती उतारी और पूजा-अर्चना कर प्रेम रावत जी का जन्मदिन मनाया। श्रद्धालुओं ने उनके प्रति अपनी श्रद्धा प्रकट की और उनकी शिक्षाओं का अनुसरण करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर युवा समाजसेवी राजीव रंजन ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रेम रावत जी न केवल एक ख्याति प्राप्त आध्यात्मिक गुरु हैं, बल्कि शांति और प्रेम का संदेश फैलाने वाले महान प्रवक्ता भी हैं। उन्होंने बताया कि प्रेम रावत जी की शिक्षाएं आज के युग में शांति और सद्भावना को बढ़ावा देने के लिए अत्यंत प्रासंगिक हैं।

उनके अनुयायी पूरी दुनिया में प्रेम और भाईचारे का संदेश फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान यह बताया गया कि राज विद्या केंद्र संस्था के माध्यम से विश्वभर में कई सेवा कार्य संचालित किए जा रहे हैं। ये केंद्र मानवता की सेवा और समाज को जागरूक करने के लिए विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करते हैं। प्रेम रावत जी के बताए मार्ग पर चलकर न केवल व्यक्तिगत जीवन को सफल बनाया जा सकता है, बल्कि समाज में शांति और समरसता को भी बढ़ावा दिया जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान प्रेम रावत जी का शांति संदेश अंजन टीवी के माध्यम से सभी केंद्रों पर प्रसारित किया गया। इस संदेश को सुनने के लिए महिला, पुरुष और बच्चों सहित हजारों श्रद्धालु उपस्थित रहे। उन्होंने प्रेम रावत जी के उपदेशों को ध्यानपूर्वक सुना और उनकी शिक्षाओं को अपने जीवन में अपनाने की प्रेरणा ली। इस विशेष अवसर पर भक्तों ने अपने-अपने केंद्रों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इन कार्यक्रमों में भक्ति गीत, नृत्य और नाट्य प्रस्तुतियां शामिल थीं, जो सभी उपस्थित श्रद्धालुओं को भक्ति के रंग में रंगने में सफल रहीं। इसके अलावा, सभी राज विद्या केंद्रों पर भव्य भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में राज विद्या केंद्र के सहायक, शिक्षक और अन्य सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इनमें केंद्र सहायक मधु कुमारी, सेवा सहायक कृष्णा गुप्ता, प्रचार सहायक दिनेश पासवान, शिक्षक सरोज चौधरी, लोको पायलट आकाश कुमार, अमन गुप्ता, गुप्तेश्वर गुप्ता, सुमित्रा देवी, नवीन पांडेय, देवंती देवी, उमेश साव, केदारनाथ ठाकुर, गोपाल गुप्ता, शंभू सिंह, घनश्याम शर्मा, अक्षय सिंह, राजन साव, सुनील पाल, संजय जायसवाल, शंभू यादव और बिजय पासवान सहित सैकड़ों श्रद्धालु शामिल थे। श्रद्धालुओं ने इस आयोजन के प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट करते हुए कहा कि प्रेम रावत जी का जीवन और उनकी शिक्षाएं उनके लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। उनकी शिक्षाओं के माध्यम से न केवल व्यक्ति को आत्मज्ञान प्राप्त होता है, बल्कि समाज में शांति और सद्भाव का वातावरण भी तैयार होता है। प्रेम रावत जी के 67वें जन्मदिन का यह आयोजन सभी श्रद्धालुओं के लिए आध्यात्मिक प्रेरणा का स्रोत बना।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

## सरकारी स्कूलों में मिल रहा जोखिम भरा भोजन

देश के विद्यालयों में मध्याह्न भोजन योजना के तहत विषाक्त या दूषित भोजन खाने से बच्चों के बीमार पड़ने, यहां तक कि मर जाने की घटनाएं अक्सर सामने आती रहती हैं। विडंबना है कि इतना संवेदनशील मामला होने के बावजूद किसी घटना से सबक लेकर सावधानी बरतना जरूरी नहीं समझा जाता। यही वजह है कि एक घटना के कुछ दिनों बाद वैसा ही दूसरा मामला सामने आता रहता है और फिर संबंधित महकमे की ओर से जांच और कार्रवाई के भरोसे के साथ शांत पड़ जाता है। ताजा घटना महाराष्ट्र में चंद्रपुर जिले के सावली तहसील के एक विद्यालय में संदिग्ध विषाक्त भोजन के सेवन के बाद सौ से ज्यादा विद्यार्थियों को पेट दर्द की शिकायत और उल्टी की वजह से अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। गनीमत है कि इलाज के बाद बच्चों की स्थिति स्थिर बताई गई, लेकिन अंदाजा लगाया जा सकता है कि भोजन में विषाक्तता अगर थोड़ी ज्यादा होती, तो इतनी बड़ी संख्या में बच्चों के साथ क्या हो सकता था। सवाल है कि देश भर के सरकारी विद्यालयों में बच्चों को कुपोषण की समस्या से बचाने के उद्देश्य से चल रही इस योजना में इस व्यापक खामी को दुरुस्त करने के लिए कोई ठोस उपाय क्यों नहीं किए जाते। क्या वजह है कि हर कुछ समय के बाद देश के अलग-अलग इलाकों से इस तरह की घटना सामने आती रहती है, जिनमें विद्यालयों में मिले मध्याह्न भोजन से कई बच्चों की जिंदगी खतरे में पड़ जाती है? ऐसे हर मामले के बाद भविष्य में सब कुछ ठीक करने का सरकारी भरोसा जरूर आता है, मगर इसे सुनिश्चित करने की हकीकत यही है कि कुछ समय बाद फिर किसी स्कूल में वैसी ही घटना हो जाती है। यह समझना मुश्किल है कि मध्याह्न भोजन की योजना में इस तरह की गड़बड़ियों के मामलों की अनदेखी या फिर एक दुरुस्त व्यवस्था करने को लेकर लापरवाही क्यों दिखती है!क्या ऐसा इसलिए है कि सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चे आमतौर पर समाज के कमजोर तबकों से होते हैं? यह अफसोसनाक है कि अभाव से जूझते परिवारों के बच्चों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के मकसद से लागू इस महत्त्वाकांक्षी योजना में कई स्तर पर मौजूद गड़बड़ियों को दूर करने को लेकर सरकार के भीतर इच्छाशक्ति का अभाव दिखता है।

## मुश्किल में इंडिया.... चुनावी नाकामियों ने दरार बढ़ाई

महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल से आ रही खबरों से साफ होता है कि विपक्षी गठबंधन इंडिया में सब कुछ सही नहीं चल रहा। लगातार चुनावी नाकामियों से पैदा हुई बेचैनी गठजोड़ पर भारी पड़ रही है। एक-दूसरे के खिलाफ असंतोष और बयानबाजी विपक्ष के लिए बिल्कुल भी शुभ संकेत नहीं। महाराष्ट्र में सपा का शिवसेना उद्धव ठाकरे गुट से नाराजगी की बात कहते हुए महाविकास अघाड़ी गुट से नाता तोड़ना भले राज्य की सियासत पर असर न डाले, लेकिन इसके गहरे मायने हैं। इसी तरह, तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष और बंगाल की सीएम ममता बनर्जी का इंडिया. को लीड करने की इच्छा जाहिर करना भी बहुत कुछ कहता है। इन दोनों की नाराजगी गठबंधन के नेतृत्व और इस तरह से सीधे कांग्रेस को लेकर है। विपक्ष में सबसे ज्यादा कमी दिखाई देती है आम सहमति की। सीटों से लेकर मुद्दों तक, दोस्त दलों के बीच कहीं एकजुटता नहीं दिखती। यह बात इस शीतकालीन सत्र में भी साबित हो गई, जब अदाणी मामले पर कांग्रेस और टीएमसी ने अलग राह पकड़ ली। दरअसल, यह टकराव राष्ट्रीय राजनीति में फिर से मजबूत होने की कोशिश कर रही कांग्रेस और अपने स्पेस के लिए लड़ रहीं क्षेत्रीय सियासत की धुरंधर पार्टियों के बीच का ज्यादा है। देखा जाए तो समय-समय पर इस तरह की खबरें आती रही हैं, जो विपक्षी एकता के लिए चुनौती खड़ी कर देती हैं। कुछ अरसा पहले ही यूपी में उपचुनाव को लेकर कांग्रेस और सपा के बीच जैसी असहज स्थिति बनी थी, वैसा सहयोगियों के बीच तो नहीं होता। महाराष्ट्र इलेक्शन के दौरान भी सहयोगी दलों में तालमेल की कमी होने की बात सामने आई थी। बंगाल में पहले ही कांग्रेस और टीएमसी एक-दूसरे के विरुद्ध हैं।

# संविधान की दिवस की रस्मी अदायगी से नहीं बदलेगी हकीकत

**(योगेंद्र योगी)**

संविधान का दुरुपयोग केंद्र में हर दल की सरकार ने करने की भरसक कोशिश की है। इंदिरा गांधी ने अपनी सत्ता बचाने के लिए देश में आपातकाल लगा दिया। संविधान की सरेआम धज्जियां उड़ाने का ऐसा मंजर भारत में कभी देखने को नहीं मिला। 26 नवंबर 1949 को भारत का संविधान पारित किया गया और अपनाया गया। इस दिन को संविधान दिवस या राष्ट्रीय कानून दिवस के रूप में जाना जाता है। डॉ. भीमराव अंबेडकर ने कहा था कि भारत का संविधान व्यावहारिक, लचीला, और मज़बूत है। संविधान में हर समस्या का समाधान है। संविधान भारतीय लोकतंत्र की आत्मा है। इसके बावजूद आजादी के बाद से केंद्र हो या राज्यों की सरकारें, सभी ने संविधान में मौजूद कानूनों को अपने राजनीतिक फायदों के लिए इस्तेमाल करने में कसर बाकी नहीं रखी। राजनीतिक दलों की सत्ता लोलुपता के कारण संविधान काफी हद तक कानून का पुलंदा बन कर रह गया। राजनीतिक दलों की मनमानी का आलम ही है कि देश आज भी गरीबी, असमानता, अपराध, जनसंख्या बढ़ोतरी, पर्यावरणीय समस्या और बुनियादी सुविधाओं की कमी से जूझ रहा है। संविधान का दुरुपयोग केंद्र में हर दल की सरकार ने करने की भरसक कोशिश की है। इंदिरा गांधी ने अपनी सत्ता बचाने के लिए देश में आपातकाल लगा दिया। संविधान की सरेआम धज्जियां उड़ाने का ऐसा मंजर भारत में कभी देखने को नहीं मिला। इसके बाद केंद्र में लंबे अर्से तक शासन में रही कांग्रेस की सरकार ने संविधान के दुरुपयोग में कोई कसर बाकी नहीं रखी। राज्यों की सरकारों को बर्खास्त करने के लिए आर्टिकल 356 का जमकर दुरुपयोग किया गया। इंदिरा गांधी ने आर्टिकल 356 का 50 बार दुरुपयोग किया। श्रीमती गांधी ने विपक्षी और क्षेत्रीय दलों की सरकारों को गिरा दिया। केरल में वामपंथी सरकार चुनी गई, जिसे नेहरू पसंद नहीं करते थे, उसे गिरा दिया गया। करुणानिधि जैसे दिग्गजों की सरकारें गिरा दी गई। कुल 90 बार चुनी हुई सरकारों को गिराया गया। कांग्रेस सरकार ने डीएमके

> *आरक्षण के सही प्रावधानों को लागू करने में भी नेताओं को वोटों का डर सताता रहा है। यही वजह रही है कि आरक्षण के फायदे-नुकसान पर कोई दल किसी तरह की चर्चा तक करने को तैयार नहीं होता। आरक्षण को लेकर राजनीतिक दलों ने संविधान से छेड़छाड़ करने में कसर बाकी नहीं रखी। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली सुप्रीम कोर्ट की सात जजों की बेंच ने अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के कोटे में कोटा दिए जाने को मंजूरी दी थी।*

और वामपंथी सरकारों को गिराया। बदनियति से संविधान के कानूनों को अपनी सुविधा के हिसाब से बदलने और लागू करने का काम सिर्फ कांग्रेस ने ही नहीं किया, बल्कि केंद्र में शासन में आने के बाद भाजपा भी इसमें पीछे नहीं रही। सर्वोच्च न्यायालय ने एक महत्वपूर्ण फैसले में संविधान के 99वें संशोधन और राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग (एनजेएसी) अधिनियम को असंवैधानिक करार देते हुए इसे निरस्त कर दिया और उच्च न्यायालयों तथा सर्वोच्च न्यायालय में न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए पुरानी कॉलेजियम प्रणाली को बहाल कर दिया। देश के लोगों की सोशल मीडिया के जरिए अभिव्यक्ति और असहमति के अधिकार को केंद्र और राज्यों के कुचलने की कोशिश को सुप्रीम कोर्ट ने नाकाम कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने आईटी एक्ट की धारा 66 ए को असंवैधानिक करार दिया। अदालत ने सभी राज्यों के पुलिस महानिदेशकों और गृह सचिवों को यह सुनिश्चित करने के लिए कई निर्देश जारी किए कि सभी लंबित मामलों से धारा 66 ए का संदर्भ हटा दिया जाए। कोर्ट ने यह भी निर्देश दिया कि प्रकाशित आईटी अधिनियम के बेयरएक्ट्स को पाठकों को पर्याप्त रूप से सूचित करना चाहिए कि धारा 66 ए को अमान्य कर दिया गया है। इस धारा में यह प्रावधान था कि सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक, उत्तेजक या भावनाएं भड़काने वाली सामग्री डालने पर व्यक्ति को गिरफ्तारी किया जा सकता है, लेकिन शीर्ष अदालत ने इस कानून को संविधान के अनुच्छेद 19.1.ए के तहत बोलने और अभिव्यक्ति की आजादी के मौलिक अधिकार के खिलाफ बताकर निरस्त कर दिया था। आरक्षण को लेकर सभी राजनीतिक दल वोटों की राजनीतिक करते रहे हैं। आरक्षण के सही प्रावधानों को लागू करने में भी नेताओं को वोटों का डर सताता रहा है। यही वजह रही है कि आरक्षण के फायदे-नुकसान पर कोई दल किसी तरह की चर्चा तक करने को तैयार नहीं होता। आरक्षण को लेकर राजनीतिक दलों ने संविधान से छेड़छाड़ करने में कसर बाकी नहीं रखी। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली सुप्रीम कोर्ट की सात जजों की बेंच ने अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के कोटे में कोटा दिए जाने को मंजूरी दी थी। उस दौरान कोर्ट ने कहा था कि एससी-एसटी कैटेगरी के भीतर नई सब कैटेगरी बना सकते हैं और इसके तहत अति पिछड़े तबके को अलग से रिजर्वेशन दे सकते हैं। इसको लेकर पीएम नरेंद्र मोदी से संसद भवन में 100 दलित सांसद मिले। इसके बाद केंद्र ने इसकी घोषणा भी कर दी कि जरूरत पड़ी तो संसद में विधेयक लाया जाएगा, पर आरक्षण के मौजूदा प्रावधानों में कोई बदलाव मंजूर नहीं होगा। हालांकि तमिलनाडु और कर्नाटक ने सुप्रीम कोर्ट के कोटे में कोटा के निर्णय पर अमल का फैसला किया। इतना ही नहीं संविधान से इतर जाकर राज्यों की सरकारों ने भी वोटों की राजनीति के लिए आरक्षण को हथियार बनाने के प्रयासों में कसर बाकी नहीं रखी। हां, कुछ राज्यों ने निजी क्षेत्र में स्थानीय लोगों के लिए आरक्षण देने का कानून बनाने की कोशिश की है। हालांकि, इन कोशिशों को संवैधानिक चुनौतियों का सामना करना पड़ा। साल 2008 में महाराष्ट्र सरकार ने भूमिपुत्रों को 80 प्रतिशत आरक्षण देने की कोशिश की थी। साल 2019 में आंध्र प्रदेश सरकार ने निजी क्षेत्र में 75 प्रतिशत स्थानीय आरक्षण अनिवार्य करने वाला कानून पारित किया था। साल 2020 में हरियाणा सरकार ने निजी क्षेत्र में 75 प्रतिशत स्थानीय आरक्षण देने का कानून बनाया था। हालांकि, पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय ने इसे असंवैधानिक माना था। इसी तरह साल 2023 में झारखंड ने निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों के लिए 75 प्रतिशत आरक्षण अनिवार्य करने वाला कानून पेश किया था। कर्नाटक सरकार ने भी निजी क्षेत्र में स्थानीय लोगों के लिए आरक्षण देने का विधेयक पेश किया था। हालांकि, उद्योग जगत की प्रतिक्रिया के बाद इसे स्थगित कर दिया गया। संविधान के अनुच्छेद 16(3) के मुताबिक, संसद ही किसी खास राज्य में नौकरियों के लिए निवास की ज़रूरत तय करने का कानून बना सकती है। संविधान दिवस मनाना महज एक रस्मी रिवायत रह गई है। केंद्र के साथ राज्यों के भी कानूनों से खिलवाड़ करने के ढेरों उदाहरण मौजूद हैं। बिहार और उत्तर प्रदेश में अपराधी और माफिया का दबदबा इसके उदाहरण हैं। राजनीतिक दलों ने कानून को शर्मसार करते हुए अपराधियों को संरक्षण देने का काम किया है।

# साख बचाने के लिए एकनाथ शिंदे ने लिया वक्त, अब शिवसेना को बचाने की है बड़ी चुनौती

**(संतोष पाठक)**

एकनाथ शिंदे को इस बात का भी अहसास बखूबी हो गया था कि अगर यह बात महाराष्ट्र की जनता और शिवसैनिकों के मन में घर कर गई तो उनकी पार्टी टूट भी सकती है। विधानसभा चुनाव में बुरी तरह से हारने के बाद उद्धव ठाकरे इसी तरह के मौके की तलाश में है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के लाडले और नागपुर से ही आने वाले देवेंद्र फडणवीस तीसरी बार महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री बन गए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, उत्तर प्रदेश और असम के मुख्यमंत्री सहित एनडीए शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों की उपस्थिति में एक भव्य समारोह में मुख्यमंत्री पद की शपथ लेकर फडणवीस ने इस तथ्य को अब पूरी तरह से स्थापित कर दिया है कि भाजपा राज्य में बड़े भाई की भूमिका में ही रहेगी। मशहूर उद्योगपत्तियों और शाहरुख खान, सलमान खान और संजय दत्त सहित अनगिनत फिल्मों सितारों की मौजूदगी में शानदार और भव्य अंदाज में शपथ लेकर देवेंद्र फडणवीस ने यह संदेश भी दे दिया कि देश का ताकतवर तबका उनके साथ है और वह भविष्य में बड़ी भूमिका निभाने को तैयार है। लेकिन इस सबके बीच शिवसेना नेता एकनाथ शिंदे के रूठने-मनाने के खेल को लेकर कई तरह के सवाल उठ रहे है। अब यह पूछा जा रहा है कि क्या वाकई एकनाथ शिंदे मुख्यमंत्री नहीं बनाए जाने से इतने नाराज हो गए थे कि बैठक छोड़कर अपने गांव चले गए ? महाराष्ट्र विधानसभा के नंबर और भाजपा के सीटों की संख्या पता होने के बावजूद क्या वाकई शिंदे यह मान कर चल रहे थे कि भाजपा पिछली बार की तरह इस बार भी उन्हें मुख्यमंत्री बना देगी ? या इसके पीछे कहानी कुछ और ही है ? दरअसल, नाराजगी का यह प्रदर्शन करना एकनाथ शिंदे की चाहत और इच्छा से कहीं ज्यादा उनकी मजबूरी बन गई थी। दरअसल, शिवसेना को तोड़ कर भाजपा के साथ आते समय एकनाथ शिंदे ने उद्धव ठाकरे पर इसी तरह के आरोप लगाए थे कि वह दिल्ली दरबार के आगे झुक गए हैं और बालासाहेब ठाकरे की विरासत का अपमान कर रहे हैं। लेकिन इस बार वही स्थिति शिंदे साहब की खुद की बन गई थी। महाराष्ट्र की जनता में और खासकर शिवसैनिकों में यह संदेश जा रहा था कि एकनाथ शिंदे भी दिल्ली दरबार के आगे झुक गए हैं, बालासाहेब ठाकरे की विरासत का अपमान कर रहे हैं और उद्धव ठाकरे की तरह ही अपने बेटे को आगे कर परिवारवाद की राजनीति कर रहे हैं। एकनाथ शिंदे को इस बात का भी अहसास बखूबी हो गया था कि अगर यह बात महाराष्ट्र की जनता और शिवसैनिकों के मन में घर कर गई तो उनकी पार्टी टूट भी सकती है। विधानसभा चुनाव में बुरी तरह से हारने के बाद उद्धव ठाकरे इसी तरह के मौके की तलाश में है। शिवसेना को बचाने और अपने साख की रक्षा करने के लिए एकनाथ शिंदे ने नाराजगी वाले भारतीय राजनीति के उसी पुराने दांव को एक बार फिर से खेल दिया। इससे जनता में यह संदेश भी चला गया कि एकनाथ शिंदे ने बहादुरी के साथ दिल्ली दरबार से लड़ाई की, दिलेरी के साथ अमित शाह के सामने अपनी शर्तें रखी लेकिन शिवसैनिकों के मनाने के बाद महाराष्ट्र की जनता के हित मे बड़ा त्याग करते हुए मुख्यमंत्री की बजाय उपमुख्यमंत्री बनना स्वीकार कर लिया। हालांकि फडणवीस सरकार में उपमुख्यमंत्री बनने के बाद भी एकनाथ शिंदे के सामने शिवसेना को बचाने की चुनौती बनी ही रहेगी। उद्धव ठाकरे या उनके बेटे आदित्य ठाकरे अगर मैदान में उतर कर आक्रामक राजनीति करने लगते हैं तो फिर उस स्थिति में एकनाथ शिंदे, उनके बेटे श्रीकांत शिंदे और शिवसेना के बड़े नेताओं को भी सामने आकर खुल कर बयानबाजी करनी ही होगी। हालांकि संख्या बल के कारण महायुति गठबंधन सरकार की स्थिरता पर इन बयानबाजियों की वजह से कोई फर्क तो नहीं पड़ेगा लेकिन हर बार एकनाथ शिंदे की इज्जत बचाने के लिए देवेंद्र फडणवीस को उनके घर जाना पड़ सकता है।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तंभकार हैं।)**

## आज का राशिफल

### मेष
आज दिन सफलता भरा रहेगा। मनचाहा फल मिलेगा। धन लाभ होगा और रुके हुए काम पूरे होंगे। किसी शुभ समाचार से खुशी मिलेगी। परिवार के साथ अच्छा समय बीतेगा। घर में सुख-समृद्धि बनी रहेगी। आपके लिए तरक्की के योग बने हैं और आपको लाभ प्राप्त होगा। आपके धन में वृद्धि होगी और योजनाएं सफल होंगी।

### वृष
आज करियर में लाभ के योग हैं। परिवार के साथ यात्रा हो सकती है। व्यापार में तरक्की से खुशी मिलेगी। आपके प्रयास सफल होंगे और आपको धन के मामले में लाभ के साथ करियर में तरक्की हासिल होगी। दांपत्य जीवन सुखमय रहेगा। विद्यार्थियों को मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। यात्रा के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी मिल सकती है।

### मिथुन
आज दिन सामान्य रहेगा। रुके हुए काम पूरे होंगे। मन प्रसन्न रहेगा। मुश्किल कामों को पूरा कर पाएंगे। परिवार का सहयोग मिलेगा। जीवन में खुशहाली आएगी। फिजूलखर्ची से बचें। दूसरों की बातों को नजरअंदाज करें। व्यापार में लाभ होगा। दिन आनंद में बीतेगा।

### तुला
आज दिन फायदेमंद रहेगा। शुभ समाचार मिलेंगे। फिजूलखर्ची कम होगी। सेहत का ध्यान रखें, बीमारी बढ़ सकती है। सामाजिक कार्यों में रुकावट आ सकती है। सोच-समझकर काम करें। अचानक धन लाभ हो सकता है। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। बच्चों से जुड़ी अच्छी खबर मिल सकती है। शाम को धार्मिक कार्यों में समय बीतेगा।

### वृश्चिक
आज दिन मिला-जुला रहेगा। आपको ऑफिस के काम से किसी कारण से मानसिक तनाव हो सकता है। काम में मन नहीं लगेगा। माता-पिता का सहयोग मिलेगा। ससुराल पक्ष से अनबन हो सकती है, इसलिए मीठा बोलें। स्वास्थ्य खराब हो सकता है, डॉक्टर के पास जाना पड़ सकता है। इसमें धन खर्च हो सकता है। आपके लिए तरक्की के योग बने हैं और आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा।

### धनु
आज दिन शुभ है। किस्मत का साथ मिलेगा। मेहनत का फल मिलेगा। बच्चों पर भरोसा बढ़ेगा। मन प्रसन्न रहेगा। ननिहाल पक्ष से मदद मिल सकती है। शान-शौकत पर खर्च होगा। दुश्मन परेशान रहेंगे। माता-पिता का ख्याल रखें, उनका आशीर्वाद मिलेगा। सभी काम बिना रुकावट पूरे होंगे। आपके धन में वृद्धि होगी और भाग्य का पूरा साथ मिलेगा।

### कर्क
आज आपको लाभ होगा। किसी भी प्रियजन पर आंख मूंदकर भरोसा ना करें, अगर ऐसा हुआ तो यह आपके लिए परेशानी का कारण बन सकता है। जीवनसाथी के साथ किसी बात पर अनबन होने की आशंका बन रही है, परिवार के सदस्यों के साथ शाम के समय किसी शादी विवाह जैसे कार्यक्रम में जा सकते हैं।

### सिंह
आज कोई विवाद चल रहा है तो वह सुलझ जाएगा, जिससे आप प्रसन्न रहेंगे। खुशमिजाज व्यक्तित्व होने के कारण आज हर कोई आपसे रिश्ता बनाने की कोशिश करेगा, जिससे आपके दोस्तों की संख्या में वृद्धि होगी। नौकरी करने वाले आज सहकर्मियों से काम निकालने में सफल रहेंगे, जिसका फायदा जरूर होगा। शाम के समय किसी रिश्तेदार के घर जा सकते हैं।

### कन्या
आज करियर और धन के मामले में दिन अच्छा है। अधिकार और संपत्ति में वृद्धि होगी। दूसरों के कामों के लिए ऑफिस के चक्कर लगाने पड़ सकते हैं। गुरु का सम्मान करें। नए काम में निवेश करने से न घबराएं। आपको धन के मामले में लाभ होगा।

### मकर
आज नौकरी करने वाले आज काम में स्पष्टता बनाए रखें अन्यथा परेशानी हो सकती है। व्यवसाय में वृद्धि के लिए किए गए प्रयासों से निराशा मिलेगी, जिससे आप परेशान हो सकते हैं। लेकिन भाई की मदद से धन लाभ हो सकता है, जिससे आप अपने दैनिक खर्चों को पूरा करने के लिए सफल होंगे। अगर आपका संपत्ति संबंधी कोई विवाद चल रहा है तो आज आपको उसमें सफलता मिल सकती है।

### कुंभ
आज धार्मिक कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी और परिवार की जरूरतों को पूरा कर पाने में सक्षम होंगे। विद्यार्थियों को बुद्धि और ज्ञान से की गई परीक्षा में उत्तम सफलता मिलेगी। शाम के समय पेट दर्द, गैस, अपच आदि जैसी समस्याएं परेशान कर सकती हैं, इसलिए बाहर का खाना खाने से बचें।नौकरी करने वालों को आज अधिकारियों से अच्छे संबंधों का लाभ मिलेगा, जिससे नए प्रोजेक्ट पर काम करने का मौका मिलेगा।

### मीन
आज कोई मूल्यवान वस्तु मिलने की संभावना बन रही है। रोजगार की तलाश करने वाले युवाओं को आज मंगलमय समाचार मिल सकता है। अगर आप कोर्ट कचहरी के मामलों फंसे हुए हैं तो आपको राहत मिलती नजर आ रही है। पारिवारिक व वैवाहिक जीवन अच्छा रहेगा और भाई-बहनों का पूरा साथ मिलेगा। अगर आप किसी नए काम में निवेश करने की सोच रहे हैं।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5578

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 3 | | | | | | |
| 2 | | | 3 | | | | | |
| | 4 | | 7 | 1 | | 2 | | 3 |
| | | 5 | 4 | | | | 7 | 1 |
| | | 4 | 2 | | 1 | 8 | | |
| 6 | 8 | | | | 7 | 5 | | |
| 1 | | 7 | | 6 | 9 | | 3 | |
| | | | | | 4 | | | 6 |
| | | | | | | 9 | | 5 |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5577

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 3 | 1 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 |
| 5 | 1 | 8 | 6 | 2 | 3 | 4 | 7 | 9 |
| 6 | 7 | 4 | 9 | 8 | 5 | 2 | 3 | 1 |
| 3 | 8 | 5 | 2 | 9 | 6 | 1 | 4 | 7 |
| 1 | 6 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 | 2 | 3 |
| 7 | 4 | 2 | 5 | 3 | 1 | 9 | 8 | 6 |
| 4 | 5 | 1 | 7 | 6 | 8 | 3 | 9 | 2 |
| 8 | 2 | 6 | 3 | 5 | 9 | 7 | 1 | 4 |
| 9 | 3 | 7 | 4 | 1 | 2 | 6 | 5 | 8 |

## वर्ग पहेली 5578



संकेत: बाएं से दाएं
1. 1857 की क्रांति का पहला क्रांतिकी जिनके सम्मान में भारत सरकार द्वारा सन् 1984 में एक डाक टिकट जारी किया गया (5)
6. जो नियम के विपरीत हो, जो ठीक न हो (3)
7. यह हंगरी देश की राजधानी है (4)
9. बैचेन, व्याकुल (3)
10. कला आदि सिखलाने वाला व्यक्ति, नवग्रहों में से एक (2)
11. जिसका कद छोटा हो, ठिगना, बौना (2)
13. सूजी, अत्यंत महीन कण (2)
14. पुराणानुसार ये श्रीराम के अनुज भरत के ज्येष्ठ पुत्र थे जिन्होंने गांधार में तक्षशिला नगरी स्थापित की थी (2)
16. गंतव्य स्थान, निशाना (2)
17. शास्त्रीय संगीत में पंचम स्वर (1)
18. परिज्ञात, संज्ञात, विदित, ज्ञात (3)
20. यह वाराणसी का पुराना नाम है (2)
21. बांस आदि का छोटा टुकड़ा (3)
23. इंदीवर, नीलोफर, राजीव (5)
24. केशलता, बालों का गुच्छा जो गाल पर लटके (2)

ऊपर से नीचे
1. किसी मंगल उत्सव में किया जाने वाला नांदी पाठ (6)
2. बात (पंजाबी)(2)
3. दुर्व्यसन, चसका, बुरी आदत, कुर (2)
4. वह किताब या डायरी जिसमें प्रतिदिन की कार्यवाही का विवरण लिखा जाता है (3)
5. धूल या चाक आदि से लिखा हुए को मिटाने वाला (3)
8. फेंकना, छोड़ना, घुसाना (3)
9. ये लेबनान देश की राजधानी है (3)
12. बहाने बाजी, हीला-हवाला (5)
15. क्षमा करने वाला, सहनशील (4)
19. यह कार्य का मालक है (2)
20. कार्य, काज, मतलब, उद्देश्य, इंद्रिय सुख की इच्छा (2)
22. पटसन का बना हुआ मोटा कपड़ा (2)

### वर्ग पहेली 5577 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स्मृ | ति | मं | धा | ना | | पे | रू |
| ति | | दि | न | क | र | | वि |
| ई | | श | | में | में | ह | |
| रा | ल | | क | द | म | | ब |
| नी | च | ता | | म | | ग | या |
| | र | न | | हो | रि | या | र |
| मौ | | से | | ना | क | ना | |
| सा | व | न | | | वा | | |

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/03009

# अभिनेत्री पर टिप्पणी कर फंसे केरल के मंत्री वी. शिवनकुट्टी का यूटर्न

**तिरुवनंतपुरम, एजेंसी।** केरल के मंत्री वी. शिवनकुट्टी ने मलयालम अभिनेत्री पर की गई अपनी टिप्पणी को वापस ले लिया है। दरअसल, उन्होंने आगामी राज्य स्कूल युवा महोत्सव के लिए स्वागत नृत्य और गीत की कोरियोग्राफी के लिए पांच लाख रुपये पारिश्रमिक मांगने पर एक लोकप्रिय मलयालम फिल्म अभिनेत्री की आलोचना की थी। अभिनेत्री का नाम लिए बगैर सामान्य शिक्षा मंत्री ने कहा था कि उन्होंने बच्चों को 10 मिनट का प्रेजेंटेशन सिखाने के लिए मोटी रकम मांगी थी। शिवनकुट्टी की टिप्पणी सोमवार को तब वायरल हो गई, जब टीवी चैनलों पर उनकी आवाज की क्लिप प्रसारित होने लगी। इसके बाद उन्होंने अपना बयान वापस ले लेते हुए कहा कि वह कोई अवांछित विवाद पैदा नहीं करना चाहते थे। मंत्री ने सोमवार को कहा कि मेरे संज्ञान में आया है कि कल एक सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान मेरे कुछ बयानों का मीडिया ने व्यापक तौर पर प्रसारित किया है। इन टिप्पणियों का उद्देश्य किसी का अपमान करना या उसे ठेस पहुंचाना नहीं था। इसलिए मैं उन बयानों को वापस लेता हूं। मंत्री ने कहा कि युवा महोत्सवों में आम तौर पर मशहूर हस्तियों को आमंत्रित किया जाता है, ताकि इस आयोजन को अधिक प्रचार मिल सके और युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहन मिले। उन्होंने कहा कि वार्षिक आयोजन के महत्व को देखते हुए मशहूर हस्तियां बिना किसी पारिश्रमिक की उम्मीद के इसमें भाग लेती हैं। शिवनकुट्टी ने विभिन्न प्रसिद्ध कलाकारों का उदाहरण दिया, जिनमें अभिनेता ममूटी, आशा शरथ, दुलकर सलमान, फहद फासिल और निखिला विमल और गायक केएस चित्रा शामिल हैं, जिन्होंने विभिन्न अवसरों पर राज्य युवा उत्सवों में हिस्सा लिया था। इससे पहले मंत्री को एक कार्यक्रम के दौरान कई कड़वी बातें कहते सुना गया था। अब इसका वॉयस क्लिप टीवी चैनलों पर प्रसारित हुआ है। उन्होंने इसे लालच और अहंकार करार देते हुए कहा कि ऐसे लोग युवा महोत्सवों के माध्यम से प्रसिद्धि पाने के बाद अपनी जड़ों को भूल जाते हैं। मंत्री ने कहा कि उन्होंने पांच लाख रुपये भुगतान की मांग की। यह कैसा अहंकार है। मुख्य मुद्दा यह है कि इतनी ऊंचाई तक पहुंचने के बावजूद उनके लालच में कमी नहीं आई है। शिवनकुट्टी ने कहा कि विभाग ने उस अभिनेत्री को कार्यक्रम से बाहर करने और कार्यक्रम के लिए समर्पित कलाकारों को चुनने का निर्णय लिया है।



## संक्षिप्त समाचार

### गुरुग्राम की चिंटल सोसाइटी के अब 3 टॉवर अनसेफ; खाली कराने की मांग, उपायुक्त को लेटर

**गुरुग्राम , एजेंसी।** गुरुग्राम के सेक्टर-109 स्थित चिंटल पैराडाइसो सोसाइटी के टॉवर ए, बी और सी को रहने के लिए असुरक्षित घोषित कर दिया गया है। अब बिल्डर चिंटल इंडिया लिमिटेड ने चिंटल पैराडाइसो सोसाइटी के टावर ए, बी और सी को खाली करवाने के लिए जिला उपायुक्त अजय कुमार को पत्र लिखा है। पत्र में कहा गया है कि केंद्रीय भवन अनुसंधान संस्थान (सीबीआरआई) ने ऑडिट के बाद इन तीनों टावर को असुरक्षित घोषित किया है। बता दें कि नवंबर के अंत में सीएसआईआर-केंद्रीय भवन अनुसंधान संस्थान (रुड़की) की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि संरचना में क्लोराइड की अत्यधिक मात्रा और जंग के मद्देनजर टॉवर बी को सुरक्षित गिराया जाना ही ठीक है। बता दें कि फरवरी 2022 से एक के बाद एक चिंटल सोसाइटी के कई टावरों को असुरक्षित घोषित किया गया है। कुल मिलाकर ए और सी टावर के बाद अब सीबीआरआई ने बी टावर को भी असुरक्षित घोषित कर दिया है। पत्र में कहा गया है कि हम इन टावर में रह रहे परिवारों को स्थानांतरण शुल्क 40 हजार रुपये देने को तैयार हैं। यदि इन टावरों को जल्द खाली नहीं कराया जाता है और कोई हादसा घटित हो जाता है तो कंपनी की जिम्मेदारी नहीं होगी। जिला प्रशासन ने 10 फरवरी, 2022 को चिंटल पैराडाइसो सोसाइटी में हुए हादसे के बाद इस सोसाइटी के सभी नौ टावर का सरंचनात्मक ऑडिट करवाने का फैसला लिया था। आईआईटी, दिल्ली ने डी, ई, एफ, जी, एच और जे टावर को असुरक्षित घोषित किया था। ए, बी और सी टावर को फिलहाल सुरक्षित बताते हुए हर साल सरंचनात्मक ऑडिट करने के आदेश जारी किए थे। आईआईटी दिल्ली के सुझाव के तहत इन टावर की मरम्मत की जानी चाहिए। रिपोर्ट आने के एक साल के बाद चिंटल इंडिया लिमिटेड ने ए, बी और सी टावर का दोबारा सरंचनात्मक ऑडिट सीबीआरआई से करवाया।

### रहस्यमय पत्थरों से बना है रामप्पा मंदिर, विज्ञान के सिद्धांत भी खा गए मात



**वारंगल, एजेंसी।** तेलंगाना राज्य में वारंगल के पालमपेट स्थित रामप्पा मंदिर का जीर्णोद्धार करवाया गया है। इस मंदिर को यूनेस्को ने विश्व धरोहर स्थलों में शामिल किया था। यह मंदिर इतिहास की दृष्टि से तो महत्वपूर्ण है ही साथ में ही यह रहस्यमय पत्थरों की वजह से भी जाना जाता है। कहा यह भी जाता है कि इस मंदिर में इस्तेमाल किए गए पत्थर कहीं से लाए नहीं गए बल्कि किसी पुरानी तकनीक के जरिए इंसानों ने ही बनाए थे। इस मंदिर को हजार खंभों वाले मंदिर के तौर पर भी जाना जाता है। मार्को पोलो जब भारत आया था तब उसने इसे चमकीले सितारों वाला मंदिर बताया था। यह मंदिर करीब 900 साल पुराना है। यह भगवान शिव का मंदिर है और उसके गर्भगृह में रूद्रावतार शिव विराजमान हैं। इसे रूद्रेश्वर मंदिर के नाम से भी जाना जाता है। इशके अलावा बहुत सारे लोग इसे रामलिंगेश्वर मंदिर भी कहते हैं। 1213 ईस्वी के आसपास काकतीय साम्राज्य के दौरान रेचारला रूद्र ने इस मंदिर का निर्माण करवाया था। वह काकतीय राजा गणपति देव के सेनापति थे। गौर करने वाली बात यह है कि मंदिर का नाम इसके शिल्पकार रामप्पा के नाम पर हीरखा गया है। दरअसल सेनापति ऐसा मंदिर बनवाना चाहते थे जो कि हजारों साल तक स्थिर रहे। इसके लिए दूर-दूर से शिल्पकारों को बुलवाया गया लेकन वह रामप्पा से ही संतुष्ट हुए। बताया जाता है कि मंदिर के निर्माण में 40 साल का समय लग गया। मंदिर में इस्तेमाल पत्थर रहस्यमय हैं। ये बेहद हलके हैं। इसके अलावा इसके कटाव और घुमाव को देखकर आज वैज्ञानिक भी हैरान रह जाते हैं।मंदिर की सजावट और मूर्तिकला भी बेहद भव्य टहै। यह मंदिर एक तारे के आकार के छह फीट ऊंचे मंच पर बना है। यूरोपीय भी जब इस मंदिर को देखने आते थे तो मंत्रमुग्ध हो जाते थे। इस मंदिर की मजबूती का रहस्य आजतक विशेषज्ञ भी नहीं बता पाए हैं।

## दक्षिण एशियाई क्षेत्र में स्थिरता और शांति को खतरा : कैलाश सत्यार्थी

**कोलकाता, एजेंसी।** बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हमलों और मंदिरों में तोड़फोड़ पर नोबेल शांति पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी ने चिंता जाहिर की। उन्होंने पड़ोसी देश में पनप रही नफरत को तत्काल खत्म करने और अल्पसंख्यकों को सुरक्षित माहौल मुहैया कराने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आज मानवाधिकार दिवस है। ऐसे में हमें सार्वभौमिक अधिकारों की रक्षा के लिए अपनी साझा प्रतिबद्धता जाहिर करनी होगी। ऐसी प्रतिबद्धता जो हमारी मानवता, स्वतंत्रता, सम्मान और समानता के अधिकार को परिभाषित करे। मैं बांग्लादेश में सामने आ रही भयावह स्थिति से बहुत परेशान हूं। अधिकारों के मुद्दों पर कई सरकारी और गैर-सरकारी संगठनों से जुड़ा हुआ हूं और हमेशा लोगों के बीच विश्वास और सांप्रदायिक सद्भाव को संजोया है।

उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यकों पर हाल के हमलों और धार्मिक स्थलों पर तोड़फोड़ की घटनाओं ने अनगिनत लोगों को डर में रहने के लिए मजबूर कर दिया है। उनके मौलिक अधिकारों पर हमला हो रहा है। यदि अस्थिर स्थिति को तत्काल गौर नहीं किया जाता है, तो इसके परिणाम बांग्लादेश से कहीं आगे तक फैलेंगे, जिससे पूरे दक्षिण एशियाई क्षेत्र में स्थिरता और शांति को खतरा होगा। उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यकों का दमन और कहीं भी मानवाधिकारों का उल्लंघन हमारी सामूहिक अंतरात्मा पर हमला है। इन चुनौतीपूर्ण समय में मैं अपने साथी नोबेल पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस से बिना किसी देरी के इस उभरती हुई स्थिति को संभालने के लिए काम करने का आह्वान करता हूं।

## वर्ल्ड आयुर्वेद कांग्रेसः नया रिकार्ड बना सकता है उत्तराखंड

» आयोजन में भाग लेने के लिए साढ़े छह हजार रजिस्ट्रेशन से उम्मीदों को लगे पंख

» 12 दिसंबर से आरंभ हो रहा महा आयोजन, 15 दिसंबर तक चलेगा

विशेष संवाददाता | देहरादून



वर्ल्ड आयुर्वेद कांग्रेस एवं आरोग्य एक्सपो-2024 में उत्तराखंड नया रिकार्ड बना सकता है। आयुर्वेद के इस महाकुंभ के लिए हो रहे रजिस्ट्रेशन से ऐसे संकेत उभर रहे हैं। अभी तक साढ़े छह हजार रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं। कार्यक्रम 12 दिसंबर से शुरू होना है। पिछले वर्ष गोवा में आयोजित इस आयोजन के नौवें संस्करण में सबसे ज्यादा 5102 डेलीगेट्स पहुंचे थे। जिस हिसाब से रजिस्ट्रेशन हुए हैं, उसके मुताबिक ही डेलीगेट्स की उपस्थिति रहने पर उत्तराखंड के नाम एक उपलब्धि दर्ज होना तय है। वर्ष 2002 से वर्ल्ड आयुर्वेद कांग्रेस के आयोजन हो रहे हैं। इस बार मेजबानी का अवसर उत्तराखंड को मिला है। अब तक के इस आयोजन के सफर में डेलीगेट्स की संख्या बढ़ती-घटती रही है। मगर रजिस्ट्रेशन को पैमाना माने, तो उत्तराखंड के लिए अच्छी तस्वीर दिखाई दे रही है। देवभूमि उत्तराखंड आने में डेलीगेट्स की दिलचस्पी नजर आ रही है। आयुष सचिव रविनाथ रामन के अनुसार अभी तक साढ़े छह हजार रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं। इस महा आयोजन की तैयारी जोरों पर है और इसे अभूतपूर्व बनाने की पूरी कोशिश की जा रही है। वर्ल्ड आयुर्वेद कांग्रेस एवं आरोग्य एक्सपो-2024 में देशों की संख्या और प्रतिनिधियों पर भी उत्तराखंड की नजर है। पिछले वर्ष गोवा में आयोजित इस आयोजन में सबसे ज्यादा 53 देशों ने भागीदारी की थी। विदेशी प्रतिनिधियों की संख्या भी पिछले वर्ष ही सबसे ज्यादा रही थी और 295 विदेशी प्रतिनिधि आयोजन का हिस्सा बने थे। इस बार उत्तराखंड 54 से ज्यादा देशों के प्रतिनिधित्व की उम्मीद कर रहा है। इसी तरह, विदेशी प्रतिनिधियों की संख्या को लेकर भी निगाहें टिकी हैं। उत्तराखंड आयुष की धरती है। हमारा सौभाग्य है कि उत्तराखंड में आयुर्वेद का यह विश्वस्तरीय आयोजन हो रहा है। मुझे उम्मीद है कि विषय विशेषज्ञों के विचार मंथन से आयुर्वेद के क्षेत्र में पूरे विश्व को जगाने का काम करेगा।

## मुख्यमंत्री ने शीतकालीन यात्रा को सुविधाजनक बनाने के निर्देश दिए

विशेष संवाददाता | देहरादून



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को सचिवालय में बैठक लेते हुए कहा कि केदारनाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री के शीतकालीन प्रवास स्थलों की यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं को जीएमवीएन के होटलों में किराये पर 25 प्रतिशत की छूट प्रदान की जायेगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि शीतकालीन यात्रा स्थलों के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए। इस यात्रा के लिए विभिन्न माध्यमों से विभिन्न राज्यों में व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार भी किया जाए। उन्होंने कहा कि शीतकालीन यात्रा राज्य की आर्थिकी को बढ़ाने में भी गेम चेंजर साबित होगी। पंच बद्री और पंच केदार के साथ ही शीतकालीन यात्रा प्रवास के आस-पास के प्रमुख स्थलों को विकसित करने के भी मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये हैं। आगामी चारधाम यात्रा की तैयारियों को लेकर मुख्यमंत्री ने संबधित जिलाधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि इस बार चारधाम यात्रा में जिन चुनौतियों का सामना करना पड़ा और उनका उचित समाधान कैसे किया जा सकता है, इस पर एक सप्ताह में शासन को रिपोर्ट प्रेषित करें। चारधाम यात्रा मार्गों पर प्रमुख आबादी वाले क्षेत्रों और होटलों के आस-पास सुव्यवस्थित पार्किंग बनाने के निर्देश भी मुख्यमंत्री ने दिये हैं। उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा राज्य के मान और सम्मान से जुड़ी यात्रा है। यात्रा को सुविधायुक्त बनाना और श्रद्धालुओं को हर संभव सुविधा उपलब्ध कराना हम सबकी सामुहिक जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि चारधाम यात्रा में श्रद्धालुओं की संख्या में हर साल तेजी से वृद्धि हो रही है। चारों धामों में जुटाई गई अवस्थापना विकास की सुविधाओं के दृष्टिगत कैरिंग कैपिसिटी बढ़ाने की दिशा में कार्य किये जाएं। चारधामों के आस-पास के प्रमुख पौराणिक स्थलों को विकसित किया जाए और उनका व्यापक प्रचार-प्रसार भी किया जाए। चारधाम यात्रा मार्गों में सड़क, पेयजल, स्वच्छता, स्वास्थ्य सुविधाओं और अन्य मूलभूत सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जाए। यमुनोत्री के दर्शन के लिए वैकल्पिक मार्ग पर भी कार्य किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सुव्यवस्थित चारधाम यात्रा के लिए स्टेक होल्डरों के साथ शासन स्तर पर बैठक की जाए। स्टेक होल्डरों से सुझाव लेकर यात्रा प्रबंधन के लिए जो अच्छा हो सकता है, वह किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरिद्वार में होने वाले आगामी अर्द्धकुंभ के लिए अभी से तैयारियां शुरू की जाए। यह बड़ा आयोजन होता है, इस आयोजन को भव्य बनाने के लिए अभी से हर क्षेत्र में कार्य किये जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि गंगा कोरिडोर और शारदा कोरिडोर पर भी तेजी से कार्य किये जाएं। पूर्णागिरी और कैंची धाम में दर्शनार्थियों की सुविधा के दृष्टिगत वैकल्पिक मार्गों की दिशा में कार्य किया जाए और दुर्घटनाओं को रोकने के लिए प्रभावी कार्ययोजना के साथ कार्य किये जाएं। आगामी नंदादेवी राजजात यात्रा के दृष्टिगत भी तैयारियां शुरू की जाए। प्रयागराज कुंभ के लिए राज्य से परिवहन की उचित व्यवस्था करने के निर्देश मुख्यमंत्री ने परिवहन विभाग को दिये हैं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्रदेश में आने वाले आगन्तुकों और महानुभावों को सम्मान और उपहार में उत्तराखण्ड के स्थानीय उत्पाद ही प्रदान किये जाएं। इससे वोकल फॉर लोकल को भी बढ़ावा मिलेगा और हमारे स्थानीय उत्पादों को व्यापक स्तर पर अलग पहचान मिलेगी। बैठक में अवस्थापना अनुश्रवण परिषद के उपाध्यक्ष विश्वास डाबर, मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, अपर मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन, प्रमुख सचिव आर. के. सुधांशु, डीजीपी दीपम सेठ, सचिव आर. मीनाक्षी सुंदरम, शैलेश बगोली, सचिन कुर्वे, डॉ. पंकज पाण्डेय, बृजेश कुमार संत, एच.सी. सेमवाल, विनय शंकर पाण्डेय, डॉ. आर. राजेश कुमार, अपर पुलिस महानिदेशक ए.पी अंशुमन, उपाध्यक्ष एमडीडीए बंशीधर तिवारी एवं वर्चुअल माध्यम से चारधाम यात्रा से जुड़े जनपदों के जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक उपस्थित थे।

## 4 नए मंत्रियों को विभाग का बंटवारा?, सीएम हिमंत विश्व सरमा ने किया बड़ा फेरबदल



**गुवाहाटी, एजेंसी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व सरमा ने सोमवार को सरकार के विभागों में बड़ा फेरबदल किया और चार नए मंत्रियों को शामिल किया। शर्मा गृह, लोक निर्माण भवन और राष्ट्रीय राजमार्ग, लोक निर्माण सड़क और चिकित्सा शिक्षा तथा अनुसंधान विभाग संभालेंगे, जबकि कुछ विभाग अन्य मंत्रियों को सौंपे गए हैं। एक आधिकारिक अधिसूचना में कहा गया है कि शर्मा कार्मिक और ऐसे किसी अन्य विभाग का भी प्रभार संभालेंगे, जो अन्य मंत्रियों को नहीं सौंपा गया है। नए मंत्रियों में प्रशांत फुकन को बिजली और कौशल, रोजगार और उद्यमिता विभाग आवंटित किए गए हैं और वे चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग में मुख्यमंत्री की सहायता करेंगे। कौशिक राय खाद्य, सार्वजनिक वितरण और उपभोक्ता मामले, खान और खनिज तथा नवनिर्मित बराक घाटी विकास विभाग संभालेंगे।

मुख्य सचिव रवि कोटा द्वारा हस्ताक्षरित अधिसूचना में कहा गया है कि पशुपालन और पशु चिकित्सा तथा मत्स्य पालन विभाग कृष्णेंदु पॉल को आवंटित किए गए हैं, जो लोक निर्माण सड़क विभाग में भी मुख्यमंत्री की सहायता करेंगे। रूपेश गोवाला को श्रम कल्याण और चाय जनजाति तथा आदिवासी कल्याण विभाग दिए गए हैं। इसके अलावा वे गृह विभाग में मुख्यमंत्री की सहायता करेंगे। अजंता नियोग के पास उनके दोनों विभाग- वित्त और महिला एवं बाल विकास की जिम्मेदारी यथावत रहेगी। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग का प्रभार अशोक सिंघल को सौंपा गया है, जिनके पास सिंचाई विभाग की जिम्मेदारी बनी रहेगी।

अतुल बोरा को कृषि, सीमा सुरक्षा एवं विकास, बागवानी और असम समझौते के कार्यान्वयन के मौजूदा विभागों के अलावा आबकारी विभाग का प्रभार दिया गया है। नए आवंटित विभागों में रंजीत कुमार दास को पर्यटन विभाग, केशव महंत को राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, जयंत मल्ला बरुआ को संसदीय मामले और आवास एवं शहरी मामलों के विभाग का आवंटन शामिल हैं। शर्मा ने शनिवार को अपने मंत्रिमंडल का विस्तार किया था।

## मकान खरीदने की आ रही स्कीम, कीमत 24 से 62 लाख तक; हाईवे भी है पास

**गाजियाबाद, एजेंसी।** आवास विकास परिषद नए साल पर गाजियाबाद के मंडोला विहार में आवासीय योजना लाएगी। यह इलाका दिल्ली से बेहद नजदीक है। मुख्यालय की आपत्तियों का निस्तारण कर अंतिम प्रस्ताव भेज दिया है। तिथि की घोषणा होते ही योजना को लॉन्च कर पंजीकरण शुरू कर दिए जाएंगे।

दिल्ली-सहारनपुर हाईवे से कनेक्टिविटी के चलते मंडोला विहार में लोग रुचि दिखा रहे हैं। हालांकि, फ्लैट खरीदने से लोग अभी भी बच रहे हैं। इसका कारण है कि यहां पर आबादी बहुत कम है, इसीलिए परिषद 226 मकानों की योजना लाई है। इसमें जितने पंजीकरण होंगे, परिषद उतने ही मकान बनाएगी। भुगतान किस्तों में करने की सुविधा होगी। हालांकि, एकमुश्त भुगतान पर पांच फीसदी की छूट भी मिलेगी।

ईडब्ल्यूएस से लेकर एचआईजी तक चार वर्गों में करीब 24-62 लाख रुपये की कीमत के मकान बनाए जाएंगे। संपत्ति प्रबंधक नृपेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि पहली योजना दीवाली पर लॉन्च की जानी थी, मगर प्रस्ताव में मुख्यालय ने कुछ आपत्तियां लगाई थीं। इनका निस्तारण कर अब फाइनल प्रस्ताव भेज दिया है। योजना से जुड़ी पंपलेट भी छप गई हैं। नए साल पर योजना लॉन्च कर दी जाएगी। मुख्य शहर के लगभग सभी इलाकों में फ्लैट या मकानों की



कीमत 60 लाख या इससे अधिक ही है। पॉश इलाकों में आवास के लिए एक से दो करोड़ रुपये तक खर्च करना पड़ रहा है। ऐसे में परिषद की अप्रूव्ड योजना में इस कीमत के अंदर मकान पाने का यह सुनहरा मौका होगा। दिल्ली पास होने के कारण परिषद के अधिकारियों को भी इस योजना से बड़ी उम्मीद है। परिषद ने इस योजना की अवधि पांच साल रखी है और एक फरवरी 2025 से धरातल पर काम भी शुरू हो जाएगा। चयन के बाद लोगों को पांच साल इंतजार करना पड़ेगा। ऐसे में निवेश का अवसर खोज रहे लोग भी इसमें पंजीकरण करा सकते हैं। मंडोला विहार के सेक्टर पांच में प्रस्तावित इस योजना में मकानों का कुल क्षेत्रफल 60 वर्गमीटर से 162 वर्गमीटर तक का होगा। 60 वर्गमीटर वाले मकान का कवर्ड एरिया 35 वर्गमीटर और 162 वर्गमीटर वाले मकान का कवर्ड एरिया 95 वर्गमीटर होगा।

**भोजन से लेकर मनोरंजन तक में उत्तराखंडीछाप**

# वर्ल्ड आयुर्वेद कांग्रेस में उत्तराखंडी संस्कृति का समागम

विशेष संवाददाता | देहरादून

वर्ल्ड आयुर्वेद कांग्रेस एवं आरोग्य एक्सपो-2024 में देहरादून में उत्तराखंडी संस्कृति की अद्भुत छाप देखने को मिलेगी। इस चार दिवसीय आयोजन में खाने से लेकर मनोरंजन तक उत्तराखंड के रंग बिखरेंगे। देश-विदेश से आए डेलीगेट्स के लिए तैयार किए गए मैन्यू में दो दर्जन से ज्यादा पहाड़ी व्यंजन परोसे जाएंगे। इन व्यंजनों में मंडुवे की रोटी, घर का मक्खन, गहत की भरवा रोटी, झंगोरे की खीर, काफली, लाल साठी भात, टिमरू की चटनी और चंबा का राजमा जैसी विशेष पहाड़ी डिशें शामिल हैं। इसके साथ ही हर शाम सांस्कृतिक कार्यक्रमों में उत्तराखंड के गढ़वाली, कुमाऊंनी, जौनसारी लोक नृत्य और गायन की प्रस्तुतियां दी जाएंगी। इनमें कुमाऊंनी लोक नृत्य, गढ़वाली लोक नृत्य, छोलिया नृत्य और मांगल गायन जैसे कार्यक्रम प्रमुख होंगे। पद्मश्री प्रीतम भरतवाण द्वारा जागर और संगीता ढौंडियाल द्वारा लोक गायन का भी आयोजन होगा। यह विश्व स्तरीय आयोजन 12 से 15 दिसंबर तक देहरादून के परेड ग्राउंड में होगा, जिसमें आयुर्वेद पर गहन मंथन होगा। इस आयोजन के दौरान उत्तराखंडी संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ-साथ पारंपरिक पहाड़ी भोजन भी डेलीगेट्स के बीच परोसा जाएगा। आयुष सचिव रविनाथ रमन के अनुसार, इस आयोजन से न केवल आयुर्वेद के क्षेत्र में महत्वपूर्ण चर्चा होगी, बल्कि उत्तराखंड की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर का भी प्रचार होगा।

12 दिसंबर 2024 का मैन्यू
मंडुवे की रोटी, घर का मक्खन, गहत की भरवा रोटी घी में सेकी, राई की सब्जी, गहत की दाल/तुअर की दाल, लाल साठी भात, झंगोरे की खीर, टिमरू की चटनी।

13 दिसंबर 2024 का मैन्यू
मंडुवे की रोटी, घर का मक्खन, पालक की काफली, उड़द की दाल, लाल साठी भात, बाल मिठाई, रोटने, भंगेरे/भंगजीरे की चटनी।

14 दिसंबर 2024 का मैन्यू
मंडुवे की रोटी, घर का मक्खन, गहत की भरवा रोटी घी में सेकी, आलू की थिच्वाणी, भट्ट की चुटकाणी, झंगोरे का भात, सिंगोरी मिठाई, केले के गुलगुले, सफेद भुने भट्ट और तिल की चटनी।

15 दिसंबर 2024 का मैन्यू
मंडुवे की रोटी, घर का मक्खन, तिल कुचाई, भट्ट की चुटकाणी, चंबा का राजमा, लाल साठी भात, घुगती, अस्के, पीली राय की चटनी।

सांस्कृतिक कार्यक्रम इस आयोजन के दौरान 12 और 14 दिसंबर को सुबह और शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इन कार्यक्रमों में सुश्री कंचन भंडारी द्वारा मांगल गायन, नव हिमालय लोक कला समिति द्वारा कुमाऊंनी लोक नृत्य, ब्रहम कमल सांस्कृतिक समिति द्वारा गढ़वाली लोक नृत्य, जौनसार बावर सांस्कृतिक गांव का रिवाज संस्था द्वारा जौनसारी लोक नृत्य, और पद्मश्री प्रीतम भरतवाण द्वारा जागर जैसी प्रस्तुतियां होंगी। इसके अलावा, 14 दिसंबर को संस्कार सांस्कृतिक एवं पर्यावरण संरक्षण समिति द्वारा कुमाऊंनी लोक नृत्य, संगम सांस्कृतिक समिति द्वारा गढ़वाली लोक नृत्य, स्पर्श जनजाति सामाजिक एवं सांस्कृतिक संध्या द्वारा



जौनसारी लोक नृत्य और संगीता ढौंडियाल द्वारा लोक गायन प्रस्तुत किया जाएगा।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का संदेश
मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा, "वर्ल्ड आयुर्वेद कांग्रेस एवं आरोग्य एक्सपो-2024 उत्तराखंड के लिए हर तरह से महत्वपूर्ण अवसर है। इस आयोजन में आयुर्वेद पर गहन विचार मंथन किया जाएगा, और साथ ही यहां की संस्कृति का प्रचार भी होगा।

## लोकसभा चुनाव के बाद इंडिया ब्लॉक की कोई बैठक नहीं हुई है, इसलिए नेतृत्व परिवर्तन का सवाल ही नहीं उठता : उमर अब्दुल्ला

**जम्मू, एजेंसी।** महाराष्ट्र और हरियाणा में कांग्रेस के नेतृत्व वाले इंडिया गठबंधन की हार के बाद खलबली मची हुई है। टीएमसी और ममता बनर्जी इसके लिए कांग्रेस पर सवाल खड़े कर रही है। टीएमसी का दावा है कि ममता बनर्जी को इंडिया गठबंधन का नेतृत्व करना चाहिए। इसी को लेकर जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने इस पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के बाद इंडिया ब्लॉक की कोई बैठक नहीं हुई है, इसलिए नेतृत्व परिवर्तन का सवाल ही नहीं उठता। एक बैठक होने दीजिए और अगर ममता बनर्जी चाहें तो उन्हें नेतृत्व का दावा करने दीजिए। इस बारे में कोई चर्चा नहीं हुई है।

विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री के बांग्लादेश दौरे पर उमर अब्दुल्ला ने कहा कि भारत और बांग्लादेश के रिश्तों में कुछ तनाव जरूर हैं। विदेश सचिव वहां बैठकें कर रहे हैं और हालात सुधारने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि यह एक पड़ोसी देश है और स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी ने कहा था कि हम अपने दोस्त बदल सकते हैं लेकिन अपने पड़ोसी नहीं। पड़ोसियों से अच्छे रिश्ते रखना हमारी मजबूरी है। वहीं, रोहिंग्या मुद्दे पर पर उमर अब्दुल्ला ने बड़ी बात कही है। उमर अब्दुल्ला ने कहा कि यह एक मानवीय मुद्दा है। केंद्र सरकार को तय करना चाहिए कि उनके बारे में क्या करना है।

### पांच महीने में हुई 5 बड़ी फजीहत

# गौतम गंभीर की कोचिंग में नहीं दिख रहा स्वैग...

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला एडिलेड ओवल में खेला गया था. गुलाबी बॉल से खेले गए इस मुकाबले में भारतीय टीम को 10 विकेट से करारी हार झेलनी पड़ी. मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को महज 19 रनों का टारगेट मिला था. भारतीय टीम की इस हार के चलते पांच मैचों की सीरीज 1-1 की बराबरी पर आ गई है. दोनों टीमों के बीच तीसरा टेस्ट 14 दिसंबर (शनिवार) से ब्रिस्बेन के गाबा मैदान पर खेला जाना है.

**गंभीर पर उठ रहे सवाल.. फाइनल की रेस में पिछड़ी टीम:** एडिलेड टेस्ट में हार के बाद भारतीय टीम के हेड कोच गौतम गंभीर पर फैन्स सवाल उठा रहे हैं. गंभीर टी20 वर्ल्ड कप 2024 के बाद टीम इंडिया के हेड कोच बने थे. उन्होंने राहुल द्रविड़ की जगह ली थी. हालांकि बतौर कोच गंभीर का प्रदर्शन खास नहीं रहा है. भारतीय टीम गंभीर की कोचिंग में वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप में फाइनल की रेस में पिछड़ती नजर आ रही है. देखा जाए तो गंभीर की कोचिंग में लगभग पांच महीने में ही भारतीय टीम को 5 बड़ी फजीहत झेलनी पड़ी है...

1. ➲बतौर कोच गौतम गंभीर की भारतीय टीम के लिए पहली सीरीज श्रीलंका में थी. भारतीय टीम ने जुलाई 2024 में श्रीलंका दौरा किया था. उस दौरे पर भारतीय टीम ने टी20 सीरीज 3-0 से जीती थी, लेकिन वनडे सीरीज में उसे 0-2 से हार का सामना करना पड़ा.

27 साल बाद भारतीय टीम ने श्रीलंका के खिलाफ कोई द्विपक्षीय वनडे सीरीज गंवाई. इससे पहले अगस्त 1997 में हारे थे.

2.➲ गंभीर की कोचिंग में भारतीय टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने घर पर चारों खाने चित हो गई. भारत और न्यूजीलैंड के बीच पहला टेस्ट बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला गया था, जिसमें भारतीय टीम पहली पारी में 46 रनों पर ही सिमट गई. टेस्ट इतिहास में अपने घर पर भारत का ये सबसे कम स्कोर रहा. भारतीय टीम को उस मुकाबले में 8 विकेट से हार झेलनी पड़ी. 19 साल बाद भारतीय टीम एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में टेस्ट मैच हारी.

3.➲ इसके बाद भारतीय टीम को न्यूजीलैंड के हाथों पुणे टेस्ट में 113 रनों से हार झेलनी पड़ी, जबकि वानखेड़े टेस्ट में भी उसे 25 रनों से पराजित होना पड़ा.

इसके चलते न्यूजीलैंड ने तीन मैचों की टेस्ट सीरीज में भारत का सफाया कर दिया. टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में पहली बार भारतीय टीम को अपने घर पर तीन या उससे ज्यादा मैचों की सीरीज में क्लीन स्वीप का सामना करना पड़ा. न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने घर पर भारत की ये पहली टेस्ट सीरीज हार रही.

4. ➲भारतीय टीम ने 12 साल बाद अपने घर पर टेस्ट सीरीज गंवाई. इससे पहले भारतीय टीम को दिसंबर 2012 में इंग्लैंड के खिलाफ चार मैचों की टेस्ट सीरीज में 1-2 से हार का सामना करना पड़ा था.

उसके बाद भारत पहली बार अपने घर पर टेस्ट सीरीज हारा. न्यूजीलैंड के खिलाफ उस सीरीज से पहले भारतीय टीम ने अपने घर पर लगातार 18 टेस्ट सीरीज जीती थी.

5. ➲अब गौतम गंभीर के अंडर भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया दौरे पर गई है. ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज में भारत ने अच्छी शुरुआत करते हुए पर्थ टेस्ट में 295 रनों से जीत हासिल की. हालांकि पिंक बॉल टेस्ट में भारतीय टीम की फजीहत हो गई. ये मुकाबला तीसरे दिन के पहले सेशन में ही खत्म हो गया. इस मुकाबले में 1031 गेंदें ही फेंकी गईं. ये भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच सबसे छोटा टेस्ट मैच रहा, जिसमें नतीजा निकला.



**गंभीर की कोचिंग में भारत का अब तक का प्रदर्शन:**

- टी20 सीरीज वर्सेस श्रीलंका 3-0 से जीत
- वनडे सीरीज वर्सेस श्रीलंका 0-2 से हार
- टेस्ट सीरीज वर्सेस बांग्लादेश 2-0 से जीत
- टी20 सीरीज वर्सेस बांग्लादेश 3-0 से जीत
- टेस्ट सीरीज वर्सेस न्यूजीलैंड- 0-3 से हार
- टेस्ट सीरीज वर्सेस ऑस्ट्रेलिया- फिलहाल 1-1 से बराबर

### बुमराह से बेहतर शमी?

## एंडी रॉबर्ट्स ने बताया भारत का बेस्ट गेंदबाज

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट में अभी तक तो ये सवाल नहीं सुलगता दिखा है कि बुमराह और शमी में बेहतर कौन है? लेकिन, वेस्टइंडीज के महान तेज गेंदबाज



रहे एंडी रॉबर्ट्स के सामने आए बयान के बाद अब ऐसा हो सकता है. 70 और 80 के दशक में वेस्टइंडीज की पेस अटैक की चौकड़ी का हिस्सा रहे एंडी रॉबर्ट्स ने शमी को भारत का बेस्ट गेंदबाज बताया है. उन्होंने कहा कि बुमराह विकेट लेते हैं मगर शमी बेस्ट हैं. कैरेबियाई ग्रेट ने शमी को जल्दी से ऑस्ट्रेलिया बुलाने की भी मांग की. उन्होंने कहा कि वो चाहते हैं कि बॉर्डर-गावस्कर सीरीज के बाकी बचे मैचों में टीम इंडिया शमी के साथ खेले.

**भारत का बेस्ट गेंदबाज शमी- एंडी रॉबर्ट्स**

एंडी रॉबर्ट्स ने मिड डे से बातचीत में कहा कि शमी फिलहाल भारत के बेस्ट तेज गेंदबाज हैं. उन्होंने कहा कि बेशक वो बुमराह जितने विकेट नहीं लेते लेकिन शमी कम्पलीट पैकेज हैं. उनके परफॉर्मेन्स में कंसिस्टेंसी है. शमी गेंद को सीम और स्विंग दोनों कराने में सक्षम हैं. इसके अलावा वो अपनी गेंदबाजी में बुमराह जैसा कंट्रोल भी रखते हैं. ऐसे में एंडी रॉबर्ट को लगता है कि शमी को खेलना चाहिए.

**घरेलू क्रिकेट खेल रहे शमी**

शमी फिलहाल घरेलू क्रिकेट में बंगाल की ओर से खेल रहे हैं, वो इंजरी के चलते लंबे वक्त से टीम इंडिया से बाहर हैं. फिलहाल उन्हें एनसीए से ग्रीन सिग्नल मिलने का इंतजार है, जिसके बाद ही शमी ऑस्ट्रेलिया जा सकेंगे. भारत को एडिलेड में खेले डे-नाइट टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया से 10 विकेट से हार का सामना करना पड़ा. उस हार के बाद 5 टेस्ट की सीरीज 1-1 की बराबरी पर आ खड़ी हुई है.

## आईसीसी ने भ्रष्टाचार निरोधक संहिता के उल्लंघन के लिए सनी ढिल्लों पर लगाया 6 साल का प्रतिबंध

**दुबई, एजेंसी।** भ्रष्टाचार निरोधक न्यायाधिकरण द्वारा अमीरात क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) की भ्रष्टाचार निरोधक संहिता के उल्लंघन का दोषी पाए जाने के बाद एक फ्रेंचाइजी टीम के पूर्व सहायक कोच सनी ढिल्लों पर 6 साल के लिए सभी तरह के क्रिकेट से प्रतिबंध लगा दिया गया है। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने मंगलवार को इसकी घोषणा की।

ढिल्लों उन 8 लोगों में शामिल थे जिन पर पिछले साल संहिता के उल्लंघन का आरोप लगाया गया था। ये आरोप 2021



अबू धाबी टी10 क्रिकेट लीग और उस टूर्नामेंट में मैचों को भ्रष्ट करने के प्रयासों से संबंधित हैं, जिन्हें आईसीसी टूर्नामेंट के लिए ईसीबीकी संहिता के लिए नामित भ्रष्टाचार निरोधक अधिकारी द्वारा बाधित किया गया था। पूरी सुनवाई और लिखित और मौखिक दलीलों के बाद न्यायाधिकरण ने ढिल्लों को दोषी पाया। प्रतिबंध 13 सितंबर, 2023 से लागू होगा, जब ढिल्लों को अनंतिम रूप से निलंबित किया गया था।

# आईसीसी ने बैन की अमेरिका की टी-20 लीग

● सचिन तेंदुलकर भी हैं लीग का हिस्सा



**नईदिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका बीते कुछ सालों से क्रिकेट की दुनिया अपनी जड़ें मजबूत करने में लगा है। चाहे वह टी20 वर्ल्ड कप की मेजबानी हासिल करना हो या फिर ओलंपिक में क्रिकेट को शामिल करना। हालांकि उसकी इन कोशिशों को बड़ा झटका लगा है। आईसीसी ने अमेरिका की नेशनल क्रिकेट लीग को बैन कर दिया है। आईसीसी ने पत्र लिखकर अमेरिका क्रिकेट बोर्ड को यह बताया है कि वह इस लीग के आने वाले सीजन को मान्यता नहीं देंगे।

**लीग में नहीं हुआ नियमों का पालन**

खत में बताया गया है की लीग में प्लेइंग इलेवन के नियमों का पाल नहीं किया गया। हर टीम की प्लेइंग इलेवन में कम से कम सात अमेरिका खिलाड़ी होने चाहिए थे। लीग शुरू होने से पहले ही अधिकारियों को इसकी जानकारी थी। सिर्फ इतना ही नहीं लीग में विदेशी खिलाड़ियों को मौका देने के लिए अमेरिका के इमिग्रेशन नियमों को भी तोड़ा गया है।

**वीजा नियमों का भी हुआ उल्लंघन**

अमेरिका में स्पोर्ट्स कैटेगरी के वीजा के लिए छह टीमों के लिए कम से कम दो लाख यूएस डॉलर लगते हैं। हालांकि कई खिलाड़ी स्पोर्ट्स वीजा पर लीग में हिस्सा लेने नहीं पहुंचे। पैसे बचाने के लिए लिए गए इस कदम ने भी लीग की मुश्किल बढ़ा दी है। भारत के महान बल्लेबाज दिग्गज सचिन तेंदुलकर का इस लीग के साथ खास कनेक्शन है। सचिन इस लीग के ओनरशिपग्रुप का हिस्सा हैं। उन्होंने खुद इसका ऐलान करते हुए कहा, 'क्रिकेट मेरे जीवन की सबसे बड़ा सफर रहा है और मैं अमेरिका में इस खेल के लिए ऐसे रोमांचक समय में नेशनल क्रिकेट लीग से जुडकर खुश हूं।'

एनसीएल ने क्रिकेट जगत के कई लीजेंड्स को अपने साथ जोड़ा है। इसमें सुनील गावस्कर, जहीर अब्बास, वसीम अकरम, दिलीप वेंगसकर, सर विवियन रिचर्ड्स, वेंकटेश प्रसाद, सनथ जयसूर्या, मोईन खान और ब्लेयर फ्रैंकलिन शामिल हैं। यह सभी दिग्गज किसी टीम के कोच या मेंटर की भूमिका निभाने वाले थे।

# पूजा ने जूनियर राष्ट्रीय में ऊंची कूद में राष्ट्रीय रिकॉर्ड में सुधार किया

**भुवनेश्वर, एजेंसी।** इस साल की शुरुआत से लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे दिल्ली के होनहार 400 मीटर के धावक जय कुमार ने ट्रैक पर अपना दबदबा बनाए रखा। हरियाणा की अंतरराष्ट्रीय ऊंची कूद खिलाड़ी पूजा ने सोमवार को यहां कलिंगा स्टेडियम में 39वीं राष्ट्रीय जूनियर चैंपियनशिप के तीसरे दिन अपने अंडर-18 राष्ट्रीय रिकॉर्ड में सुधार किया। 17 वर्षीय पूजा ने हेप्टाथलॉन प्रतियोगिता के दौरान ऊंची कूद में 1.85 मीटर की छलांग के साथ राष्ट्रीय रिकॉर्ड में सुधार किया। उनका 1.83 मीटर का पिछला राष्ट्रीय रिकॉर्ड अगस्त में पेरू के लीमा में विश्व अंडर-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप के दौरान दर्ज किया गया था। इस साल की शुरुआत से लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे दिल्ली के होनहार 400 मीटर के धावक जय कुमार ने ट्रैक पर अपना दबदबा बनाए रखा। पुरुषों की अंडर-



20 400 मीटर दौड़ में उन्होंने स्वर्ण पदक जीतने के साथ ही 2017 में अमोज जैकब द्वारा निर्धारित 46.59 सेकंड के मीट रिकॉर्ड में सुधार किया। जय ने 46.29 सेकंड का समय लिया। लड़कियों की अंडर-16 भाला फेंक में कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली और शीर्ष छह खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय रिकॉर्ड बेहतर किया। हरियाणा की मुस्कान 46.87 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ स्वर्ण पदक जीतने में सफल रही। उन्होंने बड़े अंतर से इस साल शिवानी पटेल द्वारा बनाए गए 40.01 मीटर के पिछले अंडर-16 राष्ट्रीय रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा।

## एमएस धोनी ने अमिताभ बच्चन और शाहरुख खान को पीछे छोड़ा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान एमएस धोनी की लोकप्रियता संन्यास लेने के 5 साल बाद भी बेमिसाल है। यह कहने में कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी कि मैदान पर एमएस धोनी के सीमित समय ने



उनकी ब्रांड वैल्यू को कम नहीं किया है।

मीडिया रिसर्च की ओर से जारी रिपोर्ट के अनुसार, 43 साल के एमएस धोनी ने अब ब्रांड एंडोर्समेंट के मामले में अमिताभ बच्चन और शाहरुख खान समेत कई बॉलीवुड सुपरस्टार्स को पीछे छोड़ दिया है।

**एमएस धोनी के पास 42 एंडोर्समेंट:** रिपोर्ट के अनुसार, एमएस धोनी 2024 में सबसे अधिक ब्रांड एंडोर्समेंट पाने वाले भारतीय सेलिब्रिटी हैं। उनके पास कुल 42 एंडोर्समेंट हैं। अमिताभ बच्चन 41 एंडोर्समेंट के साथ सूची में दूसरे स्थान पर हैं, जबकि शाहरुख खान 34 डील के साथ तीसरे स्थान पर हैं। मीडिया रिसर्च यूनाइटेड स्टेट ऑफ अमेरिका के नीलसन और यूके के कैंटर का एक संयुक्त उद्यम है।



## हरभजन सिंह ने रोहित को नंबर 6 पर रखने का समर्थन किया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे टेस्ट के लिए टीम इंडिया की रणनीति पर अपने विचार साझा किए और विश्वास जताया कि कप्तान रोहित शर्मा एडिलेड में अपने खराब प्रदर्शन के बावजूद नंबर 6 पर बल्लेबाजी करना जारी रखेंगे, जहां भारत को 10 विकेट से हार का सामना करना पड़ा था।

रोहित पर्थ में शुरुआती टेस्ट से चूक गए थे, हालांकि एडिलेड टेस्ट में वह प्रभाव छोड़ने के लिए संघर्ष करते रहे, उन्होंने नंबर 6 पर बल्लेबाजी करते हुए दोनों पारियों में सिर्फ 9 रन बनाए। हरभजन को लगता है कि कप्तान के फॉर्म को ध्यान में रखते हुए उन्हें बल्लेबाजी क्रम में ऊपर भेजने की कोई जरूरत नहीं है। हरभजन ने कहा, मुझे नहीं लगता कि बल्लेबाजी क्रम में कोई बदलाव होगा।

हमने कल चर्चा की कि शायद रोहित शर्मा को बल्लेबाजी क्रम में ऊपर आना चाहिए। यहां तक कि (सुनील) गावस्कर साहब ने भी इसका सुझाव दिया था, लेकिन मुझे नहीं लगता कि टीम प्रबंधन इस तरह से सोचेगा। रोहित अभी शानदार फॉर्म में नहीं हैं, तो आप उन्हें बल्लेबाजी क्रम में ऊपर क्यों भेजेंगे? मुझे लगता है कि केएल राहुल और यशस्वी जायसवाल को ओपनिंग जारी रखनी चाहिए, जबकि रोहित मध्य क्रम में बल्लेबाजी करें। बल्लेबाजी क्रम में निरंतरता की वकालत करते हुए हरभजन ने भारत के गेंदबाजी आक्रमण में बदलाव की भविष्यवाणी की।

# मेसी-रोनाल्डो और फैंस के लिए बुरी खबर

### पुरुषों की फीफ-प्रो विश्व एकादश में नहीं बना पाए जगह



**हूफडॉर्प (नीदरलैंड), एजेंसी।** 37 साल के मेसी एमएलएस में इंटर मियामी के लिए खेलते हैं जबकि 39 वर्षीय रोनाल्डो सऊदी प्रो लीग में अल-नासर के लिए खेलते हैं। सर्वकालिक महान फुटबॉल खिलाड़ियों में शामिल लियोनेल मेसी और क्रिस्टियानो रोनाल्डो सोमवार को वैश्विक खिलाड़ियों के संघ फीफप्रो द्वारा घोषित वर्ष की पुरुष विश्व टीम में जगह नहीं बना सके। 37 साल के मेसी एमएलएस में इंटर मियामी के लिए खेलते हैं जबकि 39 वर्षीय रोनाल्डो सऊदी प्रो लीग में अल-नासर के लिए खेलते हैं। अंतिम एकादश के मतदान के लिए चुने गये 26 खिलाड़ियों की सूची में सिर्फ मेसी और रोनाल्डो ही थे जो किसी यूरोपीय क्लब से नहीं जुड़े है। यह 2006 के बाद यह पहली बार है कि इस सूची में मेसी का चयन नहीं किया गया है। अर्जेंटीना के विश्व कप विजेता के नाम 17 बार टीम में चुने जाने के बाद रिकॉर्ड है। रोनाल्डो को 15 बार चुना गया है लेकिन आखिरी बार 2021 में वह इस टीम में शामिल थे।

## एरिना सबालेंका ने डब्ल्यूटीए की साल की सर्वश्रेष्ठ टेनिस खिलाड़ी का पुरस्कार जीता

**सेंट पीटर्सबर्ग (अमेरिका), एजेंसी।** स्टार टेनिस खिलाड़ी एरिना सबालेंका को सोमवार को पहली बार डब्ल्यूटीए की साल की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार मिला। बेलारूस की 26 वर्षीय सबालेंका ने 2024 में दो ग्रैंड स्लैम खिताब जीते और दुनिया की नंबर एक महिला टेनिस खिलाड़ी भी बनीं। टेनिस मीडिया के मतदान के अन्य परिणामों



में ऐमा नवारो को सबसे अधिक सुधार करने वाली खिलाड़ी के रूप में सम्मानित किया गया। पाउला बडोसा को साल में सर्वश्रेष्ठ वापसी करने वाली खिलाड़ी और लुलु सन को साल की सर्वश्रेष्ठ नयी खिलाड़ी चुना गया।

सारा इरानी और जैस्मिन पाओलिनी को साल की सर्वश्रेष्ठ युगल टीम चुना गया। सबालेंका ने 2024 में जनवरी में ऑस्ट्रेलियन ओपन और सितंबर में अमेरिकी ओपन के साथ इस सत्र में दो अन्य खिताब जीते। उनका जीत-हार का रिकॉर्ड 56-14 रहा। उन्होंने लगभग एक करोड़ डॉलर की पुरस्कार राशि जीती। उन्होंने अक्टूबर में ईगा स्वियातेक को पछाड़कर शीर्ष रैंकिंग हासिल की।

## भारत ने मलेशिया पर 5-0 से शानदार जीत दर्ज की

**मस्कट, एजेंसी।** पेनल्टी कॉर्नर विशेषज्ञ दीपिका ने हैट्रिक लगाई, जिससे भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने सोमवार को यहां महिला जूनियर एशिया कप के पूल ए में अपने दूसरे मैच में मलेशिया पर 5-0 की शानदार जीत के साथ अपनी जीत की लय जारी रखी। दीपिका ने 37वें, 39वें और 48वें मिनट में गोल करके हैट्रिक बनाई, जबकि वैष्णवी विट्ठल फाल्के (32') और कनिका सिवाच (38') ने स्कोरशीट में अपना नाम दर्ज किया।

पहले हाफ में गोल रहित रहने के बाद भारत ने आखिरी दो क्वार्टर में लय हासिल की और टूर्नामेंट में अपनी मजबूत फॉर्म को बरकरार रखते हुए आसान जीत हासिल की। ??भारत ने खेल की जोरदार शुरुआत की और गेंद पर अपना दबदबा बनाए रखा, लेकिन गोल करने के कई मौके गंवाए। पहले क्वार्टर के अंत में उन्हें लगातार तीन पेनल्टी कॉर्नर मिले, लेकिन दीपिका के प्रयासों को मलेशिया की गोलकीपर नूर जैनल ने बचा लिया।



## न्यूज बाइट्स

### बंद घर में चोरी मामले में प्राथमिकी दर्ज

**रफीगंज (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** रफीगंज के बड़गांव में बंद घर का ताला तोड़कर ज्ञानती देवी घर चोरों ने हाथ साफ कर दिया। इस मामले में ज्ञानती देवी ने रफीगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी है। उल्लेख किया कि 8 दिसंबर को अपने रिश्तेदार के घर शादी में गई थी। इसी बीच पड़ोस की महिला फोन करके सूचना दी कि आपके घर का मेन गेट का ताला टूटा हुआ है। घर पहुंची तो देखा कि घर का सभी ताला टूटा पड़ा है। साथ ही मेरे तथा मेरे गोतनी का चार बड़ा ट्रंक, एक छोटा बक्सा, तीन अलमीरा, सभी का ताला टूटा हुआ है। तथा सभी सामान बिखरा पड़ा है। मेरे बेटे का कुछ आवश्यक कागजात ,13000 नगद,12 ग्राम सोने का चैन, 7 ग्राम का मांग टीका, 5 ग्राम का बाली, साड़ी, कपड़ा, बर्तन आदि सब गायब है। एक महीना पूर्व भी मेरे घर में डकैती का असफल प्रयास किया गया था। उस वक्त मैं जग गई थी ।और हल्ला करने पर चोर छत से होते हुए भाग गया था। इस मामले में थानाध्यक्ष गुफरान अली ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।तथा मामले की तहकीकात की जा रही है।

### अंबेडकरवादी इंद्रदेव पासवान की पहली पुण्यतिथि मनी

**रफीगंज (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** रफीगंज प्रखंड मुख्यालय स्थित बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा के पास प्रसिद्ध बहुजनवादी एवं अंबेडकरवादी इंद्रदेव पासवान की पहली पुण्यतिथि मनायी गयी। अध्यक्षता शिक्षक सुरेंद्र पासवान एवं संचालन लोजपा के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष विनोद कुमार ने किया। सभी आए वक्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया। उनके कार्यो को बताया। सामाजिक कार्यकर्ता डॉ तुलसी यादव ने बताया कि मगध क्षेत्र के चर्चित समाजसेवी व अंबेडकर विचार से प्रभावित थे। हमेशा अंबेडकर जी के राहों पर चलने का कार्य किया। गांव- गांव घूमकर लोगों को जागरुक करते थे कि शिक्षित बनो संगठित रहो। इस अवसर पर पूर्व उपमुख्य पार्षद हरेंद्र कुमार, सिद्धि यादव, पूर्व पैक्स अध्यक्ष मोहन यादव, सुरेन्द्र पासवान, सीताराम पासवान, विपिन पासवान, सुबोध यादव, राजेश पासवान, लालदेव पासवान, उषा देवी, कमला देवी, गायत्री देवी, बसंत कुमार वर्मा, मथुरा प्रसाद, सरपंच दिनेश सिंह उर्फ पहलवान, राजकुमार यादव, सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### वाणिज्य कर कार्यालय में लगा स्वास्थ्य जागरूकता शिविर

**पटना (नि. सं.)।** अंटा घाट स्थित वाणिज्य कर कार्यालय में आस्था फाउंडेशन की ओर से मधुमेह और दीर्घकालिक बीमारियों के प्रति जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पब्लिक अवेयरनेस फॉर हेल्थफुल एपरोच फॉर लिविंग (पहल) के चिकित्सा निदेशक डॉ. दिवाकर तेजस्वी ने कहा कि मधुमेह, उच्च रक्तचाप, मोटापा और हृदय रोगों को समय रहते पहचानकर और प्रभावी प्रबंधन करके न केवल इनसे बचा जा सकता है।

मंडल कारा में अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

# मानवाधिकारों की रक्षा का प्रखर पहरी बने पारा विधिक स्वयंसेवक : डीएलएसए

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**



औरंगाबाद मंडल कारा परिसर में मंगलवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डीएलएसए) के तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के अवसर पर एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य मानवाधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाना और बंदियों को उनके अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति सजग बनाना था। कार्यक्रम का उद्घाटन डीएलएसए के सचिव सुकुल राम, मंडल कारा अधीक्षक डॉ. दीपक कुमार, पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) विजय कुमार सिंह, मुख्य कानूनी प्रतिरक्षा प्रणाली के प्रमुख योगेश किशोर पांडेय, उप प्रमुख अभिनंदन कुमार, सहायक रंधीर कुमार, पैनल अधिवक्ता अंजनी कुमार सिंह और रौशन कुमार, तथा जेलर सरोज कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में बोलते हुए डीएलएसए के सचिव सुकुल राम ने कहा कि मानवाधिकार भारत की संस्कृति और सभ्यता का हिस्सा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भले ही संयुक्त राष्ट्र संघ ने 10 दिसंबर 1948 को मानवाधिकार दिवस की शुरुआत की हो, लेकिन 'वसुधैव कुटुंबकम्' के सिद्धांत पर आधारित भारतीय समाज ने हमेशा मानवाधिकारों को महत्व दिया है। उन्होंने सामाजिक कुरीतियों का जिक्र करते हुए कहा कि प्रबुद्ध समाज, न्यायपालिका और सरकारों ने मिलकर इन्हें खत्म करने के लिए कई कदम उठाए हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि जरूरतमंद लोगों को उनके अधिकार दिलाने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार हमेशा तत्पर रहेगा। पुलिस उपाधीक्षक विजय कुमार सिंह ने मानवाधिकारों के प्रति पुलिस विभाग की संवेदनशीलता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पुलिस सुधार की दिशा में काम कर रही है ताकि किसी भी व्यक्ति को उसके अधिकारों से वंचित न होना पड़े। उन्होंने बंदियों से अपील की कि अगर किसी के पास अपने निर्दोष होने के सबूत हैं और उनके मामले में आरोप पत्र दायर नहीं हुआ है, तो वे इसे उपलब्ध कराएं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि ऐसे मामलों में कारा मुक्ति सुनिश्चित की जाएगी। मुख्य कानूनी प्रतिरक्षा प्रणाली के प्रमुख योगेश किशोर पांडेय ने बंदियों को अपराध मुक्त समाज के निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बंदियों से अपील की कि वे अपराध को किसी भी रूप में व्यवसाय न बनाएं और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का हिस्सा बनें। पैनल अधिवक्ता अंजनी कुमार सिंह और रौशन कुमार ने बंदियों को उनके अधिकारों और जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किस प्रकार डीएलएसए बंदियों की सहायता कर उनके अधिकार सुनिश्चित करता है। कार्यक्रम का संचालन उप प्रमुख अभिनंदन कुमार ने किया। उन्होंने बंदियों को विधिक सेवा प्रतिरक्षा प्रणाली के महत्व और इससे मिलने वाले लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन जेलर सरोज कुमार ने किया। यह कार्यक्रम बंदियों के बीच जागरूकता फैलाने और मानवाधिकारों के प्रति उनकी समझ को बढ़ाने का एक महत्वपूर्ण कदम था। इस अवसर पर मानवाधिकारों के साथ कर्तव्यों की अहमियत पर जोर दिया गया और समाज में सकारात्मक बदलाव के लिए बंदियों को प्रेरित किया गया। इस तरह के कार्यक्रम समाज में मानवाधिकारों के प्रति जागरूकता लाने और न्याय प्रक्रिया में विश्वास को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाते हैं।

#### जेल अधीक्षक का संदेश

मंडल कारा अधीक्षक डॉ. दीपक कुमार ने संयुक्त राष्ट्र चार्टर के तहत मानवाधिकारों की महत्ता को रेखांकित करते हुए कहा कि अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों का निर्वहन भी जरूरी है। उन्होंने मानवाधिकार दिवस को अपने कर्तव्यों के प्रति प्रतिबद्ध होने का अवसर बताया और बंदियों को आत्म-अनुशासन का संकल्प लेने के लिए प्रेरित किया।

## किशोरी की दुष्कर्म के बाद निर्मम हत्या, परिजनों ने किया हंगामा



**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

औरंगाबाद के माली थाना क्षेत्र के एक गांव में 15 वर्षीया किशोरी के साथ दुष्कर्म के बाद निर्ममता से हत्या किए जाने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। मंगलवार को दोपहर बाद पुलिस के साथ शव का पोस्टमार्टम कराने औरंगाबाद सदर अस्पताल आए परिजनों ने बताया कि बीकू सिंह नाम के एक युवक ने किशोरी के साथ दुष्कर्म किया है। इसके बाद उसने हत्या की है। मामले की प्राथमिकी में परिजनों ने उसे नामजद अभियुक्त बनाया है। परिजनों के मुताबिक आरोपी किशोरी को एकांत में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद गला दबाकर हत्या कर दी। वही मामले की जानकारी मिलते ही परिजन घटनास्थल पर पहुंचे और इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही माली थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। इसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल लाया। वही पुलिस द्वारा पोस्टमार्टम कराने के बाद शव दिए जाते ही परिजन उग्र हो गए और उनके द्वारा आरोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर शहर के रमेश चौक पर किशोरी के शव को रखकर सड़क जाम कर दिया गया। साथ ही परिजन और उनके साथ आए ग्रामीण सड़क पर ही रोषपूर्ण प्रदर्शन करने लगे। इससे शहर के रमेश चौक के चारो ओर आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया। इस दौरान परिजनों ने कहा कि दुष्कर्म के दौरान किशोरी के अंतरंग अंगों को काफी बर्बरतापूर्ण तरीके से क्षति पहुंचाई गई है। आरोपी युवक की तत्काल गिरफ्तारी होनी चहिए। प्रदर्शन और जाम की सूचना मिलते ही औरंगाबाद नगर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। लोगों को समझा-बुझा कर कार्रवाई का आश्वासन देकर जाम हटवाया।

## सांसद ने लिखा रेल राज्यमंत्री को पत्र, औरंगाबाद-बिहटा रेललाइन का काम कराने की मांग

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

काराकाट के सांसद राजाराम सिंह ने क्षेत्र की रेल सेवाओं में सुधार और सुविधाओं के विस्तार के लिए रेल राज्यमंत्री को एक विस्तृत पत्र लिखकर कई महत्वपूर्ण मांगों को रखा है। सांसद ने इन मांगों को प्राथमिकता देते हुए रेलवे से संबंधित प्रोजेक्ट्स और सेवाओं के शीघ्र क्रियान्वयन की उम्मीद जताई है। सांसद ने पत्र में औरंगाबाद-बिहटा रेल लाइन के निर्माण कार्य को शीघ्र शुरू कराने की मांग की है। उन्होंने इस परियोजना के बजटीय प्रावधानों का सख्ती से अनुपालन कराने की आवश्यकता पर बल दिया। यह रेल लाइन क्षेत्र के यातायात और आर्थिक विकास के लिए बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है। राजाराम सिंह ने डालमियानगर-डिहरी में प्रधानमंत्री और अन्य नेताओं द्वारा घोषित रेल कारखाने के निर्माण कार्य में तेजी लाने की मांग की है। उन्होंने इसे क्षेत्र के रोजगार और औद्योगिक विकास के लिए एक मील का पत्थर बताया। डेहरी में रेल ओवरब्रिज के गुणवत्तापूर्ण निर्माण की मांग करते हुए उन्होंने इसे स्थानीय लोगों के आवागमन के लिए जरूरी बताया। साथ ही, उन्होंने कोरोना महामारी के दौरान बंद की गई ट्रेनों का ठहराव पुनः बहाल करने की बात कही। उन्होंने इस ठहराव को पुराने निर्धारित समय और स्थान पर सुनिश्चित करने पर जोर दिया। सांसद ने डिहरी शहर के ऐतिहासिक महत्व और बढ़ते यात्री फुटफॉल को ध्यान में रखते हुए कई महत्वपूर्ण ट्रेनों जैसे 11427/28, 12937/38, 11357/58, 12349/50, 20887/88, 12323/24, 22499/500, 18427/28 और 12371/72 का ठहराव डिहरी स्टेशन पर सुनिश्चित कराने की मांग की है। उन्होंने अंकोरहा स्टेशन पर भी पलामू एक्सप्रेस (13347/48) और रांची-वाराणसी इंटरसिटी एक्सप्रेस का ठहराव कराने की आवश्यकता पर बल दिया। यह स्टेशन एनटीपीसी के दो बड़े थर्मल प्रोजेक्ट्स और आसपास की बड़ी आबादी के लिए महत्वपूर्ण है।

## अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार पर कार्यक्रम का आयोजन

**पटना (नि.सं.)।** अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर मंगलवार को ऑल इंडिया ह्यूमेन राइट्स एनवायरोमेंट एनिमल प्रोटेक्शन एवं ऑर्गेनाईजेशन एवं पारिजात लॉ एंड एसोसिएट्स द्वारा कृष्णनगर में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अधिवक्ता जितेंद्र कुमार राय ने कहा कि हमें अपने अधिकारों का जानना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि हमारे अधिकारों में शिक्षा, कार्य, भोजन, स्वास्थ्य आदि शामिल हैं। उन्होंने कहा कि समाज, जाति भाषा को लेकर हमें किसी से भेदभाव नहीं करना चाहिए। कार्यक्रम में मनोज कुमार, साकेत कुमार, बिंदु सिंहा, निशंत कुमार, पवन कुमार, महबूब आलम आदि लोग शामिल हुए।

## देव संस्कृति विश्वविद्यालय की छात्राओं ने अनुग्रह मध्य विद्यालय में लगाया योग व जीवन प्रबंधन की कक्षाएं

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**



औरंगाबाद शहर के राजकीय अनुग्रह मध्य विद्यालय में मंगलवार को आज देव संस्कृति विश्वविद्यालय, हरिद्वार से आई छात्राओं ने बच्चों के लिए योग, ध्यान, प्राणायाम और जीवन प्रबंधन पर विशेष कक्षाएं आयोजित कीं। सामाजिक परिवीक्षा प्रोजेक्ट के तहत छात्राओं ने बच्चों को उनके सफल जीवन के लिए कई अहम् टिप्स दिए। कार्यक्रम का संचालन एमएससी योग की छात्रा दीक्षा सिंह और बीएससी योग की छात्राएं प्रणिता चौहान एवं प्रज्ञा बर्मिया ने किया। उन्होंने बच्चों को योगासन और प्राणायाम का महत्व समझाते हुए मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए इनका नियमित अभ्यास करने की सलाह दी। विद्यालय के प्रधानाध्यापक उदय कुमार सिंह ने इस पहल का स्वागत करते हुए आयोजन को सफल बनाने में पूर्ण सहयोग दिया। कार्यक्रम के समन्वयक संतोष कुमार दुबे ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य सरकारी स्कूलों में और ग्रामीण क्षेत्र में योग और जीवन प्रबंधन के महत्व को प्रचारित करना है। संतोष दुबे ने हेडमास्टर उदय कुमार सिंह से प्राप्त सहयोग के प्रति आभार जताया।

## खेलो इंडिया के तहत रफीगंज में खेल परिसर निर्माण आरंभ



**निज संवाददाता | रफीगंज(औरंगाबाद)**

रफीगंज के चौबड़ा पंचायत के चौबड़ा खेल मैंदान में खेलो इंडिया कार्यक्रम के तहत खेल सुविधा के लिए संरचना का शुभारंभ किया गया। सहायक अभियंता संजय गांधी ने बताया कि ग्रामीण विकास विभाग (मनरेगा) द्वारा पुरे बिहार के सभी पंचायत मे खेल सुविधा के लिए लगभग 10 लाख रुपए की लागत से विभिन्न खेल का संरचना बनाया जा रहा है। जिसके तहत चौबडा मे शुभारंभ किया गया। जिसमें बाली -बाल, बैड मिन्टन, खो-खो ,बास्केट बाल, कबड्डी, हाई जम्प, रनिंग जम्प आदि का संरचना बनायी जायेगी। मुखिया संजय कुमार ने कहा कि पंचायत के बच्चो को खेलने के लिए अब बाहर नही जाना पडेगा। और इस खेल सुविधा से कई खेल का प्रतिभा शाली खिलाडी क्षेत्र मे ही मिलेगे। इस अवसर पर कार्यक्रम पदाधिकारी मिलन कुमार, कनीय अभियंता सुरेश कुमार, तकनीकी सहायक मोसरफ अली, उप सरपंच मासीद खां, वार्ड सदस्य जैनन रजक, चंन्द्रेश्वर आजाद, सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## जम्होर थाना कांड : अपहरण के मामले में कोर्ट ने चार अभियुक्तों को सुनाया उम्रकैद

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**



औरंगाबाद व्यवहार न्यायालय के अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश(एडीजे)-5 उमेश प्रसाद की अदालत ने मंगलवार को जम्होर थाना कांड संख्या-101/95, एसटीआर-288/96 में सज़ा के बिंदु पर सुनवाई करते हुए 03 दिसंबर को दोषी ठहराए गए चार अभियुक्तों को उम्रकैद की सजा सुनाई। एपीपी शिवपूजन प्रजापति ने बताया कि अभियुक्त रामवचन पाल, अनील सिंह, राजेश पासवान और मुनारिक राम को भादंवि धारा 364/ए में हत्या के इरादे से अपहरण में उम्रकैद की सजा और दस हजार रुपए जुर्माना लगाया है। जुर्माना न देने पर साल भर अतिरिक्त कारावास होगी। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि मामले की प्राथमिकी बतौर सूचक गुप्तेश्वर सिंह ने 24 जुलाई 1995 को दर्ज कराई थी। कहा था कि महथु में ईट-भट्ठा की देखभाल उनका लड़का उमेश कुमार करता था। एक आदमी ने भट्ठा पर आकर कहा कि ओबरा थाना के छोटा बाबू बुला रहे हैं। हम अपने लड़के के साथ सरसौली गांव पहुंचे तो एक जीप पीछे से आई और अभियुक्तों ने दौड़कर हमलोगों को पकड़ लिया। फिर हाथ पीछे से बांध कर कहा कि आपसे पैसा मांगे थे, क्यों नहीं दिया। साथ ही मारपीट करते हुए एक कागज पर लिखवाकर लिया कि 24 घंटे के अंदर 50 हजार रुपए अभियुक्तों को नहीं दिया तो उमेश कुमार के मौत के जिम्मेदार गुप्तेश्वर सिंह होंगे। गुप्तेश्वर सिंह ने काफी डरे सहमे हुए हालत में इसकी लिखित जानकारी थाना को दी।मामले में कोर्ट ने 03 दिसंबर को सभी अभियुक्तों को बंधपत्र विखंडित कर जेल भेज दिया था। अभियुक्तों पर आरोप गठन 20 अप्रैल 1997 को हुआ था। इस वाद के एक अन्य अभियुक्त कपूर धोबी देवरिया की मृत्यु हो गई है तथा एक अभियुक्त रामवचन सिंह का वाद पृथक चल रहा है।

## पटना में युवक पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला, इलाज के दौरान मौत



**निज संवाददाता | पटना**

पटना के मसौढ़ी थाना क्षेत्र में अपराधियों ने सोमवार देर रात एक युवक पर चाकू से हमला कर दिया। वारदात के बाद मौके से फरार हो गए। आनन-फानन में स्थानीय लोगों ने अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना चारमोहानी के पास की है। प्रेम-प्रसंग में हत्या की आशंका जताई जा रही है। मर्डर का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। जिसमें 3 अपराधी युवक को घेरकर चाकू मारते हुए दिखाई दे रहे है। मृतक की पहचान मसौढ़ी बाजार निवासी सन्नी कुमार(19) के तौर पर हुई है। सन्नी श्रृंगार की दुकान में काम करता था। दुकान से घर लौटते समय घात लगाकर अपराधियों ने घटना को अंजाम दिया। मसौढ़ी पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी नव वैभव ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला जा रहा है। हर एंगल से मामले की छानबीन की जा रही है। प्रेम-प्रसंग के एंगल से भी जांच की जा रही है।

## स्टार्ट अप सेल द्वारा स्टार्ट अप आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

राजकीय अभियन्त्रण महाविद्यालय औरंगाबाद के स्टार्टअप सेल एवं बिहार सरकार उधोग विभाग औरंगाबाद के सहयोग से इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में स्टार्टअप जागरूकता आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि राजकीय अभियन्त्रण महाविद्यालय के स्टार्टअप सेल इंचार्ज, उधोग विभाग के महाप्रबंध कमो. अफ्फान, एवं अभियन्त्रण महाविद्यालय औरंगाबाद के छात्र अनुराग जिन्हें बिहार सरकार से स्टार्टअप सीड फण्ड प्राप्त हो चुका है, सम्मिलित हुए।

उधोग विभाग के महाप्रबंधक मो. अफ्फान ने बिहार सरकार के स्टार्टअप एवं उधमी योजनाओं के बारे में छात्रों को जानकारी दी और गाबाद स्टार्टअप सेल के इंचार्ज ने बताया कि स्टार्टअप देश की जरूरत है, और विकसित भारत के संकल्प में स्टार्टअप की सबसे बड़ी भूमिका रहेगी। वही डैशस्टीम स्टार्टअप के फाउंडर सह महाविद्यालय के कंप्यूटर विभाग के छात्र अनुराग ने अपनी स्टार्टअप जर्नी को छात्रों के समक्ष रखा।

## शब्बीर अंसारी जदयू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के बने प्रदेश महासचिव

**निज सं. | रफीगंज(औरंगाबाद)**

जदयू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अशरफ अंसारी द्वारा रफीगंज निवासी अधिवक्ता मो. शब्बीर अंसारी को जदयू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव बनाए जाने पर स्थानीय लोगों के बीच खुशी का माहौल है। कहा कि पुराने और जुझारु कार्यकर्ता को उचित सम्मान मिला है। इससे पूरे प्रदेश में अल्पसंख्यकों के बीच पार्टी को और मजबूती मिलेगी। मो. शब्बीर अंसारी के सम्मान में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। इनके प्रदेश महासचिव बनाए जाने से अल्पसंख्यकों के बीच पार्टी मजबूत होगी। मो. नसीम अहमद कमाल, महेन्द्र प्रसाद, मो. फारुक अंसारी, मो. नेयाज अशरफी, मो. फारुक आजम, मो. सरफराज अंसारी, अमीन अफरीदी, जावेद अख्तर, नदीम अंसारी, विजय कुमार अधिवक्ता, इम्तेयाज अंसारी सहित अन्य लोगो ने बधाई दिया है।

बिहार सरकार
कृषि विभाग

दलहन फसल में कीट की पहचान एवं प्रबंधन

**कजरा कीट (कटवर्म)** इस कीट का पिल्लू काले–भूरे रंग का 3–4 सेमी० लम्बा होता है। यह कीट रात भर सक्रीय रहकर अंकुरित हो रहे बीज को क्षतिग्रस्त करते हैं एवं नवांकुरित पौधों को जमीन की सतह से काट कर गिरा देते हैं।



**प्रबंधन:-**
(क) क्लोरोपायरीफॉस 20 प्रतिशत ई०सी० का 6 मिली० / किग्रा० की दर से बीजोपचार करें।
(ख) खड़ी फसल में क्लोरोपयरीफॉस 20 प्रतिशत ई०सी० का 2–5 मिली० / लीटर पानी की दर से छिड़काव करें।

**जाला कीट (लूसर्न कैटर पीलर)** इस कीट का पिल्लू पीले–हरे रंग का लगभग 2 सेमी० लम्बा होता है, जो पत्तियों को जाल बनाकर बाँध देता है एवं हरितमा को खाता है।



**प्रबंधन:-**
(क) खेत को खरपतवार से मुक्त रखें।
(ख) जैव कीटनाशी बैसिलस थूरिनजिएन्सिस का 1 ग्राम / लीटर पानी की दर से छिड़काव करें।
(ग) इमामेक्टीन बेन्जोएट 5 प्रतिशत एस०जी० का 200–250 ग्राम या फ्लुबेंडियामाइड 39.35 प्रतिशत एस०सी० का 100 मिली० प्रति हेक्टेयर की दर से 400–500 लीटर पानी मे मिलाकर फसल पर छिड़काव करें।

संयुक्त निदेशक, पौधा संरक्षण
बिहार, पटना।

PR-14402 (Agriculture) D. 2024-25